धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
28.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 227 | 06 | एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट



न्यूज डायरी

### पूर्व बाल संरक्षण पदाधिकारी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू बालिका गृह यौन शोषण कांड में पुलिस ने पूर्व बाल संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत केडी पासवान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हें पलामू के हैदरनगर स्थित आवास पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। गुरुवार को गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### थाना के सामने दो सांसद धरना पर बैठे

रामगढ़। प्रतिमा विसर्जन के दौरान निकाली गयी शोभा यात्रा में हुई पत्थरबाजी की घटना में शामिल दोषियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होने के विरोध में गुरुवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल कार्यकर्ताओं के साथ रामगढ़ के गोला थाना के गेट के सामने धरना दिया।

### महिला सुरक्षा कानूनों पर अमल जरूरी: चंद्रचूड़

**मुंबई।** पुणे बस दुष्कर्म मामले पर हंगामे के बीच भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को 2012 के निर्भया कांड को याद किया और कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों को केवल कानून बनाने से नहीं बल्कि उनके उचित कार्यान्वयन से रोका जा सकता है। पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए महिलाओं के लिए बनाये गए कानूनों का उचित क्रियान्वयन आवश्यक है।

विपक्ष निकम्मा, बालू, सीमेंट से नाता- सदन में बोले सीएम

# नहीं चलेगी दबंगई, हर बॉल पर मारेंगे छक्का

## विपक्ष का वॉक आउट : बालू, पेपर लीक और स्वास्थ्य पर गरमाया सदन

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधान सभा बजट सत्र में गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा, निकम्मी विपक्ष सामने बैठी है। इनमें से सभी का बालू और सीमेंट से नाता रहा है। ये गरीबों के लिए नहीं, अपने लिए काम करते हैं। इनको फ्री में बालू चाहिए, नहीं देंगे। उन्होंने विपक्ष को निकम्मा बताया और कहा कि वे चतुर चालाक हैं और भेड़िये की छाल में ओढ़े हुए हैं। हमारी सरकार ने विपक्ष के षड्यंत्र के बावजूद कई महत्वपूर्ण काम किये हैं। अब विपक्ष की दंबगई नहीं चलेगी। इनका सूर्यास्त हो गया है। इनके षडयंत्र के बावजूद हमने इतना काम किया है, कि ये नीचे आ गये और हम काफी ऊपर। हमलोग बोलने में नहीं, काम करने में विश्वास करते हैं। अभी तो शुरूआत है। इन्हें अगले पांच साल तक विपक्ष में रहना है। विपक्ष के हर बॉल पर छक्का मारेंगे। सीएम गुरुवार को सदन में राज्यपाल के



अभिभाषण पर दिये धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे।

**विपक्ष का वाकआउट :** सीएम के जोरदार प्रहार के बाद विपक्षी विधायकों ने सदन से वॉक आउट कर दिया। इसके बाद सीएम ने भी बोलना बंद कर दिया और कहा कि किसे जवाब दें। सुननेवाले तो नौ दो ग्यारह हो गये। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि ऐसे में उनके भाषण को पढ़ा हुआ मान लिया जाये।

### राज्य को कीचड़ से हमने निकाला

श्री सोरेन ने कहा कि विपक्ष ने राज्य को कीचड़ में धकेल दिया था, हमने बाहर निकाला है। इन्हें सरकार का कोई काम अच्छा नहीं लगता। ये सिर्फ अपने फायदे की बात करते हैं। परंतु सरकार हाशिये पर खड़ी लोगों की बात करती है। पासिंग-पासिंग पर सीएम ने कहा कि अगर ऐसा कोई आदेश निकाला गया है तो आदेश निकालनेवाले अधिकारी पर जरूर कार्रवाई होगी। सीपी सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि आपकी मुसिबतें बढ़नेवाली है।

**अफवाहों का दिया जवाब :** सीएम हेमंत सोरेन ने अपने स्वास्थ्य को लेकर उड़ रही अफवाहों पर कहा- मैं पिता के स्वास्थ्य को लेकर अस्पताल में था। मास्क लगाकर आता-जाता था। रास सांसद महुआ मांजी को देखने को भी मास्क लगाकर गया था। इस पर विपक्ष के लोग बोलते हैं कि मुझे कैंसर हो गया है? लंग्स में प्रॉब्लम है। सरकार दो साल तक कोई काम नहीं करेगी, दो साल बाद ही काम शुरू करेगी। इस तरह की बातों को षडयंत्र के तहत फैलाया जा रहा है। सीएम ने कहा, उनकी सरकार ने विपक्ष के षड्यंत्र के बावजूद कई महत्वपूर्ण काम किये हैं। 5 साल में झारखंड को नया रिम्स मिलेगा। एक और मेडिक लॉलेज मिलेगा। झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां जनता के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था है।

### केंद्र पर भी बोला हमला

सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के खिलाड़ियों के साथ भेदभाव करती है। बजट में गुजरात को 30 प्रतिशत दिया जाता है, जबकि झारखंड को मात्र 20-30 करोड़ दिया जाता है। इसके बावजूद हम घबराने वाले नहीं हैं। सीएम ने कहा कि हमलोग बोलने में नहीं काम करने में विश्वास करते हैं।

# पूर्व सीएस एल खियांग्ते बने जेपीएससी के अध्यक्ष

## नियुक्ति प्रक्रिया में आयेगी तेजी, 11वीं का रिजल्ट अब शीघ जारी होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्य सचिव एल खियांग्ते को जेपीएससी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। राज्य सरकार ने एल खियांग्ते के नाम का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर तत्काल निर्णय लेते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को इस पर मुहर लगा दी। राज्यपाल ने इस नियुक्ति के साथ आशा व्यक्त किया है कि इससे राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया तेज होगी और आयोग द्वारा सभी परीक्षाओं का संचालन निर्धारित



कैलेंडर के अनुसार समयबद्ध और सुचारू रूप से होगा। इसके अलावा, उन्होंने उम्मीद जतायी कि आयोग की कार्यप्रणाली में गति और पारदर्शिता आयेगी।

उल्लेखनीय है कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद छह माह से खाली था। 22 अगस्त 2024 को डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा के रिटायर होने के बाद जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई थी। तभी से जेपीएससी अध्यक्ष पद की तलाश शुरू कर दी गयी थी। छात्र संगठन भी राज्यपाल और सीएम से मिलकर जेपीएससी अध्यक्ष के नियुक्ति की मांग कर रहे थे। लंबे इंताजर के बाद जीपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गयी।

### पेपर लीक : रिमांड पर छह अभियुक्त पुलिस अब हर राज उगलवाने में जुटी

**रांची।** मैट्रिक प्रश्नपत्र लिक मामले में गिरिडीह से गिरफ्तार छह अभियुक्तों को कोडरमा की पुलिस ने रिमांड पर ले लिया है। रिमांड की अवधि तीन दिनों की है। इन अभियुक्तों से एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और उनकी टीम ने पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ हर एक बिंदु पर हो रही है। पूछताछ में कई खुलासे हो सकते हैं। पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस सबसे पहले यह जानकारी इकट्ठा करने में जुटी है कि आखिर इन्हें पता कैसे चला कि प्रश्न पत्र कहां उतरेगा और कहां रखा जायेगा। पुलिस यह भी पता कर रही है कि प्रश्न पत्र की चोरी करने और फिर उसे बेचने, वायरल करने में और कौन-कौन सहयोगी शामिल हैं। इस अति गोपनीय कार्य की सूचना इन्हें किसने दी थी। कोडरमा एसडीपीओ ने कहा कि हरेक बिंदु का ख्याल रखा जा रहा है। जो भी दोषी होंगे गिरफ्तार होंगे।

### टनल से लोगों को निकालने में पानी-मलबा बड़ी समस्या

**नगरकुरनूल।** तेलंगाना के श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निमार्णाधीन खंड की छत का एक हिस्सा ढह जाने टनल के अंदर फंसे आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम जारी है। पिछले 6 दिन से टनल के अंदर फंसे इसमें झारखंड के भी चार मजदूर फंसे हुए हैं। गुरुवार से राहत कार्यों में और तेजी लायी गयी। पानी और मलबा बचाव अभियान में रूकावटें पैदा कर रही हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में सेना, नौसेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिंगरेनी, बीआरवीओ, एनजीआरआई, जीएसआई और एलएंडटी लगातार मदद कर रहे हैं। सुरंग में प्रति मिनट पांच हजार लीटर पानी आने की वजह से आसपास कीचड़ और पत्थर जमा हो गये हैं। इस वजह से बचाव दल को ऑपरेशन को तेजी से आगे बढ़ाने में परेशानी हो रही है।



# सत्ता पक्ष के वॉल पर विधानसभा से आउट हो गयी विपक्ष

## बालू, धान, पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर गरमाया सदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदर में बुधवार को धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया। झामुमो के वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इसके बाद इस पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा के दौरान बालू, स्वास्थ्य, भ्रष्ट्राचार, पेपर लीक, जेपीएससी और मइंया सम्मान योजना पर विपक्ष ने सरकार को घेरने का प्रयास किया। परंतु सरकार ने विपक्ष को अपने जवाब से चारो खाने चित्त कर दिया। प्रस्तुत है खबर मन्त्र की लाइव रिपोर्ट

**चौकीदार के रहते चोरी हो रही है :** बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने विपक्ष पर तंज करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के प्रधानमंत्री को चौकीदार बना दिया। चौकीदार के सामने चोरियां होती रही और भाजपा के लोग देखते रहे। उन्होंने नीरव मोदी से लेकर कई लोगों की चर्चा की। इस पर विपक्ष ने कहा कि बात झारखंड की हो रही है और हमारे माननीय विधायक केंद्र में चले जा रहे हैं। मोहंती ने कहा कि झारखंड सरकार ने 403 करोड़ कृषि दिन माफ किया।





### बाबूलाल का धान खरीद और भ्रष्ट्राचार पर हमला

सदन में बाबूलाल मरांडी ने बालू घाट की नीलामी मइंया योजना धान की खरीद और भ्रष्टाचार पर बात की। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि इंद्रदेव मुंडा को जमीन का म्यूटेशन करने के लिए को 20 लाख रुपया मांग रहे हैं। सरकार उनका म्यूटेशन करने के बजाये अदालत में अपना पक्ष रख रही है। उन्होंने मइंया योजना की तरह राज्य की विधवा और दिव्यांगों को भी ?2500 देने की मांग की। बालू पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बालू का 5 साल में टेंडर फाइनल नहीं हुआ।

**सरकार किसान-मजदूरों के लिए काम कर रही है :** निरसा के विधायक रूप चटर्जी ने कहा कि झारखंड की सरकार किसान मजदूर और आम आदमी के हित में काम कर रही है। उन्होंने कृषि ऋण माफी बिजली बिल माफी और मइंया सम्मान योजना पर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि 5 साल में 50 फीसदी मछली का उत्पादन बड़ा है। चटर्जी ने राज्य सरकार से पीएसयू में झारखंड के लोगों को नौकरी दिलाने की मांग की।

**कच्चे डैम बने, ताकि किसानों को फायदा मिले :** चतरा के विधायक जर्नादन पासवान ने कहा कि वह लोजपा के इकलौता विधायक हैं। यहां सदन में बैठे सभी लोग किसानों की हित की बात करते हैं। परंतु योजनाएं उनके लिए नहीं बनती। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि सरकार किसानों के लिए कच्चे बांध की योजना बनाये, ताकि राज्य के किसानों को उसका लाभ मिल सके। चतरा के कई डैमों का जिक्र करते हुए कहा कि पईन नहीं होने के कारण डैम का पानी किसानों की खेतों तक नहीं पहुंच रहा है।

**...तो विधायकी से इस्तीफा दे देंगे :** गढ़वा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी बालू और स्वास्थ्य सेवा को लेकर सदन को गरमा दिया। उन्होंने कहा कि जेएसएमडीसी ने 2019 के बाद अब तक बालू का टेंडर नहीं किया है। सफेद पोश और अधिकारी मिलकर राज्य को लूट रहे हैं। इसके मेर पास प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा के मरीज को सीधा रिम्स नहीं भेजा जाता है। मरीज के साथ फुटवॉल की तरह पासिंग-पासिंग खेला जाता है। इस पर मंत्री इरफान गरम हो गये और सदन भी गरमा गया। बोलते-बोलते तिवारी यहां तक बोल गये कि वह झूठ नहीं बोलते हैं। अगर उनकी बातें झूठ निकली तो विधायकी से इस्ती फा दे देंगे।

### राजेश कच्छप ने केंद्र को आडे हाथों लिया



कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया और 136 करोड़ से लेकर मनरेगा और विधवा पेंशन में सरकार की भागीदारी नहीं देने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का अपेक्षित सहयोग राय सरकार को नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार ने अब तक जो कुछ भी किया है अपने बलबूते किया है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आस्था जताते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है।

### ....और संजय यादव ने आसन से माफी मांग ली



गोड्डा के विधायक संजय यादव को भी अपनी बात रखने का मौका मिला था। परंतु उन्होंने तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए अपनी बात पर विराम लगा दिया और आसान से माफी मांग ली।

## जल्द ही मदरसा बोर्ड का गठन किया : मंत्री

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को सदन में विधायक प्रदीप यादव ने मॉब लिंचिंग बिल को सदन में फिर से रखने और ऊर्दू, अरबी व फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की मांग उठायी। इस पर मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि सरकार शेख भिखारी के नाम से अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना पर विचार कर रही है। जल्द ही मदरसा बोर्ड का भी गठन किया जायेगा। अल्पसंख्यों के एमएसडीपी योजना के तहत पांच साल तक एक भी योजना नहीं लेने के सवाल पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि कोरोना और राजनीतिक अस्थिरता के दौर के कारण इसकी बैठक नहीं हो पाई। 3 मार्च को इसकी बैठक होगी। आमिल-फाजिल को रांची यूनिवर्सिटी से जोड़ने का काम किया जा रहा है। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में 20 हजार से भी अधिक बुनकर हैं, इन्हें भी आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। गरीब मुस्लिम को भी पट्टा मिलना चाहिए। इस पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ मुस्लिम ही नहीं होता।

# कैग रिपोर्ट में खुलासा: निर्माण कर्मकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य में भारी कमी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन वित्त मंत्री ने कैग की रिर्पोट सदन में पेश की। रिर्पोट के अनुसार झारखंड में निर्माण कर्मकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के मामले में कई कमियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चार नमूना जॉचित जिलों में 24 निर्माण स्थलों का संयुक्त भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें पाया गया कि केवल 15 प्रतिशत कर्मकार ही बोर्ड के साथ पंजीकृत थे। रिपोर्ट में पाया गया है कि 220 कर्मकारों में से केवल 34 कर्मकारों को बोर्ड के साथ पंजीकृत पाया गया। शेष कर्मकार अपंजीकृत पाये गये और उन्हें बोर्ड द्वारा संचालित किसी भी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि कर्मकारों को आवश्यक सुविधायें नहीं मिल रही हैं। निर्माण स्थलों पर कर्मकारों को उचित सुरक्षा सामग्री नहीं मिल रही है। रिपोर्ट में पाया गया है कि झारखंड नियमावली के नियम 47 और 55 के अनुसार नियोक्ताओं से यह अपेक्षा की गई थी कि कर्मकार निर्माण कार्य करते समय सुरक्षा जूते, जलरोधक जूते-कोट, हेलमेट, जैकेट आदि जैसे उपयुक्त सुरक्षा सामग्री पहनें।लेकिन, लेखापरीक्षा दल ने पाया कि कर्मकारों को उचित सुरक्षा सामग्री नहीं मिल रही है।



**शौचालय और आवास की कमी :** रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि निर्माण स्थलों पर शौचालय और आवास की कमी है। बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 33 में प्रावधानित है कि भवन या अन्य निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहां पर नियोक्ता पर्याप्त शौचालय और मूत्रालय उपलब्ध करायेगा। लेकिन, लेखापरीक्षा दल ने पाया कि दौरा किये गये किसी भी निर्माण स्थल पर शौचालय नहीं पाये गये।

**अस्थायी आवास की कमी :** रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि निर्माण स्थलों पर अस्थायी आवास की कमी है। बीओसीडब्ल्यू अधिनियम की धारा 34 में प्रावधानित है कि नियोक्ता सभी निर्माण कर्मकारों को अस्थायी आवास निःशुल्क प्रदान करेगा। लेकिन लेखापरीक्षा दल ने पाया कि दौरा किये गये 24 स्थलों में से केवल चार स्थलों पर निर्माण कर्मकारों के लिये अस्थायी आवास पाये गये।

### यूएलबी और स्थानीय निकायों ने उपकर की राशि जमा नहीं की

झारखंड में उपकर संग्रहण में अनियमिततायें हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार पांच शहरी स्थानीय निकायों ने निर्माण गतिविधियों पर 24.18 करोड़ की राशि का उपकर संगृहीत किया था। लेकिन उन्होंने मार्च 2022 तक बोर्ड के खाते में राशि जमा नहीं की थी। 26 स्थानीय निकायों ने उनके द्वारा की गई निर्माण गतिविधियों पर 10.33 लाख की राशि का उपकर संगृहीत किया था। लेकिन उन्होंने मार्च 2022 तक राशि जमा नहीं की थी। उन्होंने कहा कि बोर्ड के बैंक खाते की जानकारी और विवरण के अभाव में राशि जमा नहीं की गई थी। बोर्ड ने उपकर संग्रहण प्राधिकारियों द्वारा संगृहीत उपकर का आवधिक अभिलेख और विवरणियां प्राप्त करने के लिए कोई तंत्र विकसित नहीं किया था। राज्य सरकार ने बोर्ड को उपकर की राशि का अंतरण नहीं किया है। इसके अलावा, बोर्ड ने उपकर की राशि का संग्रहण करने वाले अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित नहीं किया है। राज्य सरकार ने 658.67 करोड़ की उपकर राशि बोर्ड को अंतरित नहीं की।

## बजट सत्र के तीसरे दिन : 5508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक पेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में सरकार ने तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। गुरुवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में कुल 5508 करोड़ का अनुपूरक पेश किया। सदन में पेश तृतीय अनुपूरक में सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग को 971.80 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता को 176.48 लाख, पशुपालन प्रभागद्ध को 241.34 लाख, भवन निर्माण विभाग को 5000 लाख, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को 612.62 लाख, उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग को 180.75 का प्रावधान किया गया है। वित्त विभाग को 10471.61 लाख, पेंशन मद में 50,000 लाख, वाणिज्य कर विभाग को 50 लाख, खाद्य एवं जन वितरण एवं उपभोक्ता मामले को 74 लाख, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 16137.95 लाख, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 14289.39 लाख, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को 150 लाख उद्योग विभाग के लिये 274.54 लाख का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी शिक्षा विभाग को 18850.43 लाख एवं प्राथमिक एवं बजट शिक्षा प्रभार को 39293.50 लाख, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 26668.69 लाख और ग्रामीण कार्य विभाग को 87329 लाख का प्रावधान किया गया है।

**सदन में सीएजी की रिपोर्ट पेश :** बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भारत के नियंत्रक महालेखाकार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित प्रतिवेदन पेश किया। इसे सदन की मंजूरी प्रदान की गई।

# झारखंड बन चुका है तुष्टिकरण की प्रयोगशाला : भाजपा

## अजय शाह ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो की तुष्टिकरण नीति से झारखंड में बढ़ रही अराजकता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने हजारीबाग जिले के इचाक में महाशिवरात्रि के दिन हुई हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी प्रवक्ता अजय साह ने इस घटना के लिये राज्य सरकार को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह हिंसा सिर्फ एक दिन की घटना नही है। बल्कि पांच वर्षों की सोच है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह तुष्टिकरण की वही राजनीति है। इसकी नींव कांग्रेस ने स्वतंत्रता से पहले ही रख दी थी और अब झारखंड इस नीति का प्रयोगशाला बन चुका है।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झामुमो की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति विभिन्न रूपों में राज्य में दिख रही है। बड़े पैमाने पर धर्मांतरण को बढ़ावा देना इसी नीति का हिस्सा हैं। उन्होंने 2022 में रांची में हुये दंगे का उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी में दिनदहाड़े उपद्रव हुआ था। लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि उसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की नीतियों ने झारखंड में अल कायदा जैसे आतंकी संगठनों को पैर पसारने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार के किसी भी मंत्री ने डॉ इश्तियाक अहमद के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जो राज्य में अल कायदा को बढ़ावा देने की वजह से गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने हजारीबाग की हिंसा को लेकर जहां दोषियों की पहचान स्पष्ट हो चुकी है, वहां भी सरकार के एक मंत्री हिंदू समाज को परोक्ष रूप से धमकाने का प्रयास कर रहे हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: एम-41-आर2-ईटीपी-डब्ल्यूआरपी-एमओसी-49, दिनांक 26.02.2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **कार्य का विवरण:** तीन वर्ष की अवधि के लिए हटिया में एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (1 अदद), यंत्रचालित लॉण्ड्री के वाटर रि-साइक्लिंग प्लांट (2 अदद) का परिचालन एवं रखरखाव । **कार्य का अनुमानित मूल्य (जीएसटी सहित):** रु. 47,95,211.64, **बयाना राशि :** रु. 95,900/-, **ई-निविदा की अंतिम तिथि व समय:** 20.03.2025 को 11.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (PR-1189)


# न तो आप विद्वान हैं, न हिटलर : इरफान

## स्वास्थ्य मंत्री का विधायक सीपी सिंह पर तीखा हमला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर जोरदार हमला बोला। मंत्री अंसारी ने सीपी सिंह की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दो टूक कहा कि आप न तो कोई बड़े विद्वान हैं और न ही हिटलर, जो हर मुद्दे पर अपनी टांग अड़ाते हैं। मंत्री अंसारी ने आगे कहा कि हम आपकी वरिष्ठता और अनुभव का सम्मान करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप सदन में अनर्गल बातें करेंगे। आपका आचरण पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने विधायक की मानसिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि मदरसे के बच्चे भी आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बनते हैं। मैं खुद भी मदरसे में पढ़ा हूं और इंग्लिश मीडियम में भी पढ़ाई की है। ऐसे में आपकी संकीर्ण सोच समाज में गलत संदेश दे रही है।



**क्या है मामला :** बताते चलें कि सत्येंद्र तिवारी जब स्वास्थ्य विभाग की खिंचाई कर रहे थे। तभी सीपी सिंह ने कहा था कि इनसे कोई अपेक्षा नहीं रखना है। ये तो रशियन डॉक्टर हैं। इनके पास डिग्री है। अनुभव नहीं। मंत्री इरफान अंसारी के इस हमले से सदन में तीखी नोकझोंक देखने को मिली, जबकि विपक्ष पूरी तरह से बैकफुट पर नजर आया।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Office of the General Manager,Transmission Zone-V,Hazaribag.**
**Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag Pin No.-825301**
**e Mail iD-gmtzone5hzb@gmail.com**

**e-Tender Notice**

Short e-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.) | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 385/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work for Construction of continuous electric wielding in bracing members at every angle joint points required in different tower types in 220KV D/C Itkhori – Latehar Transmission Line under jurisdiction of Transmission Sub-division Itkhori. | Rs.23,82,885.00 | Rs.47,700.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs.5900/- |
| 02 | 386/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work for Construction of counterpoise earthing with providing all materials in rocky or normal foundation at different tower locations Total – 102 Towers (Total Nos. - 102 x 2 = 204) in 400KV S/C TTPS – Biharsharif Transmission line under the jurisdiction of TCSD, Tenughat. | Rs.30,14,777.00 | Rs.60,300.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs. 5900/- |
| Availability of T ender Documents on website | | | From 03/03/2025 at 10.00 AM to 24/03/2025 upto 2:00PM | | |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | | | 25/03/2025 upto 2:00PM | | |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | | | 25/03/2025 at 04.00 PM | | |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | | | Will be communicated later on. | | |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | | | G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH | | |

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details/clearification required in this regard please contact to the office of the undersigned (06546-270375) during office hours. NIC helpline no.- 0651-2400178.
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 347289 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


# सीपी सिंह के बयान से सदन गरमाया, मइयां सम्मान राशि 15 तक मिलेगा

## सदन में गूंजा हजारीबाग झड़प का मामला, प्रदीप यादव ने अपने ही सरकार को घेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बजट सत्र के तीसरे दिन गुरूवार को हजारीबाग के इचाक में शिवरात्रि के अवसर पर दो गुटों में हुई झड़प का मामला छाया रहा। सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे जैसे ही शुरू हुई, इचाक की घटना पर शोर.गुल शुरू हो गया। हालांकि, स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने विपक्षी विधायकों को समझा-बुझा कर बैठा दिया। इसके बाद अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित, शून्यकाल एवं ध्यानाकर्षण चला। इस दौरान भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सरकार के दो-दो मंत्री पर जैसे ही तीखी टिप्पणी की। इससे सदन का माहौल गरमा गया। दरअसल, सीपी सिंह मंईयां सम्मान योजना की लंबित राशि और 18 से 50 साल की हर महिलाओं को सम्मान राशि देने की मांग कर रहे थे। वे मंईयां सम्मान योजना के प्रावधान में विधवा और विकलांग महिलाओं को भी सम्मिलित करने की मांग सरकार से कर रहे थे।


इस दौरान उन्होंने सरकार की ओर से सदन में जवाब दे रहे मंत्री चमरा लिंडा पर टिप्पणी करते हुये कहा कि हेलमेट पहने कौन मंत्री हैं। उन्हें हम पहचान नहीं पा रहे हैं। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बारे में कहा कि वे मदरसा में पढ़कर आये हैं। इस वजह से शब्द ज्ञान नहीं है। मालूम हो कि चमरा लिंडा सदन में टोपी पहने हुये थे और सरकार की ओर से सवाल का जवाब दे रहे थे। वहीं सीपी सिंह की इस टिप्पणी के बाद सदन का माहौल गरमा गया। हालांकि, स्पीकर स्थिति को संभालने में सफल रहे। सरकार की ओर से मंत्री चमरा लिंडा ने जवाब देते हुये कहा कि 15 मार्च तक जनवरी-फरवरी की बकाया राशि का भुगतान हो जायेगा। उन्होंने केन्द्रीय मद से विकलांग और विधवा पेंशन मद में राशि बढ़वाने का आग्रह सीपी सिंह से किया।





प्रश्नकाल के दौरान कई सत्ताधारी विधायकों ने अपनी ही सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में धान खरीद की धीमी रफ्तार और बिचौलियों के कारण किसानों को हो रही परेशानी से अवगत कराते हुये अपनी ही सरकार की कार्यशैली की जमकर खिंचाई की। इस विषय पर हेमलाल के साथ-साथ विधायक मथुरा महतो ने भी सदन में खड़ा होकर धान खरीद में सुखती काटे जाने पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि किसान बिचौलिये की शरण में जाने को मजबूर हैं। सरकार की व्यवस्था धरी की धरी रह जाती है। इस मुद्दे पर विधायक प्रदीप यादव ने भी किसानों को हो रही परेशानी पर सदन में अपनी बातें रखी। सरकार की ओर से विभागीय मंत्री इरफान अंसारी ने जवाब देने की कोशिश की। लेकिन समुचित जवाब नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि आपने जो सवाल खड़ा किया गया है इसकी जानकारी लेकर चालू सत्र में जवाब दिया जायेगा। वहीं, भाजपा विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के ऊर्जा मित्र की बकाया राशि और बिजली बिल उपभोक्ताओं को नहीं मिलने की शिकायत की।

### मॉब लिंचिंग बिल को दोबारा सदन में लायें : प्रदीप यादव



रांची। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने मॉब लिंचिंग बिल को सदन में फिर से रखने और ऊर्दूए अरबी व फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की मांग की। इस पर मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि सरकार शेख भिखारी अरबी-फारसी यूनिवर्सिटी की स्थापना पर विचार कर रही है। जल्द ही मदरसा बोर्ड का भी गठन किया जायेगा। अल्पसंख्यों के एमएसडीपी योजना के तहत पांच साल तक एक भी योजना नहीं लेने के सवाल पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि कोरोना और राजनीतिक अस्थिरत के दौर के कारण इसकी बैठक नहीं हो पाई। तीन मार्च को इसकी बैठक होगी। आमिल-फाजिल को रांची यूनिवर्सिटी से जोड़ने का काम किया जा रहा है। प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में 20 हजार से भी अधिक बुनकर हैं। इन्हें भी आर्थिक सहायता मिलनी चाहिये। गरीब मुस्लिम को भी जमीन का पट्टा मिलना चाहिये। इस पर मंत्री हफीजुल ने कहा कि अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ मुस्लिम ही नहीं होता है। भूमिहीन, दिव्यांग, शहीद पुलिसकर्मियों के आश्रितों को ही पट्टा मिलता है। प्रदीप यादव ने कहा कि मदरसा शिक्षकों के 4400 पदों में 3712 पद खाली हैं। टेट पास ऊर्दू शिक्षकों की बहाली होनी चाहिये।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
28.02.2025
नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 227



12 नाटो में शामिल होने के लिए भूल जाये यूक्रेन : ट्रंप


# कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना की आज शुरुआत करेंगे सीएम हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्यकर्मियों और उनके परिजनों के लिए एक बड़ी सौगात की घोषणा की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 फरवरी को राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत करेंगे। इस योजना के तहत राज्यकर्मियों और उनके परिजनों को हर साल 5 लाख रुपये का बीमा मुफ्त दिया जाएगा। बताते चलें कि बीते कैबिनेट में ही राज्यकर्मियों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया था।


**क्या है योजना की खासियत :** राज्यकर्मियों और उनके परिजनों को हर साल 5 लाख रुपये का बीमा मुफ्त दिया जायेगा। विशेष परिस्थिति में एयर एंबुलेस या वायुयान यात्रा की सहायता का भी प्रवधान किया गया है। राज्यकर्मियों के अलावा विधानसभा के सदस्यों, सेवानिवृत कर्मियों, विश्वविद्यालयों में कार्यरत टीचर, निबंधित अधिवक्ताओं, सरकार के अलग-अलग बोर्ड के कर्मियों और नगर निगम के कर्मचारियों को भी योजना का लाभ मिलेगा। कुछ गंभीर बीमारियों के लिए 10 लाख रुपये तक का भी प्रावधान किया गया है। अत्याधिक क्रिटिकल कंडीशन में अधिक राशि खर्च होने पर वहन इसका इलाज राज्य सरकार के फंड से होगा।

## महाकुंभ युग परिवर्तन की आहट : पीएम



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने प्रयागराज में महाशिवरात्रि के साथ संपन्न महाकुंभ पर्व की दिव्यता और भव्यता पर अपने मन के उद्गार व्यक्त करते हुए इसे युग परिवर्तन की आहट बताया है। उन्होंने कहा, सहस्राब्दियों से चली आ रही महाकुंभ की यह सनातन परंपरा राष्ट्र चेतना जागृत करने वाला पर्व है। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। उन्होंने कहा, यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गयी थीं। इस अवधि में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम तट पर स्नान किया।

( विस्तार से पेज 6 पर)






सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

शुक्रवार 28.02.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 308

epaper.khabarmantra.net




## विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने की अनूठी पहल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** भारतीय कला, साहित्य, संस्कृति और हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से 'विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025' का आयोजन 50 से अधिक देशों में किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित आयोजन विश्व रंग फाउंडेशन, आईसेक्ट विश्वविद्यालय (हजारीबाग), रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (भोपाल) और टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र सहित अन्य भारतीय संस्थाओं के सहयोग से 14 सितंबर हिंदी दिवस से 30 सितंबर 2025 (विश्व अनुवाद दिवस) तक संपन्न होगा।



आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डॉ माधवी मेहता, कुमारी सीमा और श्री र.ठ.ङ. उपाध्याय सहित चार सदस्यीय टीम ने कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की और अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर सांसद श्री ढुलू महतो ने कहा कि भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति के साथ हिंदी भाषा ने भी वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयां छुई हैं। वहीं, आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर डॉ धीरज कुमार ने कहा कि विदेशों में भारतीय कला, साहित्य और ऐतिहासिक विरासत को जानने के प्रति रुचि बढ़ी है, जिससे हिंदी भाषा सीखने वालों की संख्या में भी तेजी आई है।

प्रमोद झा ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि हिंदी अब वैश्विक स्तर पर एक रोजगारमूलक भाषा के रूप में स्थापित हो रही है, और यह आयोजन हिंदी के प्रचार-प्रसार में मील का पत्थर साबित होगा। यह आयोजन हिंदी भाषा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सशक्त पहचान दिलाने और उसकी वैश्विक स्वीकृति को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ की आम सभा संपन्न

### आबो देवी बनीं अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद/जोड़ापोखर।** राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ की आम सभा गुरुवार को शास्त्री नगर, जामाडोबा स्थित संघ कार्यालय में संपन्न हुई। सभा का शुभारंभ पूर्व मंत्री आबो देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस बैठक में बीसीसीएल के विभिन्न एरिया और कोलियरियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

निर्वाचन पदाधिकारी काशीनाथ प्रसाद के नेतृत्व में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें पूर्व मंत्री आबो देवी को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सुनील सिंह और गंगा सिंह को उपाध्यक्ष, गनौरी मिस्त्री को कार्यकारी अध्यक्ष, अवधेश कुमार को महामंत्री, उदय शर्मा को संयुक्त महामंत्री, कामेश्वर सिंह को सचिव, रामानंद प्रसाद को कोषाध्यक्ष और शंकर सिंह को कार्यालय प्रभारी चुना गया। इसके अलावा कार्य समिति के 12 अन्य सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।



सभा में श्रमिक हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इसमें राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ को कोल कंपनी की सभी अनुसंगी कमेटियों में शामिल करने, मजदूर विरोधी नीतियों को समाप्त करने, मेडिकल अनफिट 9.4.0 का लाभ आश्रितों को देने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने, परिवर्तित श्रम कानूनों को वापस लेने और मृत श्रमिकों के आश्रितों के नियोजन में तेजी लाने की मांग की गई। इसके अलावा फीमेल वीआरएस के लंबित मामलों के निपटारे, बीसीसीएल के अधीन लैंड लूजर और फायर एरिया में रहने वाले लोगों के पुनर्वास और स्थायी नियोजन की व्यवस्था करने तथा राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-11 को शीघ्र संपन्न कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस आम सभा में पूर्व मंत्री आबो देवी, अवधेश कुमार, सुनील सिंह, सुमेश कुमार, कामेश्वर सिंह, रंजीत यादव उर्फ गुड्डू, सुदेशना, मो. अनीश, मदन तांती, दिवाकर, संजय गिरी, राजीव रंजन, रामउग्रह शर्मा, देवेंद्र यादव, फैजान करीम, विनोद यादव, बबलू यादव समेत कई श्रमिक नेता और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### स्पीड न्यूज

#### सड़क हादसा में दो घायल

**कतरास।** अंगारपथरा में बुधवार शाम करीब 4 बजे सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक और साइकिल आपस में टकरा गईं। दुर्घटना में बाइक सवार और साइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हालांकि, पुलिस को इस घटना की सूचना नहीं दी गई है।

#### मंदिर में महाप्रसाद वितरण

**कतरास।** योगेश्वर मोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि के दूसरे दिन महाप्रसाद का भव्य वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं और पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक माहौल का आनंद लिया।

#### भाकपा ने चंद्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि



**सिंदरी।** देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 94वीं पुण्यतिथि पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सिंदरी द्वारा रांगामाटी में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा आयोजित की गई। सभा में वीर शहीद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने आजाद के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में क्षण भर की भी देरी नहीं की। उन्होंने अंग्रेजों से मुठभेड़ के दौरान ज़िंदा गिरफ्तार न होने के अपने संकल्प को निभाते हुए अंतिम गोली खुद पर चला दी। सभा की अध्यक्षता सूर्यकुमार सिंह ने की। इस दौरान गौतम प्रसाद, रानी मिश्रा, सुबोलचंद्र दास, मुकेश कुमार, शिबू राय, राज नारायण तिवारी, सविता देवी और अन्य उपस्थित रहे।

## कतरास: दो दुकानों में लगी आग 15 लाख से अधिक के कपड़े खाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** कतरास बाजार स्थित गांधी चौक पर बुधवार तड़के करीब 3 बजे अचानक भीषण आग लग गई, जिससे श्रीलाल पोखरमल एंड सन्स और आनंद ड्रेसेस नामक दो प्रतिष्ठानों में भारी नुकसान हुआ। आग की तेज लपटों और बढ़ती तपिश से बाजार में अफरा-तफरी मच गई, लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और आग बुझाने में जुट गए।

स्थानीय लोग बालू, पानी और छोटे अग्निशामक यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। उनकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कुछ ही देर में 15 लाख रुपये से अधिक



मूल्य के कपड़े जलकर राख हो गए। आग पर काबू पाने के बाद आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। पीड़ित दुकानदार गौरव कुमार खंडेवाल और दीपक कुमार ने कहा कि इस हादसे में उनकी पूरी दुकान जलकर खाक हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना के बाद कतरास बाजार के व्यापारियों में दहशत और चिंता का माहौल है।

## भाकपा माले ने कॉमरेड मनोज साव को दी भावभिनी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** भाकपा-माले कार्यालय, पुराना बाजार टेंपल रोड में गुरुवार को जिला सचिव कॉमरेड बिंदा पासवान की अध्यक्षता में एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड मनोज साव के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड हलधर महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कॉमरेड मनोज साव लाल झंडे के सच्चे सिपाही थे, जिन्होंने अपने अंतिम समय तक संगठन और संघर्ष के प्रति समर्पित भावना को जीवित रखा। उनका निधन पार्टी और आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है, जिससे उबरना कठिन होगा। उन्होंने युवा पीढ़ी से कॉमरेड मनोज साव के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सभा के दौरान चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में राज्य सदस्य एम. पाल, जिला सचिव बिंदा पासवान, सुभाष प्रसाद सिंह, सुभाष चटर्जी, राणा चट्टराज, रामलाल दा, विश्वजीत राय, नरेश पासवान, धर्म बाउड़ी, सुरेश पासवान, शिवालक पासवान सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक नजर में

#### डीएमसी मॉल और सैरातों की बंदोबस्ती अब ऑनलाइन, संवेदकों को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद।** नगर निगम द्वारा इस वर्ष डीएमसी मॉल, पार्किंग और 13 सैरातों की बंदोबस्ती ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए भारत सरकार की कंपनी एमएसटीसी ऑनलाइन बिडिंग कराएगी। बिडिंग प्रक्रिया को लेकर इच्छुक संवेदकों को मंगलवार को न्यू टाउन हॉल में प्रशिक्षण दिया गया। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि सैरातों की ऑनलाइन बिडिंग 12 मार्च को सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक होगी, जबकि डीएमसी मॉल की बिडिंग मार्च के अंत में शुरू की जाएगी। डीएमसी मॉल के लिए दुकान, पार्किंग, विज्ञापन और मेंटेनेंस झ्र इन चार श्रेणियों में बिडिंग होगी। इच्छुक संवेदकों को 15 मार्च से एक सप्ताह तक मॉल का निरीक्षण कराया जाएगा ताकि वे बिडिंग प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझ सकें। ऑनलाइन प्रक्रिया से बंदोबस्ती में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे नगर निगम को अधिक राजस्व मिलने की संभावना है।

#### चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश



**जोड़ापोखर।** महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का 94वां शहादत दिवस जीतपुर आजाद चौक पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत बचाव समिति के कार्तिक तिवारी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युवाओं को चंद्रशेखर आजाद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजाद का साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति हमें मातृभूमि के प्रति निष्ठा और समर्पण की सीख देते हैं। इस अवसर पर अजित महतो, अनिल महतो, बिष्णु तिवारी, बबलू महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने आजाद के विचारों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

#### कुंभ में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए आप ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**जोड़ापोखर।** आम आदमी पार्टी के बैनर तले फुसबांगला दुर्गा मंडप प्रांगण में कुंभ स्नान के दौरान दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्प अर्पित किए गए, दीप जलाए गए और 1 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। सभा में उन लोगों का भी आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने धर्म से ऊपर उठकर पीड़ितों की मदद की। इस मौके पर मुख्य रूप से महेंद्र सिंह, मदन राम, समरेंद्र पासवान, राजेश कुमार, संजय सिन्हा, नीतीश कुमार गुप्ता, कुणाल चंद्रवंशी, नंदलाल ताती, सदरे आलम, जावेद खान, मोहम्मद सरफराज, डब्लू अंसारी, मोहम्मद फिरोज, जसीम अंसारी, मुन्ना खान, हफीजुल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्री श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का होगा भव्य आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद\लोयाबाद।** श्री श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में एक आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में 13 मई से शुरू होने वाले सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

सभी सदस्यों ने भव्य और विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराने के लिए सहयोग और संकल्प व्यक्त किया। बैठक में जय प्रकाश पांडेय, विजेंद्र पासवान, सोहन महतो, एसएस प्रसाद, सिपाही चौहान, इम्तियाज अहमद, अनवर मुखिया, अनिल शर्मा, संतोष सिन्हा, फेकू सिंह, विनय चौहान, रामराज राजभर सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को ऐतिहासिक और भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों के गठन और जिम्मेदारियों का भी निर्धारण किया गया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की।

## बड्स गार्डेन स्कूल में अस्मिता महिला फुटबॉल लीग संपन्न, विजेता को मिला नकद पुरस्कार

- अनामिका कुमारी को 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब
- अनन्या कुमारी को 'प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट' घोषित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के राजगंज स्थित बड्स गार्डेन स्कूल के फुटबॉल मैदान में खेलो इंडिया के तहत आयोजित दस दिवसीय अस्मिता फुटबॉल लीग का भव्य समापन हो गया। 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025 तक चली इस प्रतियोगिता में कुल छह संस्थानों की 18 महिला फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। 13 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल में बड्स गार्डेन स्कूल एकेडमी ने एमपीएल, निरसा को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 15 वर्ष आयु वर्ग में एमपीएल, निरसा की टीम ने टाटा स्टील फाउंडेशन को 2-0 से मात देकर जीत दर्ज की, जबकि 17 वर्ष आयु वर्ग में जिंदल एकेडमी, पतरातु की टीम ने टाटा स्टील फाउंडेशन को 1-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया और उन्हें विशेष पुरस्कार दिए गए। 13 वर्ष आयु वर्ग में बड्स गार्डेन की ओर से गुंजन कुमारी, 15 वर्ष आयु वर्ग में भारतीय मरांडी और 17 वर्ष आयु वर्ग में जिंदल अकादमी की अनामिका कुमारी को 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा, बड्स गार्डेन स्कूल एकेडमी की अनन्या कुमारी को 'प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट' घोषित किया गया। प्रतियोगिता में भारत सरकार की ओर से विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50,000 रुपये और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 30,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, बेस्ट प्लेयर को सालाना 10,000 रुपये का विशेष इनाम दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान बड्स गार्डेन स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन अजय रावत ने किया।

## धनबाद से हुई 'जगदेव रथ' की भव्य विदाई, अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों को घर-घर पहुंचाने का संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संत कुमार सिंह पूरे झारखंड का भ्रमण करने के बाद 26 फरवरी 2025 को धनबाद पहुंचे। उनके ठहरने की व्यवस्था कांग्रेस नेता रविंद्र वर्मा के आवास पर की गई।

आज 27 फरवरी 2025 को पूरे हर्षोल्लास के साथ 'जगदेव रथ' की विदाई की गई। इस ऐतिहासिक आयोजन का संचालन झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष लाल बाबू सिंह ने किया, जबकि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव रविंद्र कुमार वर्मा ने अपने जोशीले संबोधन में जगदेव



प्रसाद के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए सभी समाज के लोगों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने 'बिहार के लेनिन' अमर शहीद जगदेव प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष ने जगदेव बाबू के प्रसिद्ध नारे '100 में 90 शोषित हैं, शोषितों ने ललकार है; धन, धरती और राजपाट में 90 भाग हमारा है' को दोहराते हुए सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। महासभा के कोषाध्यक्ष इंद्रभूषण कुशवाहा ने कहा कि जगदेव प्रसाद क्रांति के अग्रदूत थे, जिन्होंने सामाजिक परिवर्तन के लिए संघर्ष किया और शोषितों की आवाज को बुलंद किया। उनके बलिदान का ही परिणाम है कि आज देश के विभिन्न राज्यों में पिछड़ा, दलित और वंचित समाज से मुख्यमंत्री और मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में जितेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार प्रसाद, इंद्रजीत प्रसाद, राम जी कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, यशपाल सिंह कुशवाहा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह रथ यात्रा अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बिहार की ओर रवाना हुई, जहां समाज के हर वर्ग को सामाजिक न्याय और समानता के लिए जागरूक किया जाएगा।

## धर्म की रक्षा से ही जीवन में कल्याण संभव: सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद\मैथन।** निरसा के खुशरी गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन पूज्य सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज ने भक्तों को धर्म, मानवता और सनातन संस्कृति के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे वेद, भागवत, भगवद गीता और रामायण न केवल आध्यात्मिक ज्ञान देते हैं, बल्कि सदाचार, नैतिकता और समाज कल्याण की शिक्षा भी प्रदान करते हैं। महाराज श्री ने कहा कि 'धर्मो रक्षति रक्षिता' का सिद्धांत हमें यह सिखाता है कि यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे, तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सत्य, न्याय और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने भक्तों को 41 दिन लगातार मंदिर में झाड़ू



लगाने का सुझाव दिया, जिससे न केवल सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, बल्कि घर-परिवार में भी सुख-समृद्धि का वास होता है। पूज्य महाराज श्री ने सनातन धर्म के प्रति आस्था और निष्ठा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सनातनी लोगों को अपनी संस्कृति और ग्रंथों पर गर्व होना चाहिए। सनातन धर्म की जड़ें त्याग, सेवा और सद्भावना में निहित हैं और हमें इन्हीं मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वर्ग का सुख भी सत्संग की बराबरी नहीं कर सकता, क्योंकि सत्संग आत्मा को शुद्ध करता है और जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। आज की कथा में भगवान बालकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। भक्तों ने माखन चोरी लीला, कालिया नाग मर्दन, गोपी वस्त्र चीर हरण और गोवर्धन पूजा की कथा का रसास्वादन किया। इसके साथ ही भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस दिव्य कथा आयोजन को सफल बनाने में बामा पद मोदक, पप्पू सिंह, राजेश मोदक, अमरनाथ दे, परिमल मोदक, संजीत मोदक, विपिन मोदक, नारायण चक्रवर्ती, रीना रक्षित, प्रभात मोशन, अनंता बाऊरी एवं शिव शक्ति मंदिर कमिटी तथा समस्त खुशरी निरसा ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक आज

गुमला। केंद्रीय महावीर मंडल समिति गुमला की आवश्यक बैठक 28 फरवरी दिन शुक्रवार को संध्या 7:00 बजे से स्थानीय बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में होगी। बैठक में संरक्षक मंडल, सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य व सभी अखाड़ा समिति के लोगों से भाग लेने की अपील की गई है। बैठक में अध्यक्ष के स्वागत भाषण के बाद कोषाध्यक्ष के द्वारा पिछले वर्ष की आय व्यय प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही केंद्रीय महावीर मंडल समिति के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। यह जानकारी सचिव विकास कुमार सिंह ने दी है।

### जमीन रजिस्ट्री व विवाह निबंधन कार्य को सुचारू कराने हेतु डीसी करें पहल : रमेश

गुमला। गुमला में अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते एक फरवरी से जमीन की रजिस्ट्री और विवाह निबंधन बंद है। इससे अब तक सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति हो चुकी है। इसपर चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने उपायुक्त से पहल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि राजस्व की क्षति से सरकार की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा है। इसलिए यथाशीघ्र कार्य बहिष्कार को वापस कराते हुए रजिस्ट्री और विवाह निबंधन प्रारंभ होना चाहिए। इससे आमजनों को काफी परेशानी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि कचहरी परिसर के पीछे बहुत सारी सरकारी भवनें बंद पड़ी है। किसी में भी रजिस्ट्री ऑफिस का संचालन हो सकता है। इससे लोगों को भी सुविधा मिलेगी और राजस्व का नुकसान भी नहीं होगा। डीसी जनहित में इसपर पहल करें। मालूम हो कि रजिस्ट्री कार्यालय पांच किमी दूर नए समाहरणालय में स्थानांतरित किया गया है।

### विधवा व वृद्धा पेंशन की एकमुश्त राशि का सरकार करें जल्द भुगतान : पुष्पा

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने राज्य सरकार से आग्रह करते हुए कहा है की विधवा व वृद्धा पेंशनधारियों को एकमुश्त राशि की भुगतान जल्द करें। उरांव ने कहा कि विधवा व वृद्धा पेंशनधारियों को भुगतान नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में लाचार व असहाय लोगों का पेंशन रोकना उनके साथ अन्याय के बराबर है। उरांव ने यह भी कहा कि जल्द भुगतान नहीं होने की स्थिति में पार्टी आंदोलन के लिए विवश होगी।

### बीएलबीसी की बैठक हुई आयोजित

घाघरा। बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बीएलबीसी प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ दिनेश कुमार और एलडीएम पवन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में विभिन्न योजनाओं के विषय में चर्चा किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिक करण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह के लोन संबंधित, केवाईसी संबंधित कई शामिल है। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने शाखा प्रबंधकों को लाभुकों के खाता को आधार से लिंक करने हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। ताकि पेंशन, आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित राशि उनके खाता में सहजता से भुगतान हो सके। वहीं एलडीएम पवन कुमार ने भी सभी बैंक कर्मियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया, एसबीआइ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आवास कोऑर्डिनेटर उपस्थित थे।

### चैनपुर में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी, पांच गिरफ्तार



चैनपुर। उत्पाद अधीक्षक गुमला के निर्देश पर चैनपुर थाना क्षेत्र में कटकाही, खोपाटोली और बाजार टांड चैनपुर में महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान उत्पाद पुलिस ने लगभग 50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की और पांच अभियुक्तों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कटकाही से साजन मलार, विनिता देवी, स्येश सिंह और चैनपुर खोप टोली से भोला लोहरा एवं बाजार टाड से राजेश साहु शामिल हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने सौ किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया। यह कार्रवाई क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की छापामारियों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को बनाए रखा जा सके और अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय निवासियों से अपील की गई है कि वे इस प्रकार के अवैध कारोबार की जानकारी साझा करें। जिससे कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। क्षेत्र में इस अभियान के लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

### विकास भारती बिशुनपुर में 25 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का हुआ शुभारंभ



गुमला। विकास भारती बिशुनपुर में 25 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स नागरिक कल्याण कार्यक्रम (सोशल पुलिसिंग) के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्णतया सोशल पुलिसिंग के द्वारा वित्त पोषित है। जिसका शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 46 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। सभी प्रशिक्षणार्थी बारहवीं से ग्रेजुएट की पढ़ाई कर चुके हैं। जिसमें 36 बालिका एवं 10 बालक है जो बिशनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव से हैं। इस प्रशिक्षण सत्र का उदघाटन मुख्य अतिथि सीओ एसएसबी-32 वीं वाहिनी ससत्र बटालियन गुमला के श्री राजेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही जोरी पिकेट के असिस्टेंट कमांडेंट श्री सुशांत कुमार, संस्था के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत, पंकज कुमार सिंह, योगेश राय, सूर्य मनी कुमारी, प्रतिमा कुमारी, कुमार सौरभ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ नीरज कुमार वैश्य, इंजीनियर एनो राई उपस्थित थे। इस 25 दिवसीय प्रशिक्षण को संचालित करने का कार्य, मास्टर ट्रेनर श्री संजय कुमार करेंगे।

---

#### केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक में जुलूस के रूट का किया गया निर्धारण

# एक अप्रैल को गुमला में निकाली जायेगी सरहुल शोभायात्रा

**जुलूस के दिन जिला प्रशासन से शराब बंदी करने की अपील**



बैठक में शामिल केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला की बैठक उरांव क्लब दुन्दुरिया में अध्यक्ष जयप्रकाश उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से 1 अप्रैल के सरहुल महोत्सव के संबंध में चर्चा की गई।

जिसमें सांस्कृतिक जुलूस के रूट की चर्चा कर निर्णय लिया गया कि जुलूस 2:00 बजे उरांव क्लब दुन्दुरिया से आरंभ होगी। जो शहर के थाना चौक, पटेल चौक, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड झंडा पूजा स्थल, पूजा स्थल स्टेट बैंक के पास रोड से सिसई रोड, टावर चौक, थाना रोड होते हुए उरांव क्लब दुन्दुरिया के पास समाप्त होगी। चैनपुर रोड से आने वाली जुलूस पटेल चौक के पासा, पालकोट रोड से आने वाली जुलूस स्टेट बैंक के बगल रोड में, सिसई रोड से आने वाली जुलूस टावर चौक के पास मुख्य जुलूस में सम्मिलित होगी। बैठक में प्रशासन से अनुरोध किया गया कि सरहुल महोत्सव के दिन सरकारी शराब की दुकान बंद रखी जाए। साथ ही अवैध शराब की बिक्री बंद कराई जाए।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न उप समितियों का गठन कर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की अगली बैठक 9 मार्च दिन रविवार को अपराह्न 1:00 बजे उरांव क्लब दुन्दुरिया में होगी। बैठक में केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के पदाधिकारी सदस्य गण एवं समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

---

# लोहरदगा : भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर बैठक

**गठित बूथ कमिटी का किया गया समीक्षा, 6 मार्च से होंगे मंडल अध्यक्ष का चुनाव**




खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में संगठनात्मक चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की गई। जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक सह पूर्व सिमरिया विधायक किसुन दास एवम चुनाव अधिकारी सह किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थे। चुनाव अधिकारी ने सभी मंडलो में कमिटी का चुनाव 6 से 9 मार्च तक कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इस पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। एक छोटा कार्यकर्ता भी अपने मेहनत लगन व पार्टी निष्ठा से किसी भी पद को प्राप्त कर सकता है। चुनाव पर्यवेक्षक किसुन दास ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक चुनाव में अनुशासन है। जो भी पदाधिकारी बनेंगे पूरी लगन से संगठन को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के सच्चे सिपाही है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि झूठे वादे के बल पर हेमन्त जी की ठगबंधन की सरकार तो बन गयी परन्तु लोग त्राहिमाम कर रहे है। लोग पूछ रहे है गैस के दाम कब कम होंगे बहनों के खाते में कब 2500 रु जमा होंगे। मौके पर सह चुनाव प्रभारी बिंदेश्वर बेक, बालकृष्णा सिंह, ओम सिंह, राजकिशोर महतो, हर्षनाथ महतो, जगनन्दन पौराणिक, अनिल उरांव सामेला भगत, संजय प्रसाद, विवेक चौहान, विवेक सोनी, सचिन, राजेन्द्र महतो,जगरनाथ राम, सुरेश बैठा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल के निधन पर कार्यालय में शोकसभा का आयोजन कर सवेंदना प्रकट की गई।

---

# समय पर सभी कार्य करे पूर्ण : डीसी लोहरदगा

**विकास समन्वय की हुई समीक्षा बैठक**



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रति गांव में संचालित योजनाओं की संख्या, बिरसा सिंचाई कूप में लक्ष्य व उपलब्धि, एरिया अफसर एप में इंट्री आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य में उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया गया और दो माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध स्वीकृत किये गये योजनाओं की संख्या को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सभी बीडीओ को निर्देश दिया गया कि आवास योजनाओं में डुप्लिकेसी को दूर करें और प्रतिवेदन दें। पीएमजनमन योजना में लाभुकों के आधार कार्ड का वेरिफिकेशन चार दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आवास प्लस सर्वे 2.0 और अबुआ आवास योजना की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत पूर्ण प्रतिरक्षा और पूर्ण प्रतिरक्षण की स्थिति, सर्पदंश और रेबीज के टीके की उपलब्धता की समीक्षा की गई। आइटीडीए विभाग अंतर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25, साइकिल वितरण योजना आदि की स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, आदि मौजूद थे।

---

#### उज्जना बिज्जना अभियान के तहत डीसी ने बिशुनपुर में बैठक कर अधिकारियों को दिया निर्देश, कहा

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों में जल सुविधा की कमी को करे दूर

- इमली प्रसंस्करण, लेमन ग्रास तेल निकालने की मशीन व चिरौंजी प्रसंस्करण का डीसी ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



योजना का निरीक्षण कर जानकारी लेते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

गुमला। महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीसी कर्ण सत्यार्थी की पहल पर उज्जना बिज्जना अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को डीसी सत्यार्थी ने बिशुनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बैठक आयोजित की। बैठक में वन धन विकास केंद्र सेरका, जेहनगुटवा एवं बेती के सदस्यों के साथ चर्चा की गई। डीसी ने इमली प्रसंस्करण इकाई, लेमन ग्रास तेल निकालने की मशीन तथा चिरौंजी प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने करंज प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने, इमली प्रसंस्करण इकाई को सुदृढ़ करने एवं वन धन विकास केंद्र बेती, सेरका और जेहनगुटवा के कार्यालयों के नवीनीकरण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी वन धन विकास केंद्रों और ग्रामीण सेवा केंद्रों द्वारा उत्पादित कृषि उत्पाद एवं वनोपज के मूल्यवर्धन और बाजार से जोड़ने (मार्केट लिंकेज) की प्रक्रिया को तेज करने पर बल दिया गया। विशेष रूप से गोंदली प्रसंस्करण इकाई की स्थापना को लेकर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने सुदूरवर्ती क्षेत्रों और विशेष रूप से अतिविशिष्ट जनजातीय क्षेत्रों में जल सुविधा की कमी को दूर करने हेतु आवश्यक योजनाओं के माध्यम से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ बिशुनपुर, सीओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

---

## विधायक ने विधानसभा में उठाया चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में आइटीआइ की पढ़ाई का मुद्दा

गुमला। गुमला विधायक भूषण तिर्की ने विधानसभा में चैनपुर अनुमंडल के छात्रों के लिए आईटीआई की पढ़ाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि चैनपुर अनुमंडल में आईटीआई भवन बने लगभग 10 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन अभी तक ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। विधायक ने सरकार से मांग की है कि चैनपुर अनुमंडल में आईटीआई की पढ़ाई अविलंब शुरू की जाए, ताकि स्थानीय छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा चैनपुर अनुमंडल के छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसका समाधान जल्द किया जाना चाहिए। विधायक भूषण ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाकर चैनपुर अनुमंडल के छात्रों की समस्या को हल करने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर सरकार से बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

---

# चैनपुर में धूमधाम से निकाली गयी शिव बारात





खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में बुधवार देर शाम शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने शिव बारात में भाग लिया और डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। सज रहे भोले बाबा जैसे भक्ति गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। शिवरात्रि पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य शिव बारात प्रेमनगर से शुरू हुई जो बस स्टैंड, शिव मंदिर, सोहन चौक, एमएलए रोड व पीपल चौक होते हुए मेन रोड तक पहुंची। बारातियों का स्वागत दुर्गा मंदिर में बड़े धूमधाम से किया गया। जहां महिलाओं के द्वारा उन्हें फूल माला से सम्मानित किया गया। बारात में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। बारात के दौरान शिव-पार्वती की प्रतिमाओं को परिछावन कर मंडप तक लाया गया। इस बीच प्रसिद्ध भजन गायक बनारसी के पीयूष की टीम ने भव्य गंगा आरती का आयोजन किया। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने एक साथ मिलकर ओम नमः शिवाय का उच्चारण किया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, चैनपुर मुखिया शोभा देवी और मुनेश्वर सिंह उपस्थित थे। स्थानीय महिला मंडल ने विशेष रूप से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

## सांसद विकास कार्यों में लापरवाही नहीं करेंगे बर्दाश्त : आलोक साहु



लोहरदगा। जिला के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत बरही से कोराम्बे भाया मुरपा, घाटा गगेया पथ का निर्माण डेढ़ वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र की जनता सांसद सुखदेव भगत से इस समस्याओं से अवगत कराते हुए सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र करने की मांग किए थे। सांसद सुखदेव भगत के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू गुरुवार को इस सड़क के संवेदक विजय साहू के प्रोजेक्ट मैनेजर कुंवर सिंह से वार्ता कर उन्हें बताया कि सांसद विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। डेढ़ वर्षो से सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है जिससे जनता को आगमन में काफी परेशानी हो रहा है। जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश सांसद ने दिया है। प्रोजेक्ट मैनेजर कुंवर सिंह ने साहू को बताया कि इचरी ग्राम में हमलोग क्रेशर लगा दिये है। आठ दिन के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का उन्होंने आश्वासन दिया।

## भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने विहिप के नवमनोनित अध्यक्ष रितेश से मिलकर दी बधाई



लोहरदगा। विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के नवमनोनित अध्यक्ष रितेश कुमार के घर पहुंचकर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु के साथ जिला युवा मोर्चा के बाल्मीकि साहू, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मिथुन तामेड़ा ने रितेश को अंगवस्त्र ओढ़ाकर विहिप जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि आशा है रितेश के विहिप अध्यक्ष बनने पर पूरा जिला में सनातन समाज एकसूत्र में बंधेगा और सनातन एकता को मजबूती मिलेगी। रितेश कुमार समाजहित में काम करते रहने वाले एक सशक्त व कर्तव्यपरायण व्यक्तित्व के धनी है, ये यदि किसी संगठन को आगे बढ़ाने का दायित्व लेते है तो फिर अपना 100 प्रतिशत समर्पण देकर संगठन का मजबूती के लिये काम करते हैं।

## गुमला में लिजेंड कप नाइट क्रिकेट मैच आठ मार्च से, पांच जिलों के खिलाड़ी लेंगे भाग



गुमला। गुमला शहर के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में लिजेंड कप सीजन–टू नाइट क्रिकेट मैच को लेकर मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुमला के खिलाड़ियों की बैठक हुई। बताया गया कि 8 मार्च से मैच शुरू होगी जो 12 मार्च तक चलेगी। इससे पहले सात मार्च को फैंसी मैच गुमला शहर के प्रबुद्ध लोगों की टीमों के बीच होगी। पांच दिनों तक चलने वाले इस क्रिकेट मैच में गुमला जिला के अलावा लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी व जशपुर जिला की टीम भाग लेगी। सभी मैच दूधिया रोशनी में कैनवस बॉल से होगी। ग्राउंड में स्क्रीन लगाया जायेगा। क्रिकेट मैच के संयोजक रोहित उरांव, अध्यक्ष दीपक वर्मा काजू व कार्यकारी अध्यक्ष भोला चौधरी ने कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र युवाओं को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं।

---

# लोहरदगा में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, पुलिस लाइन से निकली शिव बारात



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले में महाशिवरात्रि का पर्व इस बार सिर्फ आस्था और भक्ति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भाईचारे और सौहार्द की मिसाल भी बना। लोहरदगा पुलिस लाइन में भव्य रूप से भगवान शिव की आराधना हुई, जहां डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर तिर्की समेत अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी और जिले में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पुलिस लाइन बक्सीडीपा से निकली यह भव्य बारात नगर भ्रमण करते हुए लोहरदगा कोर्ट कंपाउंड स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां विधिपूर्वक पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किया गया। इसके बाद बारात न्यू पुलिस लाइन लौटी, जहां रात 12:00 बजे भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान आरक्षी चालक निर्मल सिंह ने भगवान शिव का रूप धारण किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इसके बाद सभी अधिकारियों ने पगड़ी पहनकर शिव बारात में शामिल होकर नृत्य किया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साह से भर गया। डीसी डॉ वाघमारे ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें संयम, अनुशासन और भक्ति का भी पाठ पढ़ाती है। यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि लोहरदगा में सभी धर्मों के लोग मिलकर हर त्योहार को हर्षोल्लास से मनाते हैं। यही हमारे देश की पहचान है। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पर्व केवल पूजा का नहीं, बल्कि हमें एकता और भाईचारे का संदेश भी देता है। धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं। इस महाशिवरात्रि की सबसे खास बात रही कि एसपी हारिस बिन जमां, जो इस्लाम धर्म के अनुयायी हैं, उन्होंने भगवान शिव की आरती कर समाज में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। उनके इस कदम ने सच्चे भारतीय मूल्यों को दर्शाया, जहां हर धर्म का सम्मान किया जाता है। उनकी इस पहल को देखकर लोगों ने कहा- यही असली हिंदुस्तान है! लोहरदगा पुलिस प्रशासन की इस पहल ने एकता, भाईचारे और सद्भावना का संदेश फैलाया।

---

#### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में त्रिमूर्ति शिव जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया

# जीवन की बुराइयां शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनानाः डीइओ



शिवलिंग के समक्ष बुराईयों को त्यागने का संकल्प लेते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय शाखा शिव दर्शन भवन में गुरूवार को 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पूरे हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई। मौके पर परमात्मा शिव के प्रतिमा पर पत्र, पुष्प और माल्यार्पण कर, शिव ध्वज फहराते हुए समस्त बुराइयों से दूर रहने हेतु प्रतिज्ञा ली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो के द्वारा शिव ध्वजारोहण किया गया। मौके पर डीईओ कविता ने कहा कि जीवन की बुराइयां शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। शिव परमपिता परमात्मा विश्व कल्याणकारी इस धरा पर अवतरित होकर विश्व को सुखमय संसार बनाने का कार्य कर रहे हैं। सौभाग्य पूर्वक कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही है। सेवानिवृत्ति जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश पांडे ने कहा कि इस कलयुग कालरात्रि में शिव भोलेनाथ पधारकर इस संसार से क्लेश मिटाकर एक नई सतयुग की दुनिया स्थापना करते हैं। जिसमें हर मनुष्य का जीवन सुख शांति से भरपूर होता है। सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का महापर्व कई आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए हैं। यह पर्व सभी पर्वों में महान और श्रेष्ठ है, क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है। महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में अक-धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। कार्यक्रम में व्यवसायी पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, बीके ममता, बीके सुचिता, बीके मंजू, केदार प्रसाद, मंगल भाई, सुधीर भाई, विनय भाई, अमित भाई, ज्योति, रेणुका के साथ सैकड़ो भाई-बहन मौजूद थे।

---

## गुमला के दुकानों में की गयी छापामारी

गुमला। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गुरूवार को शहर के पालकोट रोड, सिसई रोड और लोहरदगा रोड में कोटपा कानून के तहत सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान निकोटिन और तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री करते हुए कई विक्रेताओं को पकड़ा गया। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में तंबाकू युक्त उत्पाद न बेचने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त खाद्य व्यापार से जुड़े सभी विक्रेताओं को आवश्यक खाद्य लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए गए। इस संदर्भ में 28 फरवरी 2025 को सिविल सर्जन कार्यालय के सामने स्थित खाद्य सुरक्षा कार्यालय में खाद्य लाइसेंस शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान कुल 1600 रूपया का जुर्माना लगाया गया।

---

# लोहरदगा में निकाली गयी शिव बारात

**श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति के साथ की शिव आराधना**



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को निकली शिव बारात का भव्य समापन रात 10:00 बजे हुआ, जब यह शोभायात्रा ईस्ट गोला रोड स्थित मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। जैसे ही शिव बारात मंदिर पहुंची, भक्तों ने हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया। मंदिर में पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद और जलपान की व्यवस्था की गई थी। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव को नमन किया और उनके आशीर्वाद की प्रार्थना की। बारात में शामिल श्रद्धालुओं का स्थानीय निवासियों और भक्तों ने फूलों की वर्षा से स्वागत किया, जिससे उत्सव का माहौल और भी दिव्य बन गया। शिव बारात जैसे-जैसे आगे बढ़ी, शहर शिवमय होता गया। ठाकुरबाड़ी मंदिर से शुरू होकर अपर बाजार, महावीर चौक होते हुए बारात जब मंदिर पहुंची, तब तक भक्तों की भीड़ और उत्साह अपने चरम पर था। रास्ते भर भक्तगण भक्ति गीतों और बम-बम भोले के जयकारों के साथ झूमते रहे। पूरे रास्ते पेयजल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई थी। इस बार श्रद्धालुओं का उत्साह और संख्या बीते वर्षों की तुलना में कहीं अधिक देखने को मिली। लोहरदगा में वर्षों से चली आ रही इस परंपरागत शिव बारात ने इस साल एक नया उल्लास और ऊर्जा भरी। भक्तों की भीड़ और संगीत, भजन, नृत्य से सराबोर माहौल ने इस महाशिवरात्रि को अविस्मरणीय बना दिया।

# इंटरनेट: लत से बचाव

बच्चों और युवाओं को इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान , दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा। यह देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है, जिसे विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के बीच प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्याग्रस्त उपयोग को देखते हुए साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप विकसित करने का काम सौंपा गया है। सीएआर-एबी के सीएबी-एई का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में इंटरनेट और प्रौद्योगिकी से संबंधित लत की रोकथाम, जांच, प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप करना होगा। साथ ही, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के कर्मियों के लिए इन समस्याओं की रोकथाम और प्रबंधन के लिए संसाधन विकसित किए जाएंगे। यह केंद्र इंटरनेट और प्रौद्योगिकी के उपयोग से जुड़े तनाव, अवसाद, चिंता और लत को कम करने में भी मदद करेगा।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

मिथुन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

कर्क : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

कन्या : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-4-6-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। शुभांक-3-5-6

धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कुंभ : राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

मीन : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-1-3-5

# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट

**महाकुंभ** संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।

तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है।

बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी।

प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा।

और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।



इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है।

ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है।

प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई।

आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।



\- नरेंद्र मोदी

> इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है,लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया।

साथियों, महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे। इसके बाद हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था।

144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है- विकसित भारत का।

जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है।

साथियों, आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है।

भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधी जी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती। लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है।

वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें। हम एकता के महामंत्र को जीवन मंत्र बनाएं, देश सेवा में ही देव सेवा, जीव सेवा में ही शिव सेवा के भाव से स्वयं को समर्पित करें। **जारी...**

## लेटर टू एडिटर

### इस जीत के मायने

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रम्प का चुनाव एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े समर्थक और प्रमुख सहयोगी जॉर्ज सोरोस के लिए करारा झटका साबित हुआ है। सोरोस, जो भारत सहित दुनिया भर के प्रभुत्व सम्पन्न देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करते रहे हैं, अब उनके प्रयासों को एक धक्का लगा है। नागरिकों और मतदाताओं ने भी इन षड्यंत्रों को समझा।

**- के. ठाकुर, हजारीबाग**

### कारगर नीति

सुप्रीम कोर्ट ने अनियंत्रित प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाते हुए पराली जलाने पर जुमार्ना राशि 15,000 से बढ़ाकर 30,000 कर दी है। राज्य सरकारों की सख्ती के बावजूद समस्या बनी हुई है। इस संदर्भ में केंद्र और राज्य सरकारों को कारगर नीति बनानी चाहिए, ताकि पराली जलाने की आवश्यकता न पड़े।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**रायबरेली** में मॉडर्न कोच फैक्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत के दौरान एक महत्वपूर्ण सवाल उठा - क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है? मौजूदा समय की जरूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेजी से प्रयास किए जाने चाहिए।

रेलवे को सिर्फ यात्रा का साधन न मानकर, प्रोडक्शन और अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ के रूप में विकसित करना होगा। हमारा लक्ष्य पूरी तरह से लोकलाइज्ड प्रोडक्शन सिस्टम को मजबूत बनाने पर होना चाहिए।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# फिल्म छावा: एतिहासिक तथ्यों से भरी मजबूत और मर्मस्पर्शी घटनात्मक प्रस्तुति

**एनके मुरलीधर**

**सिनेमा** हॉल में कई दृश्यों पर अश्रुपूरित नेत्रों से अपने वीरों को याद करते दर्शक और आज के युवा अपने अतीत को पर्दे पर देखकर रोमांचित होते हैं। छत्रपति संभाजी महाराज की अनसुनी कहानी...'छावा', बलिदानों की दास्तान है। पीएम मोदी भी इस फिल्म की अपने भाषणों में चर्चा कर रहें हैं।

'छावा' छत्रपति संभाजी महाराज की अनसुनी कहानी को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाली फिल्म है. इस फिल्म में मराठा योद्धा संभाजी महाराज की भूमिका में विक्की कौशल नजर आते हैं, जबकि महारानी येसुबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना ने अपना दमखम दिखाया है. इस फिल्म की कहानी सिर्फ युद्ध और विजय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, विश्वासघात और स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों की भी दास्तान है.

'छावा' छत्रपति संभाजी महाराज की अनसुनी कहानी को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाली फिल्म है।

फिल्म ऐतिहासिक घटनाओं, रोमांचक एक्शन, भावनात्मक उतार-चढ़ाव और राजनीतिक साजिशों का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है। यह कहानी सिर्फ युद्ध और विजय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, विश्वासघात और स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों की भी दास्तान है।

**संभाजी महाराज बनाम औरंगजेब: एक ऐतिहासिक संघर्ष**

फिल्म की शुरूआत जनवरी 1681 से होती है, जब मुगल बादशाह औरंगजेब को यह सूचना मिलती है कि छत्रपति शिवाजी महाराज का निधन हो गया है। यह खबर सुनकर औरंगजेब को लगता है कि अब वह आसानी से डेक्कन के मराठा साम्राज्य पर कब्जा कर लेगा। लेकिन वह यह नहीं जानता कि शिवाजी महाराज के पुत्र, संभाजी उर्फ 'छावा' उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती बनने वाले हैं। संभाजी महाराज अपनी वीरता और नेतृत्व क्षमता से मुगलों के लिए बड़ा

**फिल्म**

खतरा बन जाते हैं। वे बुरहानपुर पर हमला करते हैं और मुगलों को हराकर अपनी शक्ति का परिचय देते हैं। यह जीत मुगलों के लिए एक बड़ा झटका साबित होती है क्योंकि उस दौर में बुरहानपुर मुगल साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण और समृद्ध शहर था।

इस हार के बाद औरंगजेब बौखला जाता है और संभाजी महाराज को हराने के लिए एक विशाल सेना तैयार करता है। वह हर हाल में मराठा साम्राज्य को खत्म करने और अपना वर्चस्व स्थापित करने की कसम खाता है। दूसरी ओर, छत्रपति संभाजी महाराज अपनी सेना के साथ रणनीति तैयार करते हैं और औरंगजेब की चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**फिल्म में अभिनय का जलवा**

'छावा' में विक्की कौशल ने एक बार फिर साबित किया है कि वे हर किरदार में जान डाल सकते हैं। इस फिल्म में वे पूरी तरह से छत्रपति संभाजी महाराज के व्यक्तित्व में ढल गए हैं। उनकी संवाद अदायगी, शारीरिक भाषा और स्क्रीन प्रेजेंस जबरदस्त हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह विक्की कौशल के करियर की सबसे प्रभावशाली परफॉर्मेंस में से एक है।

येसुबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना की उपस्थिति सशक्त है। उन्होंने मराठा महारानी की गरिमा और भावनात्मक पक्ष को बखूबी पर्दे पर उकेरा है। वहीं, अक्षय खन्ना ने औरंगजेब के रूप में जबरदस्त काम किया है। उनकी आंखों में क्रूरता और चालाकी झलकती है, जो उनके किरदार को और भी प्रभावशाली बनाती है। सपोर्टिंग कास्ट में आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार सिंह और डायना पेंटी ने भी अपने किरदारों में शानदार प्रदर्शन किया है। इनकी मौजूदगी से फिल्म की कहानी और मजबूत होती है।

17वीं शताब्दी का माहौल जीवंत महसूस होता है। युद्ध के दृश्यों को शानदार तरीके से फिल्माया गया है, जो दर्शकों को उस युग की वीरता और संघर्ष में डुबो देता है।

हालांकि, फिल्म में कुछ छोटे-छोटे जंप कट्स हैं, जो बीच-बीच में कहानी की लय को बाधित करते हैं। लेकिन यह कोई बड़ी समस्या नहीं है क्योंकि कहानी और अभिनय का प्रभाव इतना गहरा है कि यह कमियां नजरअंदाज की जा सकती हैं।

**क्यों देखें 'छावा'?**

अगर आप ऐतिहासिक फिल्मों, वीरता की कहानियों और महाकाव्य स्तर के प्रदर्शन के शौकीन हैं, तो 'छावा' आपके लिए एक बेहतरीन अनुभव होगा। फिल्म में एक सशक्त कहानी, दमदार अभिनय, भव्य दृश्य और गजब की सिनेमेटोग्राफी है। कुछ छोटी-मोटी खामियों को छोड़ दिया जाए, तो यह फिल्म बड़े पर्दे पर देखने लायक है।

जबरदस्त फिल्म जिसे किसी खास चस्में से देखने की जरूरत नहीं है।

# धर्म, कर्म और आस्था की महाकुंभ में स्नान और दिव्य अनुभूति पर मंथन

**-डॉ. दिनेश चंद्र सिंह**

**महाकुंभ** 2025 में संगम स्नान का अपना महत्व है लेकिन यह बार-बार किया जाए, वो भी वीवीआईपी बनकर, यह अनुचित है। मेरी अंतरात्मा ने इस पर गौर किया और मैंने संगम स्नान की जगह भक्त समूह से निकलते रहने वाली सकारात्मक ऊर्जा स्नान को तवज्जो दी। ऐसा इसलिए कि 21 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार का संयोग ही कुछ ऐसा बना, दैवीय प्रेरणा और पेशेवर कार्यवश। यह दिन मेरे लिए सभी दृष्टि से खासकर धार्मिक दृष्टि से पुण्य प्रदायक और प्रशासनिक एवं न्यायिक दृष्टि से उपलब्धियों भरा रहा।

दरअसल, शुक्रवार को ही माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज में न्यायालय खंड पीठ 3 के समक्ष जिलाधिकारी जौनपुर के तौर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के आदेश के क्रम में मुझे 10 बजे प्रातः न्यायालय में उपस्थित होना था। इसलिए मैं सुबह 4 बजे उठा और प्रयागराज के लिए सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ सवा पांच बजे रवाना हुआ। मैंने अपनी इस यात्रा के दौरान भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक आस्था से परिपूर्ण जनसमुदाय की उस पैदल महाकुम्भ 2025 यात्रा के दिव्य दर्शन किए, जो पवित्र संगम की तपोभूमि प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने को कूच कर रहे थे। इस लाखों की संख्या वाले जनसमुदाय को पैदल चलते हुए देखना, हर्ष और उजार्वान नेतृत्व में संचालित टोलियों/डोलियों के रूप में दर्शन करना दिव्य अनुभूति प्रदान कर रहा था। क्योंकि इसमें देश के प्रत्येक कोने, प्रान्त, क्षेत्र के लोग शामिल थे, जो भारत में क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग करते हैं।

मसलन, ऐसा करने वाली जनता जनार्दन को देखा कि कितने मनोयोग से वे सभी महाकुम्भ 2025 की पवित्र आस्था पर्व में शामिल होने के लिए विभिन्न कठिनाइयों को झेलते हुए भी जा रहे हैं और अपनी दुर्लभतापूर्ण यात्रा को सुविधायुक्त यात्रा में मंगलमय बनाने वाली प्रबंधकीय व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन सबकी वात्सल्य भरी करुणा, सादगी और सनातन धर्म के प्रति अनुराग की उजार्वान संवेदनाओं के साथ तीर्थराज प्रयाग की संगम की तपोभूमि में स्नान करने के लिए सभी ओर से पैदल जाते हुए देख मन द्रवित हुआ।

वहीं, आस्था की पवित्र डुबकी के लिए मेरे मन में यह विश्वास पैदा हुआ कि आज संगम की पवित्र डुबकी के स्थान पर मेला

**महाकुंभ**

क्षेत्र का सूक्ष्म भ्रमण कर आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की मानवीय संवेदनाओं से परिचय होगा। साथ ही उनसे उत्पन्न पवित्र धनात्मक ऊर्जा, जिसका उत्सर्जन करोड़ों आस्थावान सनातन धर्मियों की पदचाल से उत्सर्जित हो रही थी, उसी में अपने मन की जिज्ञासा की डुबकी लगाऊंगा और मैंने यही किया। वाकई यह आनंददायक पल रहा।

मैं कठिन प्रशासनिक व्यवस्था के फलस्वरूप कुंभ मेला क्षेत्र में तो गया, परन्तु मेरे मन में स्नान की जिज्ञासा और चाह थी। हालांकि करोड़ों आस्थावान नागरिकों की पदचाल की ध्वनि से उत्पन्न पवित्र ऊर्जा से स्नान की प्रतिज्ञा ने वीवीआईपी प्रोटोकॉल को प्राप्त करके स्नान करने की इच्छा/चेष्टा को त्यागकर पवित्र कुम्भ क्षेत्र में अपने ईष्ट प्रभु हनुमानजी को एवं त्रिवेणी की पवित्र धारा को प्रणाम कर वापस लौटने का निर्णय लिया क्योंकि इससे पूर्व मैं महाकुम्भ 2025 का स्नान एकबार कर चुका हूँ। इसलिए पुनः वीवीआईपी प्रोटोकॉल में स्नान करना मेरे लिए एवं मेरे पद के लिए अनुकूल नहीं है, क्योंकि हमें व्यवस्था एवं अनुशासन पूर्वक श्रद्धालुओं को पवित्र आस्था के महाकुम्भ 2025 में डुबकी लगाने के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना है, न कि स्वयं बार-बार स्नान कर अपनी मनोकामना की तृप्ति के लिए प्रयास करना।

दरअसल, तीर्थराज प्रयाग के दर्शनमात्र से भी वही पुण्य मिलता है जितना पवित्र डुबकी से, बिना किसी को कठिनाई दिए। इसलिए मैंने ऐसा निर्णय किया। पुनः विघ्नसंतोषी, अल्पज्ञानी, ईर्ष्या और परनिंदा में लगे अधम चरित्र एवं व्यक्तित्व के व्यक्तियों का यह कहना कि एक वरिष्ठ अधिकारी स्वयं स्नान नहीं कर सका। ऐसे ही लोगों के बारे में रामचरितमानस में लिखा गया है कि ₹हर गुर निंदक दादुर होई। जन्म सहस्त्र पाव तन सोई॥ द्विज निंदक बहु नरक भोग करि। जग जनमइ बायस सरीर धरि॥₹ कहने का तातपर्य यह कि जैसा कि कागभुशुण्डि जी बताते हैं- शंकरजी और गुरु की निंदा करने वाला मनुष्य (अगले जन्म में) मेंढक होता है और वह हजार जन्म तक वही मेंढक का शरीर पाता है। ब्राह्मणों की निंदा करने वाला व्यक्ति बहुत से नरक भोगकर फिर जगत में कौए का शरीर धारण करके जन्म लेता है॥

परन्तु वह क्या जानें कि मैं पवित्र स्नान मन, वचन, कर्म से पूर्व में ही कर चुका हूँ। इसलिए मैं आज पवित्र संगम में डुबकी लगाई, तो मात्र पैदल चलने वाले श्रम-साध्य सनातनधर्मी आस्थावान भारतीय एवं विदेशी नागरिकों की पदचाल से उत्पन्न सृजनात्मक ऊर्जा की अदृश्य धारा के बीच, जैसे त्रिवेणी में मां सरस्वती नदी की धारा अदृश्य है।

वहीं, पुनः एकबार उत्तर प्रदेश सरकार के उत्कृष्ट प्रयासों पर कहना चाहूँगा कि उत्कृष्ट व्यक्तित्व एवं उत्कृष्ट मन का निर्माण संघर्ष, त्याग और आस्था की गरिमामयी साधना में होता है, न कि बार-बार डुबकी लगाने से। इधर, कुछ शुभेच्छुओं के सन्देश आये कि आप व्यवस्था न मिलने के कारण संगम से लौट आए। पर शायद उन्हें यह नहीं मालूम कि मैंने आज पवित्र महाकुम्भ में पवित्र संगम की धारा में डुबकी के साथ आस्थावान करोड़ों नागरिकों की आस्था के महासंगम 2025 में पवित्र डुबकी लगाई है।

निःसन्देह, धन्य है पवित्र संगम की वह धरा जो व्यक्तित्व के निर्माण की तपोभूमि है और आज के मध्यम परिवार के एक लड़के को बाल्यकाल के छवि से एक प्रशासक की छवि बनाने की अभूतपूर्व यात्रा के प्रति न केवल साक्षी रही है, बल्कि अनवरत आशीर्वाद देने वाली तपोभूमि भी रही है।

स्पीड न्यूज

## पीवीयूएनएल ने रामगढ़ जिला प्रशासन को दिया 1.76 करोड़



रामगढ़। गर्मी के मौसम के मद्देनजर ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर पीवीयूएनएल द्वारा जिला प्रशासन रामगढ़ को सीएसआर के तहत 1 करोड़ 76 लख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में 1 करोड़ 76 लख रुपए की राशि का चेक सौंपा गया। मौके पर उपायुक्त के द्वारा पीवीवीएनएल द्वारा किए गए इस पहल की सराहना की गई। पीवीयूएनएल द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि से रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 सोलर स्वचालित जल मीनारों का अधिष्ठापन कराया जाएगा वहीं सोलर स्वचालित जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा कराया जाएगा।

## चंद्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि



रजरप्पा। प्राथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद के 94वें शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने उनकी जीवनी और बलिदान की कहानी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक होनहार, निडर, कट्टर राष्ट्रभक्त व विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने 15 वर्ष की उम्र में ही आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लेने लगे तथा साढ़े चौबीस वर्ष की उम्र में ही शहीद हो गए। अतः हमें उनकी देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली, मोगिश अहमद, अनीता कुमारी सहित समस्त बच्चे उपस्थित थे।

## कुजू में भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न



कुजू। यज्ञ जहां भी होता हैं वहां साक्षात सभी देवी देवताओं का आगमन होता है। उक्त बातें सांसद मनीष जयसवाल ने कही। श्री जयसवाल साण्डी कांटी फैक्ट्री स्थित शिव नगर कॉलोनी में आयोजित श्री श्री 1008 पंच दिवसीय शिव शक्ति सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में बुधवार की रात्रि पहुंचकर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यज्ञ समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि अपने निजी जीवन में अच्छे कर्मों को आत्मसात करने का प्रयास करें। ताकि हिंदू समाज मे जागरूकता आने के साथ दुनिया में हम सबसे आगे रहे। इससे पूर्व यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, यज्ञ संचालक राकेश कुमार पांडेय, नवीन पांडेय, प्रभाकर पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, सौरभ पांडेय द्वारा यजमान बने हरिनंदन चौधरी, रामदेव यादव, राजू चौधरी सपत्नीक के हाथों सर्वप्रथम सामूहिक हवन,पूणार्हुति, बसोधारा, कन्या पूजन, आरती, पुष्पांजलि, मूर्ति विसर्जन आदि कार्य कराए गए। इसके बाद महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। वही पंडितो द्वारा रक्षा सूत्र बांधते हुए सांसद को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## बोंगाबार में अखंड हरिकीर्तन संपन्न



कुजू। महाशिवरात्रि को लेकर बोंगाबार मंडाटांड़ स्थित शिवालय में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन गुरुवार को पूजा अर्चना के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर पंडित सुमंतो पंडा एवं लक्ष्मी कुमार पंडा ने यजमान अर्जुन महतो के हाथों विधिवत पूजा अर्चना और हवन आदि कार्य को संपन्न कराया। तपश्चात पूजा समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। इस बीच उन्होंने माथा टेकर आशीर्वाद लिया। मौके पर हेमनी देवी, राजू साव, रामचंद्र महतो, महेश महतो, तेजनारायण कुशवाहा, महेन्द्र महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसवीएम स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी



भुरकुंडा (रामगढ़)। एसवीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में गुरूवार को विज्ञान-प्रदर्शनी का उद्घाटन दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़, विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक एचएन यादव, बासल थाना के एएसआई विनोद कुमार और दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के निदेशक मो. अतहर अली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों सहित विद्यालय परिवार ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश के वीर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। स्मार्ट ग्रैब के नेतृत्व में आयोजित साइंस एग्जीबिशन में 500 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। जहां छात्रों ने 20 से अधिक साइंटिफिक प्रोजेक्ट्स के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये विद्युत परिपथ, पवन चक्की, ज्वालामुखी, वर्षा जल संचयन, ग्रीनहाउस प्रभाव, हाइड्रोलिक रोबोटिक भुजा, स्वचालित स्ट्रीट लाइट प्रणाली, यातायात प्रबंधन प्रणाली, अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणाली, सौर प्रबंधन प्रणाली सहित 20 से अधिक मॉडलों के इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स ने सबों का मन मोह लिया। वहीं एआई स्मार्ट वोटिंग सिस्टम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस अनोखे प्रोजेक्ट ने दिखाया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल चुनाव प्रक्रिया को और ज्यादा पारदर्शी और स्मार्ट बना सकता है। अतिथियों ने मॉडलों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों की जमकर सराहना की। मेवाड़ ने कहा कि यहां के बच्चे प्रतिभा के धनी के साथ ही हर क्षेत्र में अव्वल हैं।

# गोला में जुलूस पर पत्थराव को लेकर धरना पर बैठे जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिलांतर्गत गोला प्रखंड स्थित ग्राम सोसोकलां में 04 फरवरी को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान बच्चियों और महिलाओं के जुलूस पर हुए पत्थराव को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। जायसवाल ने कहा कि जहां एक ओर देश महिला और बच्चियों के सम्मान और उनके सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है वहीं झारखंड सरकार बच्चियों पर पत्थराव जैसे शर्मनाक घटना पर भी चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसा झारखंड के वर्तमान सरकार से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि देश महिला, बच्ची और हिंदुओं पर अत्याचार कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। इस आंदोलन को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दिया समर्थन। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के धरने में बैठने के करीब चार घंटे के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन की एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर पहुंचा जहां करीब आधे घंटे से अधिक समय तक धरने में बैठे सांसद मनीष जायसवाल से वार्ता हुआ। वार्ता के दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सरकार के इशारे पर एक पक्ष को सहयोग करने का आरोप गंभीर लगाते हुए पुरजोर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चियों के साथ मारपीट हुआ वो नाबालिक है तो आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट क्यों नहीं लगा, एक महीने बीतने के बाद भी चार्जशीट क्यों नहीं फाइल हुआ, पुलिस के सामने घटना घटी और पुलिस के साथ भी मारपीट एवं धक्कामुक्की होने के बावजूद पुलिस के तरफ एफआईआर क्यों नहीं किया गया और उल्टा सफरर पक्ष पर ही झूठे एफआईआर क्यों दर्ज कर दिया गया। प्रशासन की ओर से वार्ता करने पहुंचे अधिकारियों की सांसद मनीष जायसवाल के सवालों की झड़ी पर पसीने छूट गए और उनकी बोलती बंद हो गई।

लगातार वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से सांसद मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया गया कि विधिसम्मत अगर पॉक्सो एक्ट लगेगा तो जरूर लगाया जाएगा साथ ही एक महीने के अंदर इस घटना की चार्टशीट की कार्रवाई पूरी कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा और सफरर पक्ष पर हुए एफआईआर की जांच कर

### हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : सांसद



### जनता करेगी सीधी कार्रवाई: चंद्रप्रकाश

जो दोषी नहीं होंगे उनका नाम केस से हटाया जाएगा। प्रशासन की ओर से वार्ता करने पहुंचे रामगढ़ एसडीओ अनुराग तिवारी, डीएसपी हैडक्वाटर चंदन वत्स, गोला सीओ समरेश भंडारी, बीडीओ सुधा वर्मा, रजरप्पा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पाण्डेय और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में सांसद मनीष जायसवाल ने धरने में शामिल लोगों से सहमति लेने के बाद इस अनिश्चितकालीन धरने को तत्काल समाप्त कर एक महीने के अंदर इस मामले पर कार्रवाई पूर्ण नहीं होने पर पुनः इस मामले को लेकर उग्र आंदोलन करने की बात कही ।

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन तुष्टिकरण की नीति पर कार्य कर रही है लेकिन हम इस धरने के माध्यम से सरकार और प्रशासन को चेता देना चाहते हैं कि न्यायपूर्ण कारवाई करें अन्यथा जनता सड़क पर उतरकर सीधी कारवाई करेगी ।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें : नैंसी सहाय

### हजारारीबाग डीसी ने की समाज कल्याण विभाग की समीक्षा, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान, मिशन वात्सल्य योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों की भौतिक स्थिति, पोषण ट्रैकर ऐप में लाभुकों का आधार सत्यापन, टीएचआर वितरण, सेविका-सहायिका की रिक्ति एवं मानदेय भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों और महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें और वहां की सुविधाओं जैसे शौचालय, पानी, बिजली एवं रखरखाव की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और आने वाले समय में कई नए केंद्रों का निर्माण होगा। साथ ही, अप्रैल से टीएचआर वितरण फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए किया जाएगा, जिसका प्रशिक्षण सेविकाओं को मार्च के पहले सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा ने बताया कि स्पांसरशिप योजना के तहत इस वर्ष 192 नए बच्चों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने महिला पर्यवेक्षिकाओं को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चिह्नित केंद्रों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## युवती के अपहरण मामले में गालिब के खिलाफ वारंट जारी

रामगढ़। रजरप्पा थाना क्षेत्र से अपहत की गई युवती आशा वर्मा को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है। एसपी अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि अपहरण कांड संख्या 38/25 में पुलिस ने न्यायालय से वारंट मांगा था। न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। एसपी ने बताया कि आशा वर्मा के भाई रौनक कुमार वर्मा ने अपनी बहन के अपहरण कांड में चितरपुर, दर्जी मोहल्ला निवासी मो गालिब और उसके सहयोगियों के बारे में जिक्र किया था। वर्तमान समय में गालिब खान उर्फ राजा केरल राज्य के अलपुंझा जिला अंतर्गत कायमकुलम थाना क्षेत्र में मौजूद है। रामगढ़ पुलिस की टीम उस थाना क्षेत्र में पहुंची हुई है। न्यायालय से जारी वारंट भी टीम को भेज दिया गया है। आशा वर्मा के केस में शामिल अधिवक्ता जया एस लता ने बताया कि गुरुवार को हाई कोर्ट केरल में सुनवाई हुई। आशा वर्मा ने बालिग होने के साथ अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई थी। हाई कोर्ट ने उसे पुलिस सुरक्षा मुहैया करने का आदेश दिया है।

## हजारीबाग में रोजगार मेला सोमवार को

टाटीझरिया। जेएसएलपीएस हजारीबाग के सौजन्य से सोमवार को होटल पैराडाइज, हजारीबाग में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जेएसएलपीएस टाटीझरिया बीपीएम शेखर पांडेय ने बताया कि टाटीझरिया प्रखंड के झरपो, भराजो, खैरा, डहरभंगा, डूमर, धरमपुर, टाटीझरिया और बेडम पंचायतों के 18 से 35 वर्ष के इच्छुक युवक-युवतियां रोजगार मेला में भाग लेकर पंजीकरण करा सकते हैं। मेले में राधा गोविंद सेफगार्ड, सीपीआई, कॉटन ब्लूजोम, शाही एक्सपोर्ट सहित 70 कंपनियां मौजूद रहेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में भर्ती करेंगी। उम्मीदवार डेटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीन ऑपरेटर (एसएमओ), नर्सिंग (जीडीए), कंप्यूटर ऑपरेटर, मोबाइल रिपेयरिंग आदि पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

रोजगार मेले में शामिल होने के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 4 पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
बीपीएम शेखर पांडेयः 7004524098
जेएसएलपीएस एडमिन शिवेश पांडेयः 9693771308।

## पुलिस छावनी में तब्दील हुआ डुमरौन



हजारीबाग। इचाक प्रखंड के डुमरौन में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद घटना स्थल पर पुलिस बल तैनात है। हालांकि इलाके में स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस प्रशासन ने पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिला पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति कुमारी ने बताया कि दोनों पक्षों से 45 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं दो सौ अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में कानून के तहत अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

# प्रतापगढ़ से तीन युवकों का शव भुरकंडा पहुंचा

### परिजनों के चित्कार से लोगों के नम हुयीं आंखें

भुरकुंडा (रामगढ़)। महाकुंभ से स्नान कर अयोध्या जाने के क्रम में भुरकुंडा-भदानीनगर के तीन युवक और रांची के एक युवक की यूपी के प्रतापगढ़ में मंगलवार की अहले सुबह करीब 3 बजे कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। जबकि कार में सवार तीन युवक घायल हो गये। दुर्घटना में निधन हुए भदानीनगर निवासी अभिषेक ओझा, चिकोर निवासी सन्नाउल्ला अंसारी और भुरकुंडा जवाहर नगर हनुमानगढ़ी निवासी सौरभ कुमार के शव को प्रतापगढ़ से एक ही एंबुलेंस में बुधवार को दोपहर ढाई बजे भुरकुंडा लाया गया। शव के घर पहुंचते ही माता-पिता और परिजनों के चित्कार से पुरा माहौल गमगीन हो गया। उपस्थित लोगों के आंखों से भी आंसू छलक पड़े। मृतक अभिषेक ओझा और सौरभ कुमार का अंतिम संस्कार गिद्दी दामोदर नदी श्मशान घाट पर किया गया। सौरभ को मुखाग्नि छोटा भाई गौरव कुमार और अभिषेक ओझा को मुखाग्नि चाचा भोला ओझा ने दिया। भदानीनगर



भदानीनगर में अभिषेक ओझा के शव को देखने के लिए उमड़ी भीड़

चिकोर निवासी मो. सन्नाउल्ला अंसारी को चिकोर उपर टोला कब्रिस्तान में दफनाया गया। अंतिम यात्रा में तीनों जगहों सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं शोक संवेदनाओं का तांता लगा रहा। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में प्राचार्य विजयंत कुमार, योगेश दांगी, राधेश्याम अग्रवाल, मनोज राम, दिलीप दांगी, डब्लु पांडेय, राजीव रंजन, लक्ष्मी शर्मा, अशोक राम, अशोक सोनी, दिनेश राजगड़िया, राजेश गिरी, मुना ओझा, अजय गुप्ता, आतिफ, अमरेश सिंह, विनोद सिंह संजीव कुमार बावला, राजु पांडेय, राजेश मंडल, सतीश मोहन मिश्रा, विजय वर्णवाल, नईस आलम, संतोष अग्रवाल, अनुप ठाकुर, सन्नी कुशवाहा, सागर दांगी, बारिक अंसारी, इनुस राय, अलीमान राय, फारूख अंसारी, शमशेर, असगर अली, मुतुर्जा राय, सलिम अंसारी, कलीम अंसारी, आलम अंसारी सहित सैंकड़ो लोग शामिल हैं। भदानीनगर में जैसे ही विधासागर ओझा के आवास में पुत्र अभिषेक का शव पहुंचा, चहुंओर रोन-बिलखने की आवाज से पुरा क्षेत्र मर्माहत हो गया। घर की महिलाये चित्कार मारकर अपने पुत्र को जगाने का प्रयास करती रहीं। वही भुरकुंडा हनुमानगढ़ी पुरान सिनेमा हॉल मुहल्ला में एंबुलेस के पहुंचते ही मृतक सौरभ की एक झलक देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोग रोते-विलखते अपने लाडले को देखना चाहते थे। घर की महिलाओं का रोना और चित्कार से पुरा मुहल्ला रो पड़ा।

चिकोर में भारी संख्या में लोग सन्नाउल्ला को अंतिम विदाई देने पहुंचे। घर का एकलौता कमाऊ बेटा के इस तरह जाने से पिता नासिर अंसारी और माता का रो-रोकर बुरा हाल था। सनाउल्ल के मौत से उसके 5 वर्षीय पुत्र मो. सैफी और 9 माह की बेटी मरियम नाज बस टकटकी लगाये उमड़े भीड़ को देख रही थी। उसे पता नहीं की उसके अबु इस दुनियां में नहीं रहे।

एक नजर में

## ढौठवा में खुला संत विवेकानंद विद्या मंदिर



कटकमसांडी। ढौठवा गांव में संत विवेकानंद विद्या मंदिर का बुधवार को जियो टावर के समीप विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विवेकानंद इंटर कॉलेज, टाटी झरिया के प्राचार्य मुकेश कुमार और विशिष्ट अतिथि विशाल जी, सुनील जी एवं झारखंड सहायक अध्यापक महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार पंडित उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के उद्घाटन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में समाजसेवी परमेश्वर यादव, सहदेव यादव, पप्पू यादव, डायरेक्टर नरेश प्रजापति, उदय यादव, दीपक कुमार शर्मा, मनदीप यादव, मनीष चौधरी, सन्नी खान, उदय कुमार यादव, प्रदीप शर्मा, संत कुमार पंडित, मुकेश दांगी, एतराज सिंह, विकु कुमार यादव, राजेश प्रजापति, विजय कुमार दांगी, लक्ष्मण यादव, आनंद कुमार यादव, संतोष रविदास, संजय रविदास, संदीप यादव, उदय राणा, काली यादव, इस्माईल अंसारी, अजय कुमार यादव, विजवा देवी, अंजू देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, रेशमी देवी, पूरन यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।
विद्यालय के शुभारंभ पर अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद बनेगा और संत विवेकानंद के विचारों को आगे बढ़ाएगा। ग्रामीणों ने विद्यालय के सफल संचालन और क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए संयोजकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

## चौपारण में चार एकड़ पोस्ता की फसल नष्ट



चौपारण। चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गर्मोरवा के बेलवा जंगल और कस्बा तारी जंगल में छापेमारी कर करीब 4 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध पोस्ता की खेती की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर खेतों में लगी पूरी फसल को तबाह कर दिया। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी कीमत पर अवैध अफीम की खेती बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और इस गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गई हो। इससे पहले भी कई इलाकों में पुलिस ने इस काले कारोबार को खत्म करने के लिए अभियान चलाया था। प्रशासन अब और ज्यादा सख्ती बरतते हुए यह सुनिश्चित कर रहा है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है कि अगर उन्हें कहीं भी अवैध पोस्ता या अफीम की खेती की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध खेती में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## बसरिया में महाशिवरात्रि पर निकली भव्य झांकी



चौपारण। महाशिवरात्रि के अवसर बसरिया में भव्य झांकी निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवभक्ति का अनूठा उत्सव मनाया। जुलूस में भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी और भूत-गणों की भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं, जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत इस आयोजन में मुखिया मंजू देवी, मुन्ना केशरी, प्रेम प्रजापति और नितेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जुलूस के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया, और श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान शिव की आराधना की। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर प्रदान करते हैं। पूरे जुलूस मार्ग को आकर्षक ढंग से सजाया गया, वहीं श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और शीतल जल की विशेष व्यवस्था की गई। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर बसरिया का माहौल पूरी तरह से शिवमय हो गया। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे यह भव्य आयोजन शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

## बरही में खाद्य विक्रेताओं के लिए जागरूकता और रजिस्ट्रेशन कैंप, 42 को मिला लाइसेंस



बरहीः झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा-शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार बरही प्रखंड कार्यालय परिसर में स्ट्रीट फूड वेंडर, ठेला-खोमचा एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के लिए एकदिवसीय जागरूकता सह लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी द्वारा किया गया। इस कैंप में कुल 42 खाद्य विक्रेताओं को लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, ठेला-खोमचा की सफाई एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विक्रेताओं को पैकेटबंद खाद्य सामग्री खरीदते समय निर्माण तिथि, अंतिम उपयोग तिथि एवं ऋरअक लाइसेंस नंबर जांचने की सलाह दी। साथ ही, भोजन बनाते समय टोपी और मास्क पहनना अनिवार्य करने पर जोर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री जयपाल महतो ने विक्रेताओं को रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र वितरित किए। इस आयोजन में विकाश शर्मा एवं सूरज कुमार (डाटा एंट्री ऑपरेटर) का विशेष सहयोग रहा।

### ध्वजाधारी धाम में महाशिवरात्रि के दो दिवसीय महोत्सव का समापन

# लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

- स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप ने किया भजन संध्या का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल ध्वजाधारी धाम में महाशिवरात्रि को लेकर दो दिवसीय महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें दूसरे दिन लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं भक्तों की अपार भीड़ और गूंजते हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

**ध्वजाधारी धाम आस्था और पौराणिक महत्व :** महामंडलेश्वर श्री महाराज ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए ध्वजाधारी धाम के ऐतिहासिक महत्व को बताया। कहा कि यह स्थान महर्षि कर्दम की तपोभूमि है, जहां उनकी घोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें साक्षात दर्शन देकर ध्वजा और त्रिशूल भेंट किए थे। जिसके बाद यहां का नाम ध्वजाधारी धाम पड़ा। वहीं कर्दम ऋषि के नाम से कोडरमा पड़ा।

**भक्तों का उमड़ा जनसैलाब, महिलाओं और युवाओं की खास भागीदारी :** ध्वजाधारी धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों भक्त 777 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ की चोटी पर स्थित शिवलिंग तक पहुंचे और जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद मांगा। महिलाओं और युवतियों की विशेष भागीदारी देखी गई। पूरा परिसर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

**धार्मिक मेले का आकर्षण झूले, मिठाइयां और स्थानीय व्यंजन :** महोत्सव के दौरान ध्वजाधारी धाम परिसर मेले में तब्दील हो गया। वहीं झूले, खिलौनों और मिठाइयों की दुकानों पर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही तथा स्थानीय व्यंजन, चाट-पकौड़ी और प्रसाद की दुकानों ने भी श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित किया।

**महोत्सव की सफलता में इनका रहा अहम योगदान :** इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मनोज कुमार झुन्नू, जमुना यादव, अशोक यादव, गजेंद्र राम, सुभाष बर्णवाल, रामचंद्र यादव, शिवशंकर सिंह, बिपिन बर्णवाल, दिनेश बर्णवाल, मनीष कुमार, टींकू कुमार, पार्थ मिश्रा, इंद्रदेव यादव, राजकुमार साव, शशि सिंह, चंदन कुमार, मुरारी यादव, सहदेव यादव, जंक्शन यादव, सुरेश यादव, सुखदेव यादव, गोपाल यादव, गोबिंद यादव, सिकंदर साव, संदीप साव, कारू सिंह, शुभम शर्मा, उत्तम चंद्र, अंकुश सिंह, गौरी बर्णवाल, पंकज साव समेत कई श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रशासन ने रखा सुरक्षा पर विशेष ध्यान :** महोत्सव के दौरान एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह और नगर प्रशासक शंभू कुशवाहा ने विधि-व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखी। इसके अलावा, एनसीसी कैडेट्स ने भी व्यवस्था बनाए रखने में अहम योगदान दिया।

**भजन संध्या का आयोजन :** महाशिवरात्रि के शाम ध्वजाधारी आश्रम में स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों के द्वारा भव्य भजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें भजन गायक दीपक सिंह ने एक से बढ़कर एक भोलेनाथ के भजन प्रस्तुत कर मौजूद भक्तों का मन मोहा। वहीं गायक रणधीर मालाकार, गायिका चांदनी सोनकर भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। भजन मंडली में विवेक सिंह, शशि चंदेल, शशि राज, सुधीर पांडेय, प्रेम भारती शामिल थे।

# चतरा सांसद के अमर्यादित बयान पर प्रशासनिक सेवा संघ का विरोध

- काला बिल्ला लगाकर विरोध जताने का लिया फैसला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झा.प्र.से.स.) चतरा इकाई ने चतरा सांसद द्वारा कथित रूप से अमर्यादित भाषा के प्रयोग के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर विरोध जताने का फैसला लिया। संघ के अनुसार, सांसद ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया, जिसे अस्वीकार्य बताते हुए संघ ने उनकी कड़ी निंदा की है। संघ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) के तहत सोलर लाइट में अनियमितता की जांच से संबंधित एक शिकायत में सांसद ने चतरा अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में गठित जांच टीम की तुलना 'कुत्ते की रखवाली चमड़े के हवाले करने' से की। संघ ने इसे न केवल अनुचित, बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अपमान बताया। प्रशासनिक संघ ने कहा कि लोकसभा सांसद जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती। संघ ने एकमत से ऐसे पूर्वाग्रही और अनुचित बयानबाजी की निंदा की और मांग की कि सांसद अपने शब्दों को वापस लें और सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करें। अन्यथा, झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ चतरा चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।



**छवि खराब करने की साजिश : सांसद**

इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए चतरा सांसद ने आरोपों को सिरे से खारिज किया और कहा कि उन्होंने किसी व्यक्ति विशेष के प्रति कोई अमर्यादित शब्द नहीं कहा। उन्होंने इसे एक साजिश करार देते हुए कहा कि पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त विकास ही उनका लक्ष्य है। इस विवाद के बाद प्रशासनिक संघ और सांसद के बीच टकराव बढ़ सकता है। अगर सांसद ने माफी नहीं मांगी, तो संघ आंदोलन की दिशा तय कर सकता है। अब देखना होगा कि यह मामला आगे क्या मोड़ लेता है और क्या कोई समाधान निकलता है।

## शिव की बारात में निकली आर्कषक झांकी



चन्दवारा (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत नंदनगर स्थित संजीवनी अकादमी द्वारा पुलिस लाइन से महाशिवरात्रि पर आयोजित शिव बारात में आकर्षक झांकी की प्रस्तुति दिया। वहीं निदेशक संजीव कुमार ने बताया की शिव के रूप में नितीश पासवान, पार्वती के रूप में सृष्टि गुप्ता विष्णु के रूप में बलराम यादव, ब्रह्मा के रूप में शुभम कुमार, नंदी के रूप में विक्की, सिंह के रूप में रंजन, शिव गण के रूप में सत्यम, प्रिंस, केशव, आरव, राजन, आदित्य शामिल हुए। वहीं बारात में शामिल कोडरमा आरक्षी अधीक्षक भी झांकी की सराहना की। झांकी की रूप सज्जा शिक्षक रोहित गिरी ने किया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल पारम्परिक विवाह गीत गाकर शिव पार्वती की पूजा की।

## ओम नमः शिवाय के नारे से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** महाशिवरात्रि पर पूरा कोडरमा जिला समेत जिले के सभी प्रखंडों में बुधवार को शिवमय हो गया। बाबा के भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक शिवरात्रि मनायी। शिवालयों व अन्य मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किये गये। ओम नमः शिवाय से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। वहीं मरकच्चो प्रखंड के लाल नगर स्थित शिवालय से धूम-धाम से बाबा भोले की बारात निकाली गयी, भूत-बेताल के वेश में श्रद्धालु बाराती बने। बारात लाल नगर शिवालय से रात्रि 8 बजे गाजे बाजे के साथ निकली जो विभिन्न गलियों का भ्रमण करते नाचते गाते कोटवार मुहल्ला स्थित शिवालय पहुंची, जहां पूजा समिति के द्वारा बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। वहीं बुधवार रात मां गौरा के साथ बाबा भोले का विवाह हुआ, मंगल गीत गाये गये। इससे पूर्व दिन भर लोगों ने पूजा अर्चना की। सुबह पांच बजे से ही मंदिर व शिवालय भक्तों के लिए खोल दिये गये थे। संध्या में देर तक कीर्तन भजन का दौर चला।

## ओड़िया बाबा का 42वां समाधि पर्व संपन्न



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत स्थित वार्ड संख्या 9 में ओड़िया बाबा का 42वां समाधि पर्व समाधि सेवा, भजन, आरती, समाधि पूजन, सामूहिक लंगर समेत विविध कार्यक्रमों के बीच संपन्न हो गया। वहीं गुरुवार सुबह 5 बजे से ही ओड़िया बाबा की समाधि पर भक्तों की भीड़ जमा होने लगी। इस दौरान सामूहिक रूप से बाबा के भक्तों ने समाधि सेवा की। इसके बाद समाधि पर चादरपोशी का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर संध्या तक चला। वहीं सामूहिक लंगर सह सहभोज का आयोजन किया गया। मौके पर गणेश प्रसाद, शिवानंद प्रसाद, विवेक इंद्रगुरु, संजय सिन्हा, आनंद बर्णवाल, नंदकिशोर शर्मा, नरेश बर्णवाल, संजय मोदी, डॉ.बिपिन बर्णवाल, डॉ.धीरेंद्र सिंह, राखी सिंह, रंजना पांडेय, रजनी सिन्हा, लता बर्णवाल, मंजू देवी, गुड्डी बर्णवाल, बबीता देवी, मीनू छाबड़ा, राजेश छावड़ा, कुशल छावड़ा, निशांत छाबड़ा, निर्वाण छाबड़ा, रमेश छाबड़ा, रवि कुमार मौजूद थे।

## शोकाकुल परिवार से मिलकर राजद नेता ने बंधाया ढाढ़स



कोडरमा। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने मरकच्चो के महुगांय निवासी सह राजद नेता सरफुद्दीन अंसारी की धर्मपत्नी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया, साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया। इधर झुमरीतिलैया के सुभाष चौक निवासी सह राजद कार्यकर्ता विपुल केशरी की राजस्थान में हुई असामयिक मौत पर गहरा दु:ख जताया। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर विश्वास दिलाया कि बच्चों की पढ़ाई और जीविकोपार्जन के लिए हरसंभव मदद की जाएगी। वहीं राजद नेता ने कोडरमा प्रखंड के चुटियारो निवासी की संदेहास्पद कुआं में मिले शव मामले में पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से मुलाकात की। श्री यादव ने पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने को लेकर यथासंभव मदद का भरोसा दिया। वहीं उन्होंने मृतक के दिव्यांग मां को पुलिस से बातचीत कर जांच में तेजी लाने का विश्वास दिलाया। मौके पर कंचन यादव, मंटू यादव, उमाशंकर यादव, सुरेंद्र राम, यमुना यादव, सरफराज नवाज, दिलीप यादव, मुकेश साव, रंजीत साव, दीपक यादव, महेश यादव समेत पीड़ित परिवार के कई लोग मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर निकली बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात

- भूत-पिशाच बने बाराती, शिव पार्वती का हुआ विवाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** महाशिवरात्रि के पावन मौके पर बुधवार को देर शाम में प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिरों से परंपरा के अनुसार गाजे-बाजे के साथ बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गयी। इस दौरान थाना परिसर स्थित शिव मंदिर से थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गयी। बारात थाना परिसर से निकलकर ढोल, ताशे और डीजे के धुनों पर थिरकते हुए नासरगंज होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंची, जहां बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक के नेतृत्व में वधू पक्ष की ओर से बरातियों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। वहीं बारात प्रखंड मुख्यालय से पुनः उसी रास्ते से होते हुए थाना परिसर पहुंची, जहां वर-वधू दोनों पक्षों ने जलपान किया। वहीं प्रखंड के बासोडीह बाजार स्थित गणेश मंदिर, शिवपुर मंदिर से बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली गयी जो क्रमशः सकरी नदी स्थित बाबा महेश्वर धाम व बाली महादेव मंदिर पहुंची। इसके आलावे सीनियर मॉर्डन पब्लिक स्कूल के द्वारा भी भव्य शिव बारात निकाली गई। जहां शिव बारात में शामिल भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। बारात में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामाशीष चौधरी, रौशन कुमार पासवान, बृजनंदन प्रसाद, रंजीत सिंह, मनोज कुमार निराला, विकास कुमार, रामावतार चौधरी, विनोद यादव, धनजंय यादव, निशांत कुमार, नरेश यादव, निरंजन आचार्या, उमाशंकर सिंह, शम्भू यादव, भूषण सिंह, अशोक कुमार, मो. शहबाज, शिवचरण कुमार, सुरेन्द्र पांडेय समेत प्रखंड व थाना कर्मी के आलावे काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

पी-4

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत महथा खैरा के समीप बुधवार की देर शाम ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत होने व एक युवक जख्मी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार माधोपुर निवासी कन्हैया कुमार सिंह पिता सुबोध सिंह व सचिन कुमार पिता बिंदेश्वरी प्रसाद यादव ई-रिक्शा से पड़ोसी राज्य बिहार के गोविंदपुर की ओर से अपने घर माधोपुर आ रहे थे। इसी बीच महथाखैरा के समीप बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर हो गयी, जिसमें ई-रिक्शा चालक कन्हैया कुमार सिंह गभीर रूप से घायल हो गया तथा ई-रिक्शा पर सवार सचिन कुमार जख्मी हो गया। वहीं दोनों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कन्हैया कुमार सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं बाइक चालक मौके से फरार हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर पुलिस बाइक संख्या बीआर27ई-1680 तथा ई-रिक्शा संख्या बीआर27इआर-7012 को जप्त कर थाना ले गयी।

# स्वाधार फिनक्सेस संस्था ने किया वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मीरगंज रजौर में गुरुवार को भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से स्वाधार फिनक्सेस संस्था द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके तहत मीरगंज पंचायत के रजौर और पचौड़ी की महिलाओं को विभिन्न प्रकार की योजना की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर ग्रामीणों को आरबीआई द्वारा दिए गए संदेश वित्तीय अनुशासन, चिंता मुक्त जीवन का प्रचार प्रसार किया, जिसका उद्देश्य वित्तीय समझदारी.. समृद्ध नारी..था। यह कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता केंद्र के जिला प्रभारी अमनदीप गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों के बैंकिंग से जुड़े विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बचत के तरीके सुरक्षित बचत असुरक्षित बचत एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रति ग्राहकों को जागरूक करना, जिससे वह जालसाजी एवं धोखाधड़ी से बच सके। शिविर में किसानों व पीएमइजीपी लाभार्थियों को संबोधित करते हुए केसीसी ऋण, उसकी अदायगी व उद्यमिता विकास के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाकर, ग्रामीणों को वित्तीय रूप से सक्षम बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही साथ बैंक सखी के द्वारा कई महिलाओं ने बैंक में खाता भी खुलवाया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना से भी लाभ दिया गया। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रभारी रत्नेश कुमार एवं प्रशिक्षक विपिन रविदास और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और उपलब्ध सेवाओं और योजनाओं का लाभ उठाया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को बचाकर मानवता की मिशाल पेश की

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जीवन और मौत से जूझ रहे एक व्यक्ति को रक्त दान करवा कर उसके बेहतर इलाज में मदद कर मानवता की एक अनूठी मिशाल पेश की गई है। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से बीमार चल रहे पश्चिमी चंदवारा निवासी हिरामन साव की तबियत अचानक बहुत खराब हो गई, जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं चिकित्सकों के अनुसार हिरामन साव को ब्लड की आवश्यकता थी क्योंकि उसके शरीर में रक्त की मात्रा बहुत ही कम हो गई थी और उसकी हालत अत्यंत ही नाजुक हो गई थी। उक्त मरीज हिरामन साव को ब्लड उपलब्ध कराने की सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार को मिली और उन्होंने तुरंत त्वरित कार्रवाई करते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत पीएलवी मोनिका कुमारी को तत्काल उक्त व्यक्ति के लिए ब्लड की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिया। वहीं मोनिका कुमारी द्वारा सक्रियता दिखाते हुए रक्त दान करने वाले व्यक्ति की खोज की जाने लगी। इस बात की सुचना मिलते ही चेचाई निवासी सुजीत नायक ने उक्त व्यक्ति को ब्लड देने की इच्छा जाहिर की। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने तत्काल ब्लड डोनर सुजीत नायक को अस्पताल स्थित ब्लड बैंक ले जाया गया और उसके ब्लड के द्वारा सदर अस्पताल में इलाजरत व्यक्ति के उपचार में मदद की गई। फिलहाल हिरामन साव की हालत में सुधार हो रहा है तथा चिकित्सको द्वारा सदर अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। उक्त मरीज का इलाज सदर अस्पताल के डॉ.नीरज कुमार साहा की देख-रेख में किया जा रहा है तथा मरीज के साथ मरीज की पत्नी एवं बहू नैना साव उसकी मदद के लिए उसके साथ उपस्थित है।

### खबर एक नजर में

## बीडीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिमरिया।** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने गुरुवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने इंटर कॉलेज सिमरिया, किसान उच्च विद्यालय डाड़ी और राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम और परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया तथा केंद्र अधीक्षकों और प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेटों को नकलमुक्त एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालित करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन को लेकर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई। उन्होंने शिक्षकों और परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों को सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी, ताकि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## झामुमो पंचायत कमेटी का गठन, नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**सिमरिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा प्रखंड के सबानो पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संयोजक मंडली देवनंदन साहू, मलेश्वर प्रसाद साहू, प्रखंड अध्यक्ष रमन कुमार साहू और भूपेंद्र ठाकुर की उपस्थिति रही। गठित कमेटी में संतोष यादव को अध्यक्ष, मोहम्मद कुद्दूस को उपाध्यक्ष, विकास कुमार राणा को सचिव और अजय कुमार साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, शंकर भुइयां को संगठन सचिव, जबकि अनिल ठाकुर, बबलू मलिक, असीमुद्दीन, प्रदीप कुमार राणा, निरंजन शाह, खेमलाल साहू, मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी, अनूप साहू, अशोक साहू और कैलाश वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। कमेटी गठन के दौरान दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने और पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की शपथ ली। उपस्थित नेताओं ने नए सदस्यों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## गिद्धौर में पुराने बोरिंग के ध्वस्त होने से ग्रामीणों में आक्रोश, पानी संकट गहराया



**गिद्धौर।** प्रखंड के ऊपर टोला स्थित लोटर डैम के समीप सरकारी योजना के तहत लगभग आठ वर्ष पहले स्थापित बोरिंग के ध्वस्त होने से ग्रामीणों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर गिद्धौर थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, 24 फरवरी की रात लगभग 11 बजे गांव के दयाशंकर दांगी और कविंद्र दांगी द्वारा सरकारी बोरिंग के बिल्कुल समीप बिना अनुमति के दो निजी बोरिंग करा दिए गए। इसके कारण पहले से चालू सरकारी बोरिंग पूरी तरह ध्वस्त हो गया, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने गिद्धौर थाना को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। आवेदन में लगभग 47 ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं, जिसमें जयप्रकाश दांगी, सुमन देवी, मनोज कुमार, घनश्याम दांगी, ओमप्रकाश दांगी, उषा कुमारी, रानी कुमारी और संजू देवी समेत कई लोग शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह बोरिंग पूरे समुदाय के लिए पानी का मुख्य स्रोत था, जिसे स्थानीय लोगों ने अपनी लागत से सुरक्षित कर रखा था। अब इसके ध्वस्त हो जाने के बाद पेयजल संकट गहरा गया है और लोग मजबूरी में दूर-दराज से पानी लाने को विवश हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और पानी की आपूर्ति बहाल की जाए। वहीं, पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए जांच कर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## घरेलू विवाद में पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी पंचायत स्थित कुम्हारटोली में एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पचीस वर्षीय बबलू पंडित के रूप मे की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ईंट भट्टे में मजदूरी का काम करता था तथा शराब पीने की वजह से पत्नी से हमेशा कलह होता रहता था। वहीं बुधवार की रात भी इस बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया। जिसके बाद युवक घर की छत पर बने एक कमरे में जाकर अंदर से गेट बंद कर सो गया। सुबह बहुत देर तक कमरा नहीं खुलने पर घर वालों ने काफी आवाज दी लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आयी। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए जब कमरे का दरवाजा तोड़ा तो युवक को फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया। जिसे देख घर वाले काफी चीखने चिल्लाने लगे। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी और इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। घटना की सूचना मिलने पर मरकच्चो थाना के एएसआई एमएम शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पंहुचे तथा घटना की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था, घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं।

## दो बाइकों के बीच टक्कर में दो युवक घायल

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन में गुरुवार को दो बाइकों की टक्कर में बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हीरोडीह निवासी रोहित कुमार यादव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे घायल सूरज पासवान ढाबथाम रोड निवासी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न बैंकों के द्वारा ऋण जमा अनुपात वृद्धि, जिला ऋण योजना की उपलब्धि, शिक्षा ऋण, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, कृषि ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि में बैंकों की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने बैंकों के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं डीडीसी ने ऋण लक्ष्य प्राप्ति में खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों को अगली तिमाही में सुधार लाने, विभिन्न योजनाओं में योग्य लाभुकों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण देने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एलडीएम श्री निवास कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर बर्णवाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानीकेंद जंगल में बुधवार की रात्रि 8 बजे सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप घायल हो गया। वहीं घायल की पहचान मुर्कमनाय पंचायत के ग्राम योगियाटीलहा निवासी वासुदेव नाथ गोस्वामी के रूप में की गयी। घटना की सूचना गश्ती कर रहे पीसीआर को हुई। जिसके बाद गश्ती दल पुलिस ने घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक घोड़थम्भा बाजार से मछली बेचकर शाम करीब 8 बजे अपने ससुराल डोमचांच जा रहा था। मृतक अपने ससुराल डोमचांच में रहकर जीवकोपार्जन करता था।

### चतरा में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 का आयोजन

# 221 युवाओं को मिले विभिन्न कंपनियों के ऑफर लेटर

- उपायुक्त ने युवाओं को कड़ी मेहनत करने और अपने भविष्य को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा डीआरडीए प्रशिक्षण भवन, चतरा में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 1239 युवक-युवतियों का पंजीकरण हुआ, 729 को शॉर्टलिस्ट किया गया और 221 युवाओं को विभिन्न कंपनियों से ऑफर लेटर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने युवाओं को तीन महत्वपूर्ण मंत्र देते हुए कहा कि अवसर का इंतजार करना, अवसर का तलाश करना और अवसर का स्वयं सृजन करना सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आज का समय प्रतियोगिता और तकनीकी विकास का है, जिसमें पढ़ाई और कौशल विकास के माध्यम से खुद को बेहतर बनाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को कड़ी मेहनत करने और अपने भविष्य को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने रोजगार मेले को चतरा के युवाओं के लिए बेहतर भविष्य का सुनहरा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं को नौकरी मिलती है बल्कि उनके करियर को नई दिशा भी मिलती है। जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी ने कहा कि रोजगार केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह परिवार, गांव, जिला और अंततः पूरे देश के विकास में योगदान देता है। रोजगार मेले से युवाओं को न केवल नौकरी के अवसर मिलते हैं बल्कि वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक गौरव कुमार जयसवाल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जहां युवाओं ने अपनी योग्यता के अनुसार नौकरियों के लिए आवेदन किया। जेएसएलपीएस के माध्यम से 18 से 35 वर्ष की आयु के ग्रामीण युवाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, फील्ड टेक्नीशियन, वेयरहाउस पैकर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 3568 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें से 2414 युवा देशभर की विभिन्न कंपनियों में कार्यरत हैं। इस अवसर पर रोजगार क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले हंटरगंज, प्रतापपुर और चतरा प्रखंडों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उत्कृष्ट कार्य करने वाले समुदायिक समन्वयकों और जेआरपी को भी सम्मानित किया गया।

स्पीड न्यूज

## ई-रिक्शा आवंटन के लिए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

**धनबाद-कतरास।** झारखंड में ई-रिक्शा चालकों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। झारखंड रिक्शा मजदूर संघ के अध्यक्ष जुम्मन खान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नगर निगम की अनदेखी और चालकों की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। बिना ई-रिक्शा के वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।

## 24 वर्षीय युवक लापता, परिजन चिंतित

**धनबाद।** जिले के मैथन स्थित शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत भवन के समीप रहने वाले जगन्नाथ मोची का 24 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार बीते 24 फरवरी की शाम से लापता है। परिजनों ने उसे हरसंभव स्थानों पर तलाशने की कोशिश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों की शिकायत पर इस संबंध में कुमारधुबी ओपी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक की तलाश जारी है।

## धोबनी में नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ संपन्न

**धनबाद-पुटकी।** पुटकी धोबनी स्थित धण्डावर शुक्र हटिया में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ गुरुवार को वेदी पूजन, पूणार्हुति, महा आरती और भक्तिमय जागरण के साथ संपन्न हो गया।

## भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**धनबाद-पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडेमी में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर अल्मोड़ा, उत्तराखंड से 'बालप्रहरी' पत्रिका के संपादक उदय किरोला का विद्यालय में आगमन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य तापस बनर्जी और शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। संपादक उदय किरोला ने अपनी हास्य कला, वाचन शैली और प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने 'टोपीलाल की कहानी' के साथ पर्यावरण और विज्ञान से जुड़ी कहानियों के जरिए छात्रों व शिक्षकों का मन मोह लिया।

## एटक प्रतिनिधियों की बरोरा महाप्रबंधक संग वार्ता, मिला आश्वासन

**धनबाद-कतरास।** बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में एटक (ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस) के प्रतिनिधियों की महाप्रबंधक पीयूष किशोर के साथ वार्ता हुई। बैठक में जमीन से जुड़े नियोजन, मुआवजा, प्रमोशन, क्षेत्रीय अस्पताल के कायाकल्प, ठेका श्रमिकों के वेतनमान, पेंशन और मेडिकल सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महाप्रबंधक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। विसियार, संतोष रवानी, मुबारक अंसारी, दीपक गोराई और शंकर पांडे शामिल थे।

# मटकुरिया गोलीकांड: बचाव पक्ष को बहस का आदेश, 29 आरोपियों पर जारी है सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के चर्चित मटकुरिया गोलीकांड मामले में गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष द्वारा आंशिक बहस की गई, जिस पर अदालत ने पूरी बहस करने का निर्देश दिया है। यह मामला 27 अप्रैल 2011 का है, जब मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गई पुलिस टीम और आंदोलनकारियों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इस घटना में तत्कालीन एसपी आर.के. धान गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जबकि विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने जांच के बाद 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र



दाखिल किया था। इस दौरान सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, ओपी लाल, उदय सिंह और अशोक यादव की मौत हो चुकी है। वहीं, दिलीप कुमार को भगोड़ा घोषित कर उनका मुकदमा बंद कर दिया गया। मामले में 2 मार्च 2022 को आरोप तय किए जाने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में कुल 38 गवाहों का परीक्षण कराया है। फिलहाल इस केस में 29 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई जारी है, जिनमें शब्बीर आलम, धर्मवीर कुमार शर्मा, राजकुमार पासी, मन्नान मल्लिक, हुबान मल्लिक, वीरेंद्र कुमार सिंह, कुमार अभिषेक, मोहम्मद अजीम, अजय कुमार सिंह, बलदेव पांडेय, भगवान साव, ब्रजेश कुमार, वीरेंद्र पासवान, बिनोद सिंह, अरविंद कुमार सिंह और अन्य शामिल हैं। अब अदालत ने बचाव पक्ष को अपनी बहस पूरी करने का निर्देश दिया है, जिससे इस चर्चित मामले के नतीजे पर जल्द ही कोई फैसला आ सकता है।

## महेंद्र सिंह हत्याकांड : सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

**कोर्ट में पेश हुआ नक्सली साकिम दा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड मामले में जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा उर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया।

गौरतलब है कि 6 फरवरी 2005 को बगोदर से सभा कर लौट रहे महेंद्र सिंह की दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड की जांच का जिम्मा सीबीआई के स्पेशल क्राइम ब्रांच, लखनऊ को सौंपा गया था। मामले में प्राथमिकी आरसी केस नंबर 07(एस)/05(एल) दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया गया था।

इससे पहले, 14 नवंबर 2012 को गिरिडीह कोर्ट में पेशी के दौरान साकिम दा पुलिस बल पर हमला कर अपने साथियों के साथ फरार हो गया था। अब उसे अदालत में पेश किए जाने के बाद सुनवाई में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

## डोमगढ़ बेदखली मामला: पीपी कोर्ट की सुनवाई अब 18 मार्च को

खबर मन्त्र संवाददाता


**धनबाद-सिंदरी।** सिंदरी के डोमगढ़ क्षेत्र में अनधिकृत आवासों की बेदखली को लेकर पीपी कोर्ट की सुनवाई अब 18 मार्च को होगी। संपदा पदाधिकारी के न्यायालय ने इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी कर दी है। इससे पहले यह सुनवाई आज होनी थी, लेकिन पोंगल और होली पर्वों को देखते हुए तिथि बदल दी गई है।

धनबाद सांसद ढुलू महतो ने 17 फरवरी को सिंदरी में एफसीआई प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की थी। उन्होंने एफसीआई के ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत से दूरभाष पर बातचीत कर अनुरोध किया कि सिंदरी की आवास नीति में बदलाव को लेकर वे 10 या 11 मार्च को केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। उन्होंने निर्णय होने तक डोमगढ़ क्षेत्र में किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगाने की अपील की थी। माना जा रहा है कि सांसद के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए एफसीआई उच्च प्रबंधन ने पीपी कोर्ट की सुनवाई की तिथि में बदलाव किया है। डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के अध्यक्ष धीरज सिंह ने डोमगढ़ के लोगों से अपील की थी कि कोई भी व्यक्ति पीपी कोर्ट की सुनवाई में उपस्थित न हो। उन्होंने सांसद ढुलू महतो से मिलने और आगे की रणनीति तय करने की योजना बनाई है। इसके लिए उन्होंने डोमगढ़वासियों को सांसद से मुलाकात के लिए आह्वान भी किया है।

पीपी कोर्ट की सुनवाई की तारीख आगे बढ़ने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल, सभी की निगाहें आगामी 18 मार्च की सुनवाई पर टिकी हैं, जहां डोमगढ़ के अनाधिकृत आवासों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है।

एक नजर में

## जायन्ट्स सदस्य की मां का निधन, शोक सभा



शोक सभा में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के सदस्य दीपक केशरी के माता के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतका की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी, सेंट्रल कामिटी सदस्य अजयकांत पाठक, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय, विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, ध्रुव केशरी, विनोद गुप्ता, दीपक तिवारी, रवीन्द्र जायसवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

## महासचिव पद के लिए परेश तिवारी ने किया नामांकन



नामांकन कराते परेश तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव पद के प्रत्याशी वरिष्ठ अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी (सरकारी अधिवक्ता) ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद परेश तिवारी ने सभी अधिवक्ताओं से आशीर्वाद एवं समर्थन की अपील की। इस दौरान उनके समर्थकों और अधिवक्ता समुदाय के कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद परेश ने संघ के अन्य अधिवक्ताओं से मुलाकात की और चुनाव में अपना समर्थन देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता समाज की एकता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि अगर उन्हें महासचिव पद की जिम्मेदारी मिलती है, तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संघ को अधिक संगठित और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगे, जिससे सभी अधिवक्ताओं को समान अवसर और न्यायसंगत सुविधाएं मिल सकें।

## नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद-मैथन।** गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को निरसा स्थित माले पार्टी कार्यालय में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन फाउंडेशन के संयोजक लखन सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर लखन सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में आंखों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। बच्चों में मोबाइल के अधिक उपयोग से आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, वहीं बुजुर्गों में मोतियाबिंद की समस्या आम होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता को देखते हुए





फाउंडेशन ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित करने की पहल की है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गांव-गांव और पंचायत स्तर पर इस तरह के नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे, ताकि गरीब और असहाय लोगों को लाभ मिल सके। शिविर में सुबह 9 बजे से ही मरीजों की लंबी कतार देखने को मिली। इस दौरान कुल 75 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 32 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इन्हें वाहन के माध्यम से नेताजी आई हॉस्पिटल, रामचंद्रपुर ले जाया गया, जहां ऑपरेशन, दवाई, चश्मा और आने-जाने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इस शिविर में नेताजी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर आशिक राय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के संयोजक लखन सिंह, टूटन मुखर्जी, आगम राम, धीरज श्रीवास्तव, अजहर खान, दीपू दलाई और बिशू पाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। यह शिविर क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

## शिव-पार्वती मंदिर की छत ढलाई, श्रद्धालुओं ने किया श्रमदान

**धनबाद-गोविंदपुर।** जियलगढ़ा गांव में स्थित शिव-पार्वती मंदिर के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को मंदिर की छत ढलाई संपन्न हुई। इस कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रमदान कर अपनी आस्था और सेवा भावना का परिचय दिया। इस शुभ कार्य की शुरूआत समाजसेवी नंदलाल अग्रवाल ने की। मौके पर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, भाजपा नेत्री तारा देवी, पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, पूर्व मुखिया सुभाष गिरि, पंसस बबलू कुमार, तारापद कुमार, राजकुमार गिरि, राज किशोर गोप, खगेन कुमार, निर्मल कुमार, रामप्रसाद सिंह, समेत दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे और श्रमदान किया।

## गायत्री महायज्ञ का समापन



शांतिकुंज के टोली नायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मझिआंव नगर पंचायत के खजूरी गांव के मनोकामनेश्वर शिव मंदिर परिसर में 24 फरवरी से चल रहे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का 27 फरवरी बुधवार को हवन यज्ञ के साथ ही समापन हो गया एवं शांतिकुंज हरिद्वार से आई चार सदस्यीय टोली को विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में शांतिकुंज के टोली नायक व कर्मकांडी सच्चिदानन्द तिवारी, भजन गायक ललित शर्मा, तबला वादक राहुल कुमार एवं बेंजो वादक राजा कुमार को अंगवस्त्र देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर टोली नायक श्री तिवारी ने खजूरी गांव के श्रद्धालुओं को बधाई का पात्र बताया। कहा कि गायत्री महायज्ञ से यहां का वातावरण आध्यात्मिक हो गया है और जिन्होंने गायत्री परिवार की दीक्षा ग्रहण की है वे गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता गायत्री की कृपा पात्र बन गए हैं। उनका कर्तव्य बनता है कि वे युग परिवर्तन की इस बेला में गुरुदेव के सृजन सैनिक बनकर देव सत्ता स्थापित करने व सतयुग लाने में सक्रिय भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का स्लोगन है कि हम बदलेंगे युग बदलेगा, को आत्मसात करें।

## पारसनाथ पार्क में चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद-कतरास।** रामकनाली स्थित पारसनाथ (ग्रीन) पार्क में वीर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। साथ ही, पार्क में लगी स्वतंत्रता सेनानी बालगंगाधर तिलक और भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमाओं पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीकेयू नेता राजेंद्र प्रसाद राजा ने की। इस दौरान पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो, संजय महतो, श्यामल चक्रवर्ती सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अमर शहीदों को नमन किया।

## मनरेगा मजदूरों के हक पर जेसीबी से कब्जा

### अनिल चौधरी ने बताया गैरकानूनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** कांग्रेस नेता ई. अनिल चौधरी ने मनरेगा योजनाओं में जेसीबी मशीनों के प्रयोग को गैरकानूनी करार देते हुए कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि देवरी और जमुआ में सड़कों, डोभों और अन्य सरकारी कार्यों को मजदूरों के बजाय जेसीबी से कराया जा रहा है, जिससे मनरेगा के तहत रोजगार पाने वाले मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों को 100 दिनों का गारंटीड रोजगार देने के लिए शुरू की गई थी। लेकिन जब मजदूरों के लिए निर्धारित कार्यों को मशीनों से



करवाया जाता है, तो उनकी आजीविका संकट में आ जाती है। चौधरी ने कहा कि मनरेगा से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, महिलाओं को रोजगार मिलता है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरती है। यह योजना ग्रामीण से शहरी पलायन को रोकने, मजदूरी की स्थिरता बनाए रखने और लिंग आधारित वेतन अंतर को कम करने में अहम भूमिका निभाती है। लेकिन जेसीबी के बढ़ते उपयोग से ये सारे लक्ष्य अधूरे रह जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से ऐसी जगहों पर सख्त निगरानी रखने और मजदूरों के लिए तय कार्यों में जेसीबी के इस्तेमाल को रोकने की मांग की। चौधरी ने कहा कि मजदूरों को उनका हक और न्याय दिलाना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## अखिल भारतीय भुईयां समाज ने मनाई माता शबरी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति ने प्रखंड अंतर्गत अरसली दक्षिणी में माता शबरी की जयंती समारोह मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ममता भुईयां, जिला परिषद सदस्य कुमारी रंजनी शर्मा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, समाजसेवी सोना किशोर यादव, बलदेव भुईयां, धर्मदेव ऋषि ने माता शबरी के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर तथा द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर ममता भुईयां ने बताया कि शबरी जयंती फाल्गुन



उपस्थित लोग

महीने के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। हमको माता जी से प्रेरणा लेना चाहिए और अपने सनातन धर्म को समझ कर कार्य करना चाहिए। मौके पर कुंदन ठाकुर, सतीश राम, रामनाथ भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, बीडीसी शकील अहमद, मुफ्ती मोहम्मद खान, अख्तर खान, मनोज कुमार भुईया, अयोध्या भुईया, जिधन राम आदि लोग उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# महाकुंभ 2025: भारतीय रेलवे का ऐतिहासिक योगदान

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज का दौरा कर रेल कर्मयोगियों को सराहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के सफल संचालन में भारतीय रेलवे की भूमिका ऐतिहासिक रही। करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम और सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेल ने असाधारण प्रयास किए। इसी कड़ी में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज का दौरा किया और इस आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत करने वाले रेलवे कर्मयोगियों को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से उन कर्मियों की सराहना की, जिन्होंने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए चौबीसों घंटे समर्पित भाव से कार्य किया। रेल मंत्री ने प्रयागराज पहुंचकर विभिन्न रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया और रेलवे के सभी विभागों के बीच बेहतरीन समन्वय की सराहना की।

उन्होंने बताया कि रेलवे की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि इतनी विशाल संख्या में श्रद्धालुओं की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित, सुविधाजनक और व्यवस्थित रही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया और महाकुंभ के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य पड़ोसी राज्यों की सरकारों का भी आभार व्यक्त किया।

**इतिहास में पहली बार 17,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन :** महाकुंभ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने रिकॉर्ड 17,152 ट्रेनों का संचालन किया, जो नियोजित 13,000 ट्रेनों से कहीं



अधिक था। यह आंकड़ा पिछले कुंभ की तुलना में चार गुना वृद्धि को दशार्ता है। रेलवे ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 7,667 विशेष ट्रेनें चलाईं, जबकि 9,485 नियमित ट्रेनों के संचालन को भी अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से प्रबंधित किया गया। इस बार महाकुंभ में कुल 66 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें से अकेले प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 4.24 करोड़ यात्रियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया गया। इतनी विशाल संख्या को संभालने के लिए रेलवे ने न केवल अधिक ट्रेनें चलाईं, बल्कि यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं में भी ऐतिहासिक सुधार किए। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को सुव्यवस्थित रूप से संभालने के लिए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया। इन सुधारों में 48 नए प्लेटफार्मों का निर्माण, 21 नए फुट ओवर ब्रिज, 1,186 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और ड्रोन के माध्यम से निगरानी व्यवस्था शामिल थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 23 स्थायी होल्डिंग एरिया बनाए, जहां यात्रियों को सुगमता से प्रतीक्षा कराने और सही दिशा में मार्गदर्शन देने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। सूचना और संचार प्रणाली को भी सुदृढ़ किया गया, जिसमें 23 भाषाओं में सूचना बुकलेट तैयार की गई और प्रमुख स्टेशनों पर मल्टी-लैंग्वेज अनाउंसमेंट सिस्टम लागू किया गया। रेलवे ने टिकटिंग व्यवस्था को भी पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक बना दिया। प्रयागराज और आसपास के स्टेशनों पर 554 टिकट काउंटर, 151 मोबाइल यूटीएस काउंटर और दफ्र आधारित टिकटिंग प्रणाली शुरू की गई। इससे यात्रियों को टिकट बुकिंग में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई और भीड़भाड़ को नियंत्रित करने में मदद मिली।

## राधा कृष्ण वॉलीबॉल ओपन टूर्नामेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में राधा कृष्ण वॉलीबॉल ओपन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं खेल के संरक्षक श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास, विशिष्ट अतिथि अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से



उद्घाटन करते अतिथि

परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पलामू जिला के मोहम्मदगंज एवं पुलिस टीम गढ़वा के बीच खेला गया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट का टॉस मोहम्मदगंज की टीम ने जीती।

## बाइक के आमने सामने के टक्कर में दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी बगही के समीप दो बाइक के आमने सामने के टक्कर में दो लोग घायल हो गए। जिन्हे स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉ रंजन दास ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में बाईक पर सवार मकरी निवासी राकेश विश्वकर्मा, जबकि दूसरे बाईक पर सवार 12 वर्षीय लड़की रिंकी कुमारी पिता प्रमोद प्रजापति खरौंधी के नाम शामिल है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



**यह है खरकाई और स्वर्णरेखा नदी का संगम दोमुहानी सोनारी का विहंगम दृश्य। इस संगम स्थल की खोज दिसंबर 1907 में अमेरिकी विशेषज्ञ सर्वेयर सीएम वेल्ड और भारतीय श्रीनिवास राव ने की थी। स्वर्णरेखा नदी और खरकाई नदी के संगम स्थल दोमुहानी में सालोभर पानी की उपलब्धता को देखते हुए सर दोराब जी टाटा सूचना मिलने पर खुद दोमुहानी आये, और उन्होंने जमशेदपुर में एशिया का पहला स्टील प्लांट लगाने का निर्णय लिया था जो आज टाटा स्टील ग्रुप के नाम से पूरी दुनिया में ख्यात है।**

# रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई... पर नम हुई श्रद्धालुओं की आंखें

■ श्रीराम जी के राज्याभिषेक और फूलों की होली से श्रीराम कथा का शुक्रवार को होगा विश्राम, दोपहर 3 बजे कथा होगी प्रारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में सात दिवसीय संगीतमय कथा सुनाते राजेंद्र जी महाराज और प्रवचन सुनने आये श्रद्धालु।**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठे दिन गुरुवार को कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्रीधाम वृंदावन से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

स्वागत के पश्चात कथा व्यास राजेंद्र महाराज ने कथा स्थल पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के समक्ष श्रीराम कथा के छठे दिन श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग एवं भरत मिलाप का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कहा कि भरत और केवट से त्याग व भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। कथा के दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास मुख्यरूप से मौजूद रहे।

कथा व्यास राजेंद्र जी महाराज ने प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राम और भरत ने संपत्ति का बंटवारा नहीं किया बल्कि विपत्ति का बंटवारा किया। राजा दशरथ ने कैकई को वचन तो दे दिया पर उसके बाद वे निःशब्द होकर रह गए। रघुकुल की मर्यादा के लिए उन्होंने अपने प्रिय पुत्र का वियोग स्वीकार कर लिया। कथा व्यास राजेंद्र महाराज ने कुसंगति को हानिकारक बताया। कहा कि मंथरा दासी की कुसंगति के कारण ही कैकई की मति मारी गई और उसने राम के राज्याभिषेक से ठीक पहले उनके लिए वनवास मांग लिया। श्रीराम ने पिता के वचन का मान व कुल की मयार्दा रखने के लिए इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया और वन को प्रस्थान किया। इस दौरान ₹रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई₹ भजन पर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गयी। वनगमन के दौरान रास्ते में केवट ने श्रद्धा भाव से भगवान राम के पैर धोए थे। साथ ही उन्हें गंगा पार कराई। बदले में केवट ने उनसे भवसागर पार कराने का वरदान मांग लिया। भगवान के चरण धोकर केवट की पीढ़ियां तर गईं। चित्रकूट पर भगवान का आगमन हुआ यहां से भील राज (निषाद) भगवान को प्रणाम करके अपने गृह के लिए वापस हुए। मार्ग में सोकातुर सुमन्त जी को धैर्य देकर उन्होंने अवध में भेजा। सुमन्त के द्वारा रामजी का वन गमन सुनकर महाराज दशरथ ने प्राणों का त्याग कर दिया। राम विरह में प्राणों का त्याग करके अवधेश संसार में सदा के लिए अमर हो गये।

श्रीभरत का अयोध्या में आगमन हुआ। कैकयी के मांगे वरदानों के सत्य से परिचित होकर उन्होंने माता कैकयी का सदा के लिए त्याग कर दिया। कैकयी का त्याग कर भरत मां कौशल्या के भवन में आये। माता कौशल्या ने भरत जी को पूर्ण वात्सल्य प्रदान किया एवं राम वनवास और दशरथ मरण की सम्पूर्ण घटना को सुनाया। कथा में आगे वर्णन करते हुए राजेंद्र महाराज ने बताया कि श्रीभरत ने चित्रकूट यात्रा के लिए सम्पूर्ण अयोध्यावासियों को तैयार कर लिया। राजतिलक की सामिग्री को साथ लेकर गुरूदेव की अनुमति से श्रीभरत सभी को साथ लेकर भगवान की खोज में चल पड़े। भाई-भाई के प्रेम को दर्शन कराने के लिए ही श्रीराम और भरत जी के मिलन का प्रसंग आया।


## स्पीड न्यूज



### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों में बोकारो जिला निवासी मनीष कुमार उर्फ अभय (34) आसनसोल, पश्चिम बंगाल के दिनेश कुमार पिता-स्व रामचंद्र राम, कसमार बोकारो के दीपराज भट्टाचार्य उर्फ सोनु पिता-स्व श्रीमान भट्टाचार्य और कसमार के ही मंतोष महली पिता-माधव महली शामिल हैं। इनके खिलाफ वादी राघव मछुआ आरआईटी थाना ने अपने बेटे को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने के आरोप में बिष्टुपुर थाना कांड सं.-215/2024 दिनांक-29.06.2024 धारा-406/ 420/ 409/ 468/ 471/ 472 भादवि दर्ज कराया था। पूर्वी सिंहभूम एसएसपी के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक मनोज ठाकुर सीसीआर के नेतृत्व में एक एसआइटी टीम गठित की गयी। एसआइटी टीम एवं लखनऊ मिलिट्री इंटेलीजेंस के रांची महकमे से सहयोग से अरेस्ट किया गया।

### बस-ट्रक की टक्कर में एक दर्जन लोग घायल



**चांडिल।** गुरुवार को चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच 33 कांदरबेड़ा चौक में रांची से टाटा जा रही नटराज बस (जेएच 05 बीक्यू 9427) को टाटा से रांची की ओर जा रही ट्रक (जेएच 09 एबी 5503) में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बस में सवार करीब 10 से ज्यादा लोग घायल हो गये। सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी दिलशान बिरुआ घटनास्थल पहुंचे तथा सभी घायलों को इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया।

### साकची गोलचक्कर पर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित करें



**जमशेदपुर।** गुरुवार को जमशेदपुर लोकसभा से भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो से एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने साकची गोलचक्कर पर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की। इस दौरान डॉ पवन ने कहा कि आज अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस है। आज ही के दिन 1931 को वे 24 वर्ष की आयु में एल्फ्रेड पार्क वर्तमान प्रयागराज में अंग्रेजों द्वारा उनको शहीद किया गया था।

# टाटा स्टील में पहली महिला फायर-फाइटर्स बैच तैनात

■ पासिंग आउट परेड में महिलाओं ने दिखाया गजब का जज्बा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज पहली महिला फायर-फाइटर्स बैच की पासिंग आउट परेड आयोजित की, जो समावेशिता और विविधता की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज), टाटा स्टील, अत्रयी सान्याल, वाइस प्रेसिडेंट (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट), संजीव कुमार चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन और जया सिंह पांडा, चीफ लर्निंग एंड डेवलपमेंट व चीफ डाइवर्सिटी ऑफिसर ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम में टाटा स्टील के चीफ सिक्योरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन अरविंद कुमार सिन्हा ने अन्य गणमान्य अतिथियों व फायर-फाइटर्स के परिजनों के साथ मिलकर उनका स्वागत किया।

चाणक्य चौधरी ने महिला फायर-फाइटर्स का हौसला बढ़ाने और इस खास मौके पर शामिल होने के लिए परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने फायर फाइटिंग और रेस्क्यू ऑपरेशंस में आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इन उपकरणों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉक ड्रिल आवश्यक है।

अपने संबोधन में अत्रयी सान्याल ने महिला फायर-फाइटर्स को कार्य और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने परेड के दौरान उनके अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

अरविंद कुमार सिन्हा ने फ्लेम्स ऑफ चेंज पहल के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह टाटा स्टील की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान फायर सर्विसेज में सांस्कृतिक बदलाव लाने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने दर्शकों को जानकारी दी कि इन महिला फायर-फाइटर्स को जमशेदपुर स्थित फायर एंड सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर में गहन प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद उन्हें एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, कोलकाता के सहयोग से 16 सप्ताह का विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स भी कराया गया। जया सिंह पांडा ने टाटा स्टील में विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगठन की समावेशी संस्कृति को और सशक्त बनाता है। उन्होंने महिला फायर-फाइटर्स के समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

## डीसी से मिले डिमना बांध के विस्थापित शीघ्र समाधान के लिए स्मार पत्र सौंपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** डिमना बांध विस्थापित 12 मौजा के ग्रामीणों को 1942 43 में विस्थापित किया गया। उन्हें संपूर्ण मुआवजा भी आज तक नहीं मिली और न ही उनका पुनर्वास किया गया। 2009 से विस्थापित एवं विभिन्न ग्राम सभा अपने मांग के समर्थन में लगातार आंदोलनरत है। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम की अध्यक्षता में 23 दौर के त्रिपक्षी वार्ता भी संपन्न हो चुकी है। मामला निर्णायक स्थिति में भी पहुंचा है, परंतु दुख की बात यह है कि फैसला अब तक नहीं हो पाया है। बिना किसी कारण के मामले को लंबित रखा गया है। दूसरी और विस्थापित लंबे समय से फैसले का इंतजार कर रहे हैं। उक्त जानकारी एक स्मार पत्र के जरिए डीसी को देते हुए भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन ने दी है। मदन मोहन ने कहा कि अब विस्थापितों का धैर्य टूटने लगा है।शीघ्र समाधान नहीं करने पर आर पार की लड़ाई लड़ी जायगी। इसकी पूरी जवाबदेही प्रशासन और टाटा स्टील की होगी।

## मॉडल कैरियर सेंटर चांडिल के रोजगार मेला में 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते नियोजन पदाधिकारी आलोक।**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, चांडिल में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस संबंध में नियोजन पदाधिकारी आलोक टोपनो ने बताया कि रोजगार मेला में 10 स्थानीय संस्थानों के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु 109 अभ्यर्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। उन्होंने बताया कि नियोजकों द्वारा ऑन स्पॉट 17 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उक्त रोजगार मेला में भाग लेने हेतु उम्मीवारों ने भारी उत्साह दिखाया। उन्होंने बताया कि नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, चांडिल के सौजन्य से नियमित रूप से रोजगार शिविरों एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। उन्होंने रोजगार की तलाश कर रहे जिले के सभी व्यक्तियों से आह्वान किया कि भविष्य में भी रोजगार शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले एवं रोजगार प्राप्त करें। इसकी पूरी प्रक्रिया पूर्णता निशुल्क है। शिविर में यंग प्रोफेशनल यूनिस औरेया, प्रीतोश कुमार सहित नियोजनालय के सभी कर्मी एवं विभिन्न संस्थानों के एचआर मैनेजर उपस्थित रहे।

## 25 बार रक्तदान करने के लिए ब्लड सेंटर में शंकर लाल हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एच एस एम डिपार्टमेंट मे कार्य करने वाले एबी+ ब्लड ग्रुप वाले शंकर लाल गुरुवार को आनंद मार्ग के रक्तदान शिविर में 27वां बार रक्तदान किया। जमशेदपुर ब्लड सेंटर में एक परंपरा है कि 25, 50 75 एवं 100 या 100 से भी ज्यादा बार रक्तदान पूरा होने पर रक्तदाताओं को हौसला बढ़ाने के लिए सम्मानित किया जाता है। उसी तरह आज 25 बार सुरक्षित रक्तदान करने के लिए जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी एवं आनंद मार्ग के रिलीफ को-ऑर्डिनेटर सुनील आनंद ने 25 बार स्वैच्छिक रक्त दान करने के लिए टाटा स्टील के एच एस एम डिपार्टमेंट मे कार्य करने वाले शंकर लाल को मोमेंटो, पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एबी+(अइ+) ब्लड ग्रुप वाले शंकर लाल का ब्लड ग्रुप का हमेशा ज्यादा ब्लड सेंटर में आवश्यकता रहती है क्योंकि इसके रक्तदाता कम है परंतु आवश्यकता ज्यादा रहता है। शंकर लाल छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक समिति सोनारी के महासचिव भी है। आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने बताया कि जब भी 90 दिन पूरा हो जाता है तो शंकर आनंदमार्ग शिविर में आकर अपना रक्तदान करते हैं।

## आरडी टाटा चौक से सुनसुनिया गेट तक पार्क किये गये वाहनों पर जुर्माना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गुरुवार को गोलमुरी यातायात थाना टीम ने बर्मामाइंस थाना क्षेत्र के आरडी टाटा चौक से लेकर सुनसुनिया गेट होते हुए बर्मामाइंस चौक तक सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग किये गये भारी वाहनों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई कर लाल पर्ची चिपकाते हुए भविष्य में रॉन्ग पार्किंग में वाहन न खड़ा करने की चेतावनी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में कुल 45 वाहनों के विरुद्ध उक्त कार्रवाई की गई जिसमें शाम तक 10 वाहन स्वामियों से कुल 5 हजार की जुर्माना राशि जमा की। उल्लेखनीय है कि रॉन्ग पार्किंग व ड्रंक एंड ड्राइव तथा रैश ड्राइविंग के विरुद्ध अभियान गोलमुरी थाना क्षेत्र के टेल्को, सिदगोड़ा, गोलमुरी व बर्मामाइंस आदि अन्य थाना क्षेत्र में लगातार चलता रहा है। सड़क हादसे में कमी के उद्देश्य से आगे जारी रहेगा।

## चंद्रशेखर आजाद अमर रहे... के जयघोष से गूंज उठा कालीमाटी रोड

■ चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर नमन ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते अतिथि व मौजूद अन्य।**

**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीर सपूत शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर नमन परिवार द्वारा वार्षिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं, युवाओं और समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी पुण्य स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके अदम्य साहस व राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान प्रकट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा, चंद्रशेखर आजाद का जीवन हमें मातृभूमि की सेवा के लिए हर संघर्ष को स्वीकार करने की प्रेरणा देता है। उनका बलिदान हमें आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा कि नमन परिवार प्रत्येक वर्ष इस आयोजन के माध्यम से शहीदों की शौर्यगाथा को सम्मानित करता है, ताकि युवा पीढ़ी उनके बलिदान को स्मरण कर देशसेवा के प्रति समर्पित रहे।

वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने आजाद जी के जीवन को संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक बताते हुए कहा कि, देश की स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि उसे बनाए रखने के लिए भी निरंतर संघर्ष आवश्यक है। हमें आजाद जी की निःस्वार्थ देशभक्ति से प्रेरणा लेकर हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मौके पर संयोजक राजीव कुमार, साहित्यकार बलविंदर सिंह, उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष नीरू सिंह, सी.जी.पी.सी. के कुलविंदर सिंह पन्नू सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन राजू मारवाह ने किया। जिसमें भारत माता की जय और चंद्रशेखर आजाद अमर रहे के जयघोष से कालीमाटी रोड गूंज उठा।

## एक नजर में


### श्रीराम मंदिर टेल्को में महाशिवरात्रि की धूम





**जमशेदपुर।** श्री शिव शक्ति परिवार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर श्री राम मंदिर टेल्को में गुरुवार को गरीब धाम से पधारे अलोकनाथ योगी और चित्रकूट धाम से पधारे राम सलोने महाराज ने शिव विवाह प्रसंग को विस्तार से बताया। अपराह्न 2 बजे से दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि ए पी एस निम्बाडिया ने किया। स्थानीय बाल, महिला, कैलाशियों द्वारा वेशभूषा धारण कर शिव, राम, कृष्ण आदि देवताओं पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दर्शक दीर्घा तालियों की गूंज से लगातार गूंजती रही। बिहार-झारखंड समेत 13 राज्यों से पधारे 85 कैलाशियों को अंगवस्त्र, मोमेंटो आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर कैलाशी विजय शर्मा, संतोष कुमार, अजय कुमार, मीना सिन्हा, रजनी सिंह, विनोद, बालमुकुंद, उमेश मंडल, उदय, नागेंद्र रॉय आदि उपस्थित थे।

### दीघा में एनएमएल का समुद्री संक्षारण निगरानी और प्रबंधन पर द्वितीय औद्योगिक सम्मेलन आज



**दीघा।** समुद्री संक्षारण निगरानी और प्रबंधन पर बहुप्रतीक्षित द्वितीय औद्योगिक सम्मेलन (एमसीएमएम-2025) 28 फरवरी, 2025 को दीघा के एक होटल और सीएसआईआर-एनएमएल के समुद्री जंग अनुसंधान स्टेशन (एमसीआरएस) दीघा में आयोजित किया जायेगा। यह आयोजन सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली (75वां वर्ष) समारोह हेतु अति महत्वपूर्ण है। सीएसआईआर-एनएमएल के उन्नत सामग्री संक्षारण प्रभाग और कोटिंग समूह इस बहुप्रतीक्षित सम्मेलन के आयोजन का नेतृत्व कर रहा है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में समुद्री संक्षारण के क्षेत्र से उद्योग जगत के लीडर, समुद्री विशेषज्ञ, इंजीनियर, शोधकर्ता और पेशेवर एकत्रित होंगे, ताकि संक्षारण प्रबंधन, विशेष रूप से समुद्री अनुप्रयोगों में नवीनतम प्रगति और नवाचारों का पता लगाया जा सके। समुद्री क्षेत्र पर संक्षारण के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह सम्मेलन ज्ञान साझा करने हेतु, सहयोग करने और प्रभावी समाधानों के विकास करने हेतु मंच के रूप में कार्य करेगी।

### टीएसी के सदस्य बने जगत, सोनाराम और संजीव





**जमशेदपुर/ मनोहरपुर।** कोल्हान से विधायक संजीव सरदार, विधायक जगत माझी और विधायक सोनाराम सिंकु जनजातीय सलाहकार परिषद (टीएसी) के सदस्य बनाये गये है। परिषद में कुल 19 सदस्य चुने गये है। जिनमें पश्चिमी सिंहभूम जिले से जगत माझी के अलावा जगन्नाथपुर से कांग्रेस के विधायक सोनाराम सिंकू को शामिल किया गया है। जनजातीय सलाहकार परिषद (टीएसी) को आदिवासियों की मिनी विधानसभा भी कहा जाता है। परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। परिषद राज्य में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उनसे संबंधित विषयों पर निर्णय लेती है। नवगठित टीएसी में पदेन उपाध्यक्ष विभागीय मंत्री चमरा लिंडा होंगे। इसके अलावा कमेटी में विभिन्न दलों के विधायकों को शामिल किया गया है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी बतौर सदस्य शामिल हैं। टीएसी के सदस्य बनाये गये जाने पर विधायक जगत माझी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया है।

### जेएनएसी कमांड एरिया में कचरा निष्पादन और स्ट्रीट लाइट समस्या से आक्रोशित हैं प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र में नाली जाम रहने, कचरों का उठाव समय पर नहीं होने, हाईमास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट का मरम्मती समय पर नहीं होने से हो रही आम नागरिकों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए विधायक सरयू राय द्वारा मनोनित जनसुविधा प्रतिनिधियों की एक बैठक विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि, पश्चिम विधानसभा, श्री मुकुल मिश्रा की अध्यक्षता में बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर जैसे जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति से संबंधित क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं कचरा उठाव एवं हाइमास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट का मरम्मती कार्य में पदाधिकारियों के उदासीन रवैये को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। जनसुविधा प्रतिनिधि श्री मिश्रा ने बताया कि बार बार पदाधिकारियों को सूचित करने के बाद भी साफ-सफाई के कार्यों के प्रति कोई रूचि नहीं दिखाया जा रहा है जिसके कारण आम नागरिकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र से संबंधित जनसुविधा प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रसाद, स्वास्थ्य सेवा प्रतिनिधि नीरज सिंह, कदमा के प्रतिनिधि अनुज चैधरी, सोनारी के प्रतिनिधि रवि ठाकुर, बिष्टुपुर के प्रतिनिधि सन्नी सिंह उपस्थित थे।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के मध्य मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन के पश्चात हुआ। बीएड तथा डीएलएड के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम खोजों को प्रोत्साहित करने तथा छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

# दुमका : बांग्लादेशी घुसपैठिया को हजारीबाग डिटेक्शन सेंटर भेजने की मिली अनुमति

**कारा प्रशासन की अनुमति पर जेल आइजी ने लगाई मोहर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बिना पासपोर्ट के अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार की दो साल की सजा पूरी हो गई, लेकिन सुरक्षा बल नहीं मिलने की वजह से उसे गुरुवार को जेल से आजादी नहीं मिली। कारा प्रशासन के पत्र पर जेल आइजी ने उसे हजारीबाग के डिटेक्शन सेंटर भेजने की अनुमति भी प्रदान कर दी है।

अब नजमुल को शुक्रवार या फिर शनिवार को हजारीबाग भेज दिया जाएगा। केंद्रीय जेल में बंद नजमुल बांग्लादेश के खुलना दक्षिण अंचल के बगेराहाट जिले के मोरेलगंज थाना क्षेत्र के शांतिभंगा गांव का रहने वाला है। उसे 24 फरवरी 23 को साहिबगंज के तालझारी थाना की पुलिस ने उसे रेलवे स्टेशन के आउटर के पास गिरी हुई अवस्था में गिरफ्तार किया था। अगले दिन साहिबगंज के राजमहल थाना में विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ।

पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि ट्रेन में सवार लोगों ने उसे चोर समझकर फेंक दिया था। उसे भारतीय सीमा में प्रवेश कराने वाला सागर नामक भारतीय था। बांग्लादेश में उससे मुलाकात हुई थी। उसने दिल्ली में काम दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपया लेकर सिलेट सीमा के पास अवैध तरीके से सीमा पार भेज दिया। दिल्ली में कबाड़ी का काम रास नहीं आने पर ट्रेन से वापस लौट रहा था, तभी हादसा हो गया।

16 जून 2024 को संबंधित अदालत ने उसे दोषी मानते हुए दो साल और दस हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई थी। 27 फरवरी को उसकी सजा पूरी हो जाने के बाद वह जेल से रिहा होने वाला था, लेकिन सुरक्षा कारणों की वजह से उसे हजारीबाग भेजा नहीं जा सका। जबकि जेल आइजी ने उसे हजारीबाग भेजने की अनुमति प्रदान कर दी थी।

> नजमुल अब कैदी नहीं सामान्य नागरिक है। जेल आइजी ने उसे हजारीबाग के डिटेक्शन सेंटर भेजने की अनुमति दे दी है। एसपी से सुरक्षा गार्ड की मांग की है। गार्ड मिलते ही उसे शुक्रवार या फिर शनिवार को जरूर हजारीबाग भेज दिया जाएगा।
>
> **कुमार चंद्रशेखर, अधीक्षक केंद्रीय कारा, दुमका**

# दुमका : शिक्षक डॉ सपन कुमार को गुजरात के टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में किया गया सम्मानित

**भारतीय संस्कृति, मूल्यों और मातृभाषा का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अहम भूमिका : डॉ सपन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अहमदाबाद में स्थित गुजरात टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित वार्षिक उत्सव मे प्रदेश के ब्लैकबोर्ड मॉडल के जनक शिक्षक डॉ सपन कुमार (पत्रलेख) को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। डॉ सपन को गुजरात टेक्नो विवि द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवाचार के लिए ख्याति प्राप्त करने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरखा एवं अहमदाबाद के अटल ब्रिज मोमेंटो से सम्मानित किया गया। गुजरात विवि के वार्षिक कार्यक्रम का उद्घाटन दुमका जिला के जरमुंडी प्रखंड के डुमरथर विद्यालय के शिक्षक डॉ सपन कुमार ने किया। इस मौके पर गुजरात विवि के कुलपति,



**टेक्नॉलॉजी कॉलेज में सम्मानित होते डॉ सपन कुमार।**

कुलसचिव, विश्वविद्यालय के अधीन के महाविद्यालयों के प्रिंसिपल एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रोफेसर, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस मौके पर डॉ सपन ने कहा की गुजरात जैसे विकसित प्रदेश में ख्याति प्राप्त गुजरात प्रोद्योगिकी विवि द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करना एवं उन्हें जो सम्मान मिला है यह उनके लिए गर्व की बात है, इससे और भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक बदलाव हो रहा है जिसमें 5 प्लस 3 प्लस 3 प्लस 4 की अवधारणा के साथ में मातृभाषा में शिक्षा, मूल्य आधारित शिक्षा एवं अपनी संस्कृति के साथ शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अहिंसा के पुजारी के धरती पर स्थित साबरमती आश्रम वर्तमान समय में भी दुनिया भर के लोगों के लिए भारत के स्तंत्रता संग्राम में चरखा के योगदान को बता रहा है। गुजरात टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : पेड़ से लटका मिला युवक का शव

बेरमो/बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार थाना क्षेत्र के उलगडा पंचायत के हडमिता गांव स्थित साहेब जारा जंगल में एक युवक का शव बरगद के पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान राजकुमार मुर्मू (40 वर्ष), पिता बाबूलाल मांझी, निवासी लोधी ग्राम, बांनचतर टोला, थाना चतरोचट्टी के रूप में हुई है। पत्नी शीला देवी ने बताया कि वे दोनों करीब डेढ़ महीने पहले अपनी मां के देहांत के कारण ससुराल आए थे। राजकुमार यहां रहकर मजदूरी करता था। वह बीते कुछ दिनों से मोबाइल रिचार्ज कराने को लेकर नाराज था और शराब के नशे में कई बार आत्महत्या की कोशिश कर चुका था। रविवार 23 फरवरी को वह घर से निकला लेकिन वापस नहीं आया। परिवार वालों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण जंगल और नदी के किनारे उसकी तलाश कर रहे थे, तब उन्होंने बरगद के पेड़ से उसका शव लटका हुआ देखा। सूचना मिलने पर पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की हालत खराब हो चुकी थी, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। मामले की जांच जारी है।

### फुसरो मार्केट के पूर्व अध्यक्ष स्व कामेश्वर के छोटे पुत्र का निधन



बेरमो। फुसरो मार्केट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व कामेश्वर शर्मा के छोटे पुत्र 40 वर्षीय दिनकर शर्मा का निधन बुधवार की दोपहर हार्ट अटैक होने से के एम मेमोरियल अस्पताल चास में हुआ। फुसरो अपना बाजार के मालिक सह समाजसेवी स्व कामेश्वर शर्मा के छोटे पुत्र दिनकर शर्मा का पार्थिव शरीर गुरुवार को शर्मा कॉलोनी स्थित आवास पहुंचा। शव आते ही स्थानीय लोग सहित गणमान्य लोगो की भीड़ लग गई। माता ज्ञानती शर्मा, बहन पूजा शर्मा, भाई पुष्कर शर्मा सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अंतिम संस्कार के लिए फुसरो हिन्दुस्तान पुल स्थित दामोदर नदी श्मशान घाट मे किया गया। दिनकर शर्मा तीन भाईयों में सबसे छोटे थे। उनकी तीन बहनें हैं। बताया जाता है कि दिनकर शर्मा चास स्थित गुजरात कॉलोनी में रहे थे। जहां अचानक तबीयत बिगड जाने के बाद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए चास अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय, विधायक कुमार जय मंगल सिंह, कांग्रेस नेता कुमार गौरव, डॉ शंकुतला कुमार, डॉ उषा सिंह, बेरमो चेम्बर ऑफ कॉर्मस के अध्यक्ष आर उनेश, कार्यकारी अध्यक्ष पिंटू सिंह, युवा व्यवसाई संघ फुसरो अध्यक्ष बैभव चौरसिया, महारुद्र नारायण सिंह, मनोज सिंह, मित्तल, मो रियाज अंसारी, सुशांत राईका, इलियास हुसैन, अभय सिंह, राकेश शर्मा, जावेद खान, दिनेश सिंह, मो रईस, कृष्ण, संतोष सिंह, अनिल गुप्ता, महबूब आलम सहित कई व्यवसायियों ने शोक व्यक्त किया है।

### नवनिर्माण, संरचना में बदलाव करना अपराध है : नगर प्रशासक गोड्डा

गोड्डा। गोड्डा नगर पंचायत परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने एक आदेश पत्र निर्गत करते हुए कहा है कि गोड्डा नगर पंचायत परिषद गोड्डा के अंतर्गत कुल 21 वार्ड आते हैं। जिनमे किसी प्रकार का नव निर्माण या ढांचा विकसित करना बगैर अधिकृत पदाधिकारी की सूचना के बगैर निर्माण करना धारा 426 के अंदर दंडनीय अपराध है। जिसमे 1 लाख से 10 लाख तक का आर्थिक दंड चुकाना पड़ सकता है। किसी भी तरह का निर्माण करने के पूर्व प्रशासनिक अनुमति लेनी पड़ेगी, ढांचा या मकान गिराने के लिए अनुमति आवश्यक नही होगी।

**कारगली मे दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ**

# मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नही है : बेरमो एसडीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखंड के द्वारा स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की स्मृति में महिला कल्याण मंडप कारगली मे गुरुवार को विकलांगों के बीच कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का पांच दिवसीय शिविर का उद्घाटन बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ ने किया। बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ ने दर्जनो विकलांगो के बीच कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, वैशाखी, व्हील चेयर और अन्य सहायता और उपकरण प्रत्यारोपण वितरण किया। उन्होने विकलांगों को अत्यधिक खुश देखकर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची का कार्य सराहनीय है। कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई काम नही है। समिति के सेक्रेटरी नेमी अग्रवाल ने कहा कि संस्था ने



पूरे विश्व में 25 लाख दिव्यांगों का अभी तक कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण किया है। झारखंड में लगभग 10 हजार कृत्रिम अंग प्रदान किए गए हैं। जिसकी स्थापना 1975 में डी आर मेहता ने की थी। समिति के ओम प्रकाश अग्रवाल, राजू घोषी, नेमीचंद गोयल, बेरमो विधायक प्रतिनिघि उत्तम सिंह, पूर्व नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल व मजदूर नेता गणेश निषाद ने इस मानव सेवा कार्य को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर-आधारित एक गैर-लाभकारी संगठन है। यह विकलांगों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। यह कार्यक्रम 27 से 3 मार्च तक चलेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। मौके पर शिवनंदन चौहान, श्रीकांत मिश्रा, ललन रवानी, लक्ष्मण सिंह, जितेंद्र सिंह, छोटू कुमार, गिरधारी प्रसाद, अभय ठाकुर, कामोद चौहान, पिन्टू सिंह, अभय सिंह, ब्रजेश सिंह, सुदर्शन सेन आदि लोग मौजूद हुए।

# एसकेएमयू प्रशासन ने जारी किया पीजी नामांकन पुस्तिका


**पुस्तक विमोचन करते कुलपति बिमल प्रसाद सिंह व अन्य।**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने पीजी में दाखिले के लिए नामांकन पुस्तिका जारी कर दिया है। नामांकन पुस्तिका का अनावरण गुरुवार को कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ बिजय कुमार, नामांकन पुस्तिका निर्माण समिति के सदस्य डॉ नीलेश कुमार, डॉ बिनय कुमार सिन्हा एवं दीपक कुमार दास उपस्थित थे। मालूम हो कि कई वर्षों के बाद विवि की ओर से पीजी में दाखिले के लिए नामांकन जारी किया जा रहा है। नामांकन पुस्तिका में विवि के सभी पदाधिकारियों की सूची, स्नातकोत्तर विभाग के शिक्षकों की सूची, विवि का कुलगीत, पीजी दाखिला प्रक्रिया, विभिन्न विषयों में उपलब्ध सीटें, दाखिला शुल्क, सेमेस्टर परीक्षा शुल्क, छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाएं, सीबीसीएस रेगुलेशन, छात्रों एवं शिक्षकों के लिए आचार संहिता, दाखिले के पूछताछ के लिए पदाधिकारियों का मोबाइल नंबर, पिछले दीक्षांत समारोह के टॉपरों की सूची आदि शामिल है। सभी पांच पीजी केंद्रों और उपलब्ध सीटों, शिक्षकों की संख्या आदि का विवरण भी नामांकन पुस्तिका में शामिल किया गया है।

# बीएसएल में हॉट मेटल उत्पादन के नये कीर्तिमान पर डीआइ ने दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में ब्लास्ट फर्नेस संख्या 02 से 5764 टन हॉट मेटल के दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बना है। ब्लास्ट फर्नेस विभाग में चार फर्नेस परिचालन से अब तक का सर्वश्रेष्ठ 17672 टन दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का भी नया रिकॉर्ड बना है। उल्लेखनीय है कि चार फर्नेस परिचालन से जनवरी 2025 माह में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 468010 टन हॉट मेटल के उत्पादन का नया मासिक रिकॉर्ड बना था। जनवरी 2025 माह में ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01-02 और 05 से अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक 109989 टन व 141824 टन तथा 109923 टन हॉट मेटल का उत्पादन का नया मासिक रिकॉर्ड बना था। नए कीर्तिमान स्थापित किए जाने पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने अपने शीर्ष सहयोगियों के साथ पहुंचकर इस्पातकर्मियों को बधाई दी। उनसे हाथ मिलाए और मिठाई खिलाकर उनकी हौसला-अफजाई की। तिवारी ने सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस शौविक रॉय व उनकी समस्त टीम, सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा बेहतरी का यह सिलसिला आगे भी इसी प्रकार बरकरार रखने को प्रेरित किया।

# गोड्डा : महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** वीरता और साहस के पर्याय, महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के पुण्यतिथि पर गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद स्मारक स्थल पोस्ट ऑफिस चौक गोड्डा में राष्ट्रीय विभूति मंच के तत्वाधान में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंच सचिव राजेश कुमार झा ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें याद कर रहा है। उन्होंने कहा था कि दुश्मनों की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं आजाद ही रहेंगे। इस प्रण को को उन्होंने जीते जी निभाया। आज ही के दिन 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेज और उनकी पुलिस ने एक मुखबिर की मदद से चंद्रशेखर आजाद को चारों ओर से घेर लिया था आजाद ने पुलिस के अनेक सिपाहियों को धराशाई किया, जबकि आजाद को चार गोलियां लग चुकी थी। पुलिस उन्हें



जिंदा पकड़ना चाहती थी, लेकिन आजाद ने प्रतिज्ञा ली थी कि वह कभी पुलिस के पकड़ में नहीं आएंगे। जब आजाद के पास अंतिम गोली बची तो उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए वह गोली पुलिस पर ना चला कर खुद अपनी कनपटी पर मार ली और इस प्रकार 27 फरवरी 1931 को प्रातः 10:30 बजे भारत माता के इस महान सपूत ने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। आज अल्फ्रेड पार्क को आजाद पार्क के रूप में प्रयागराज में जाना जाता है। आजाद प्रखर देशभक्त थे, आजाद ने वीरता की एक नई परिभाषा लिखी थी। सुरजीत झा ने कहा कि जब मजिस्ट्रेट के सामने आजाद को प्रस्तुत किया गया मैं स्टेट में उनका नाम पूछा तो उन्होंने बताया नाम आजाद पिता का नाम स्वतंत्र मां का नाम भारत माता, घर का पता जेल खाना। ऐसे महान क्रांतिकारियों के कारण देश आजाद हुआ, हम सभी देशवासियों को क्रांतिकारियों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सैनिक बृजेश झा न भी कहा की इजरायल, जापान के नागरिकों की तरह भारतीयों को भी अपने देश और राष्ट्रीयता से प्रेम होना चाहिए। सीताराम राउत, पवन कुमार झा, मो अफरोज उर्फ गुड्डू, पवन कुमार साह, श्रवण महतो, विवेकानंद शुक्ला आदि ने भी स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# बोकारो : स्वामी सहजानंद सरस्वती का जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वामी सहजानंद सरस्वती की 137वीं जयंती स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज चास शाखा के तत्वाधान में स्वामी सहजानंद महाविद्यालय के प्रांगण में मनाई गई। मौके पर स्वामी सहजानंद सरस्वती के मूर्ति स्थल पर पूजन आराधना हवन आरती पश्चात समाज के अध्यक्ष अरुण शर्मा वरिष्ठ संरक्षक भागीरथ शर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विपिन कुंवर पूर्व प्राचार्य डॉ गुणाराम माहथा एवं डॉ विजय कुमार सहित अन्य लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया। मौके पर भागीरथ शर्मा ने कहा कि समाज सुधारक के रूप में स्वामी जी की पहल आज हम सब के लिए पथ प्रदर्शक हैं। अरुण



शर्मा ने कहा कि स्वामी सहजानंद परिवार के लोग अलग-अलग क्षेत्र में अपने कर्मों के आधार पर विशिष्ट पहचान बनाकर काम कर रहे हैं। इस कड़ी में चास बोकारो के क्षेत्र में समाज के पुरोधाओं में स्वामी सहजानंद महिला उच्च विद्यालय इंटर महाविद्यालय स्नातक महाविद्यालय पब्लिक स्कूल बीएड कॉलेज की स्थापना की है। मौके पर राकेश कुमार मधु सुबोध कुमार सिंह, अभय कुमार मुन्ना, सुनील सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजीत ठाकुर राजू राय, डॉ विपिन, डॉ गुणाराम माहथा, प्रो सत्यवान झा, प्रो नवीन कुमार, प्रो नेपाल महतो, प्रो एनके हरि, शंकर प्रसाद माहथा, नंदकिशोर सिंह, चौधरी अमरनाथ झा, सुनील चक्रवर्ती, परमेश्वर शर्मा, नवल शर्मा, डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ विजय कुमार, प्रो मुरारी सिंह, निरंजन कुमार आदि मौजूद रहे।

# जमीन खाते की त्रुटि सुधारे, पोर्टल पर करें ऑनलाइन : डीसी बोकारो

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** चास के लोगों में जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में जमीन के प्रकार को शिकमी दिखाएं जाने को लेकर नाराजगी है। यह मामला विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित और प्रसारित हुआ।

डीसी विजया जाधव ने इस मामले पर स्वत : संज्ञान लेते हुए गुरुवार को आम जनता से अपील करते हुए कहा कि उनके जमीन खाते में ऑनलाइन किसी भी प्रकार की त्रुटि है, तो वे परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें। लोग सीएससी साइबर कैफे या अंचल कार्यालय के माध्यम से परिशोधन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों को त्रुटियों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए हैं।



> >> डीसी विजया जाधव ने कहा कि लोग सीएससी साइबर कैफे या अंचल कार्यालय के माध्यम से परिशोधन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं

## एक नजर में

### पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर क्षेत्र की समस्यायें बताई



बेरमो। गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास में शनिवार को मिले। गिरिडीह लोकसभा और बेरमो विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए निदान कराने का आग्रह किया। पांडेय ने कहा कि बेरमो विस क्षेत्र में आधा दर्जन स्थानों पर करोड़ों की जलापूर्ति योजनाएं अभी तक अधूरी हैं और इसके कारण गर्मी के मौसम में लोगों को भारी परेशानी होगी। कई स्थानों पर करोड़ों रुपये की लागत से बने हेल्थ सेंटर व अस्पताल बदहाल पड़े हैं। कहीं भी एक कंपाउंडर तक नहीं है। अभी तक इन सभी हेल्थ सेंटरों व अस्पतालों का हैंड ओवर, टेक ओवर नहीं हुआ है। उन्होने कहा कि गिरिडीह व धनबाद लोस क्षेत्र के लिए गैर मजरुआ जमीन का रसीद काटने का सरकार का आदेश आया था। पहले फेज में दस डिसमिल जमीन का रसीद काटने की बात थी, लेकिन यह शुरू नहीं हुआ। पूरे बेरमो विस क्षेत्र में दामोदर के अलावा अन्य नदी के घाटों से धड़ल्ले से अवैध बालू का उठाव हो रहा है। बेरमो अनुमंडल में चोरी की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसका उद्भेदन कर पाने में पुलिस विफल है। सीएम ने समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

### बेरमो : झारखंड शिव मंदिर मे अखंड हरिकीर्तन समापन पर भंडारा का आयोजन



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली फिल्टर प्लांट के समीप झारखंड शिव मंदिर मे शिवरात्री के अवसर पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया जो गुरूवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। हरे रामा हरे रामा, रामा, रामा हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे का जयकारा लगा। पुजारी विद्या शंकर पांडे ने बताया कि कीर्तन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया।

### संगीत नाटक अकादमी छऊ केंद्र में नृत्य महोत्सव का आयोजन



बोकारो। कला संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार अधीनस्थ संगीत नाटक अकादमी छऊ केंद्र चंदनकियारी द्वारा महाशिवरात्रि छऊ नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन छऊ सलाहकार समिति के सदस्य हराधन महतो सहित दिलीप जेना विजय कुमार आशुतोष कुमार छऊ गुरु राखो बाउरी ने किया। कार्यक्रम में शिव के अनेक रूपों को दर्शाते हुए शिव-पार्वती विवाह पर आधारित मालाओं को सरायकेला पुरुलिया एवं चंदनकियारी के दलों ने अपने-अपने मुख्य भूमिकाओं द्वारा संपन्न किया। केंद्र के संयोजक डॉ संजय के मार्गदर्शन अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के सभी कर्मियों सहित अन्य का योगदान रहा।

### रेशम बोर्ड उत्पादन में एएन कॉलेज के हिन्दी विभाग छात्रों ने कार्यशाला में लिया भाग




दुमका। केंद्रीय रेशम बोर्ड क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र द्वारा गुरूवार को खूंटा बांध स्थित कार्यालय भवन में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में हिन्दी समृद्ध एवं वैज्ञानिक भाषा है। दैनिक कामकाज, पत्र लेखन, आवेदन, पर्व त्योहारों पर हिन्दी में शुभकामना देते हुए हिन्दी भाषा को वैश्विक भाषा बनाने का संकल्प लें। जिसमें एएन कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अन्हद लाल ने हिंदी की उपयोगिता और इसकी प्रगति के बारे में भाषण दिया। साथ ही केंद्रीय रेशम बोर्ड के क्षेत्रीय इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारियों को व्यवहारिक हिंदी व्याकरण, हिन्दी साहित्य का इतिहास, राष्ट्रभाषा, राजभाषा, सम्पर्क भाषा एवं कार्यालयी भाषा के बारे विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन विभाग के वैज्ञानिक डॉ शांताकार गिरि ने किया। इस अवसर पर अतिथि वक्ता कॉलेज के जन्तु विभागाध्यक्ष डा रबिउल इस्लाम हिंदी भाषा पर शोध कार्य करने एवं समस्याओं के समाधान बताया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले पदाधिकारीयों में प्रवीण कुमार गोराई, शिवनंदन शर्मा, शिवम कुमार आदि ने भाग लिया।

### नाबालिग का अपहरण के मामले में बिहार के समस्तीपुर का युवक गया जेल

दुमका। नाबालिग का अपहरण के मामले में नगर थाना पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के समस्तीपुर जिला के नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-11 निवासी राहुल राज है। नगर थाना पुलिस आरोपी को 5 मई 24 को दर्ज मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजी है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक दुमका नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग का अहपहरण करने के प्राथमिकी नाबालिग के पिता ने दर्ज कराया था। जिसमें बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस मामला दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गई थी। मालूम हो कि आरोपी युवक पूर्व से शादी सुदा है। इससे पहले भी नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में करीब आठ माह जेल में रह चुका है। जेल से जमानत पर रिहाई के बाद पुनः आरोपी युवक नाबालिग को भगा ले गया। मामले में पुलिस एक अन्य मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कर जेल भेजी थी। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक इससे पहले भी कई महिलाओं से शादी कर चुका है। इससे पहले तीन महिला को पत्नी बना तलाक देने का मामला सामने आया। चौथी पत्नी से एक बच्चा भी है। बच्चे को ऑन लाईन पेटिंग और क्लासेस के चक्कर में आरोपी नाबालिग किशोरी को प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद फेसबुक समेत अन्य ऑनलाईन माध्यम से दोनों में प्रेम संबंध बना। इसके बाद आरोपी युवक नाबालिग को लेकर फरार हो गया।

### केबी कॉलेज बेरमो को मिला जिला राष्ट्रीय युवा संसद 2025 बोकारो व धनबाद जिले की मेजबानी



बेरमो। राष्ट्रीय सेवा योजना की एडवाइजरी कमिटी की बैठक गुरुवार को प्राचार्य की अध्यक्षता में प्राचार्य चैंबर में सम्पन्न हुई। जिसमें युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से के बी कॉलेज बेरमो को जिला राष्ट्रीय युवा संसद 2025 कार्यक्रम किए जाने को मेजबानी मिली। के बी कॉलेज बेरमो को बोकारो एवं धनबाद दो जिलों की जवाबदेही दी गई है। माय भारत पोर्टल युवा में के अठारह से पच्चीस वर्ष के युवा अपना पंजीयन विषय आपके लिए विकसित भारत का क्या अर्थ है कर एक मिनट की वीडियो अनिवार्य रूप से अपलोड करनी है। इसके लिए नौ मार्च तक का समय दिया गया है। बोकारो एवं धनबाद जिले के सभी सरकारी एवं स्थाई मान्यता प्राप्त महाविद्यालय, स्नातकोत्तर विभाग, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के युवा पंजीकरण करवाएंगे। नौ मार्च को अपराह्न 12 बजे के बाद अपलोड किए गए वीडियो की स्क्रीनिंग करके के बी कॉलेज बेरमो दो दिवसीय चयन प्रक्रिया अपनाएगी। 150 लोगों का चयन करके दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर दस प्रतिभागियों की सूची राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नामित कर भेजी जाएगी। इसके बाद राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया अपनाएगी जाएगी। 28 से 30 मार्च तक देश स्तर की प्रतियोगिता नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर आज के बी कॉलेज बेरमो में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में एन एस एस एडवाइजरी कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद 2025 के कार्यक्रम का सफल आयोजन हेतु आज बैठक बुलाई गई थी। एडवाइजरी कमिटी के बैठक में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, कार्यक्रम पदाधिकारी सह सदस्य सचिव डॉ प्रभाकर कुमार, सदस्य प्रो गोपाल प्रजापति, जिले के युवा खेल पदाधिकारी गौरव कुमार, रविंद्र कुमार दास, सदन राम आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक बबीता ने किया बगियारी में सौंदर्यीकरण निर्माण का शिलान्यास



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड अंतर्गत टांगटोना पंचायत के बगियारी के कब्रिस्तान में अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मद से योजना सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास गोमिया की पूर्व विधायक बबीता देवी ने किया। शिलान्यास के दौरान बबीता देवी ने कहा कि पांच वर्षो में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा।बगियारी कब्रिस्तान सौंदर्यीकरण के लाभुक समिति के नजमुल होदा अध्यक्ष हसन अंसारी सचिव व गुलाम खाजा कोषाध्यक्ष है। मौके पर टांगटोना पंसस प्रिया देवी, सिकंदर कपरदार, गुलजार अंसारी, दिवाकर प्रमाणिक, संजय महतो, बब्लू अंसारी, हसन अंसारी, कुलदीप करमाली, मिथिलेश जायसवाल, कमरूल होदा, सोहेल, कलीम, सनोवर, बसंती देवी, तनवीर आलम, अलटु, मोबिन, शौकत, राजेश टुडू, बेलाल, हरजीवन, हरेंद्र, श्यामलाल मांझी, हराधन ठाकुर, राजाराम, विशेश्वर आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अक्षरा सिंह का नया होली गीत जोगीरा सा रा रा हुआ रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का नया होली गीत ह्यजोगीरा सा रा रा रिलीज हो गया है। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में होली की धूम शुरू हो गई है, और इसी कड़ी में अक्षरा सिंह का नया होली स्पेशल गाना जोगीरा सा रा रा रिलीज होते ही धमाल मचा रहा है। इस गाने में पहली बार अभिनेता विशाल आदित्य सिंह और अक्षरा सिंह की जोड़ी दिख रही है ।इस गाने को अक्षरा सिंह ने सुगम सिंह के साथ गाया है और इसे बॉलीवुड स्टाइल में फिल्माया गया है।

## पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार

**वेटिकन सिटी।** पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं। उनकी किडनी संबंधी समस्या में कुछ कमी आई है। हाल ही में किए गए सीटी स्कैन में साफ हुआ है कि उनके फेफड़ों की सूजन में मामूली कमी आई है। रक्त परीक्षण के परिणाम पर अच्छे रहे हैं। दोपहर में उन्होंने कुछ कामकाज भी निपटाया। पिछली रात किए गए छाती के सीटी स्कैन में फेफड़ों की सूजन की खत्म होने पर सामान्य प्रगति देखी गई। आज किए गए रक्त परीक्षण और सुधार की पुष्टि हुई है।

## दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष बने बिष्ट

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुस्तफाबाद के विधायक मोहन सिंह बिष्ट गुरुवार को दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष चुने गये। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्री बिष्ट को उपाध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव पेश किया जिसका कैबिनेट मंत्री मनजिन्दर सिंह सिरसा समर्थन किया।

## भोजपुर : ट्रक व ऑटो में टक्कर, चार की मौत

**आरा ।** बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। ऑटो पर सभी सवार लोग गुप्ता धाम से एक बच्चे का मुंडन करा कर वापस गांव लौट रहे थे। मृतकों की पहचान वैशाली जिले के फतेहपुर थाना राघोपुर नौका पट्टी निवासी मनोज महतो का पुत्र अजित कुमार, वैशाली जिले के छवासिया की सुहागी देवी, पटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर निवासी सुहाग्या देवी और सिरातिया देवी के रूप में हुई है।

## रेलवे मैनुअल में करेंगे स्थायी सुधार : वैष्णव



**महाकुंभ नगर।** महाकुम्भ के समापन के बाद रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों का प्रोत्साहन करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार सुबह प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। यहां उन्होंने ऑब्जर्वेशन रूम, कंट्रोल टावर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में मिली सीख के आधार पर रेलवे मैनुअल में स्थायी सुधार किए जाएंगे। वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही।

# पत्रकारों ने सेंट्रलाइज्ड क्राउड मैनेजमेंट समेत कई पहलुओं की ली जानकारी

## पीआइबी के सौजन्य से झारखंड के संपादकों का महाकुंभ टूर,कई अनुभवों को किया साझा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पत्र सूचना कार्यालय के सौजन्य से झारखंड के चार पत्रकारों का एक दल महाकुंभ का दौरा कर बुधवार को वापस लौटा। पत्रकारों का यह दल रविवार शाम कुंभ के लिए रवाना हुआ था। इनमें खबर मंत्र के निदेशक सौरभ कुमार, पत्रकार अमरकांत, दीपक ओझा व राजेश तोमर शामिल थे। इस दल के कंडक्टिंग ऑफिसर के रूप में पत्र सूचना कार्यालय, रांची के कार्यालय प्रमुख तथा भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी राजेश सिन्हा थे।

प्रयागराज पहुंचने के बाद पत्रकारों ने पहले दिन सभी ने संगम घाट पर जाकर वहां के स्थिति का मुआयना किया। फिर प्रयागराज किले के ऐतिहासिक महत्व को समझने के लिए किले के अंदर बने सरस्वती कुंभ गए। उसके बाद विभिन्न मंदिरों का दौरा कर उसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक



प्रयागराज संगम घाट का निरीक्षण करते खबर मंत्र के निदेशक सौरभ कुमार व अन्य।

महत्व को समझा। पहले दिन शाम को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत महाकुंभ मेला क्षेत्र में बने कला ग्राम का दौरा किया, जिसमें देशभर से आए कलाकारों का प्रदर्शन पूरे कुंभ के दौरान चलता रहा। इसमें हस्तकला, शिल्प कलाकारी के अलावा संगीत नृत्य और पुस्तक प्रकाशकों के द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी जिनमें नाट्यशास्त्र जैसी बहुत ही महत्व की पुस्तकें थी। इसी कला ग्राम में भागीरथी नदी के उद्गम की पौराणिक कथा का ऑडियो विजुअल शो को भी सभी ने देखा जो अपने नई तकनीक की वजह से काफी प्रभावशाली लगा। दूसरे दिन सभी पत्रकारों ने विभिन्न आश्रमों का दौरा किया जिनमें पायलट बाबा आश्रम भी शामिल था। यहां उन्होंने आश्रम के शंभू सरकार बाबा से सनातन धर्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और आश्रम द्वारा योग, ध्यान, हवन जैसे

**पत्रकारों ने कई मंदिरों का दौरा कर उसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को समझा**

विषयों पर चर्चा की और उनके द्वारा सनातन धर्म के लिये देश- विदेश में किए जा रहे प्रचार प्रसार पर जानकारी हासिल की।

पत्रकारों ने मेला प्राधिकरण के कार्यालय में जाकर सेंट्रलाइज कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में पूरे मेला प्रबंधन के रियल टाइम टेक्नोलॉजी का निरीक्षण किया और उसके विभिन्न पहलुओं की जानकारी हासिल की। उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पत्रकारों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन टेक्नोलॉजी के मदद से किये जा रहे कार्यों को बताया।

इसके बाद भारत सरकार के द्वारा कुंभ के डिजिटल एक्सपीरियंस कैंप में जाकर महाकुंभ के उद्गम और उसके महत्व पर पौराणिक कथा के आधार पर बनाई गई ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन को देखा। पत्रकारों के दल ने इस दौरान कई आम लोगों से मुलाकात करके महाकुंभ प्रबंधन के विभिन्न पक्ष के बारे में उनकी प्रतिक्रिया ली। साथ में गए अधिकांश पत्रकारों ने कुंभ प्रबंधन को लेकर प्रशासन की तारीफ की।

## महाकुंभ में लगे स्वच्छताकर्मियों व स्वास्थ्यकर्मियों को 10 हजार बोनस

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुम्भ में काम करने वाले स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ स्वच्छ कुंभ कोष से बीमा प्रमाणपत्र प्रदान किया और उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल से प्रदेश सरकार कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें मिनिमम वेज नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर स्वच्छताकर्मी व स्वास्थ्यकर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं का स्वच्छताकर्मियों व स्वास्थ्यकर्मियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

# नाटो में शामिल होने के लिए भूल जाये यूक्रेन : ट्रंप

## दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा करने की पूरी कोशिश करेंगे : राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के बारे में भूल जाये और वह यूक्रेन को रूस से यथासंभव अधिक जमीन दिलाने की कोशिश करेंगे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के अंदर अपने कैबिनेट सदस्यों की बैठक बुलाने से पहले संवाददाताओं से कहा कि नाटो, आप इसके बारे में भूल सकते हैं। मुझे लगता है कि संभवतः यही कारण है कि पूरी घटना शुरू हुई। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी तब की जब उनसे पूछा गया कि वह रूस के साथ बातचीत की मेज पर क्या रियायतें देखना चाहेंगे। ट्रंप यूक्रेन और मॉस्को के बीच तीन साल से चल रहे संघर्ष के लिए शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह यूक्रेन को रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्र को यथासंभव वापस



देने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हम दोनों पक्षों के लिए सबसे अच्छा सौदा करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन यूक्रेन के लिए, हम एक अच्छा सौदा करने के लिए बहुत मेहनत करने जा रहे हैं ताकि वे जितना संभव हो उतना वापस पा सकें। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूक्रेन नाटो का सदस्य बन सकता है तो वह राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हैं।

## कोर्ट ने दो अरब डॉलर की विदेशी मदद के आदेश पर लगायी रोक

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने बुधवार को ट्रंप प्रशासन को आधी रात तक दो अरब डॉलर की विदेशी सहायता का भुगतान करने के आदेश पर रोक लगा दी।

ट्रंप प्रशासन ने दावा किया था कि वह निचली अदालत की तय की गई सीमा पर भुगतान करने में असमर्थ है। सीएनएन की खबर के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत में पहुंचा यह मसला कार्यकारी शाखा के भीतर शक्ति को मजबूत करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक प्रयासों के साथ न्यायाधीशों को टकराव की राह पर ले जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश रॉबर्ट्स का आदेश मामले में उठाए गए अंतर्निहित प्रश्नों का समाधान नहीं करता। बल्कि, इसने अदालत को मामले में लिखित दलीलों की समीक्षा करने के लिए कुछ दिन का समय देने के लिए प्रशासनिक रोक लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश ने प्रशासन पर मुकदमा करने वाले समूहों से शुक्रवार तक जवाब देने को कहा। ट्रंप प्रशासन आधी रात की समय सीमा से कुछ घंटे पहले बुधवार देररात सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और न्यायाधीशों से तुरंत कदम उठाने का आग्रह किया। पिछले महीने पदभार संभालने के बाद ट्रंप दूसरी बार न्यायालय पहुंचे हैं। ट्रंप से संबंधित एक और लंबित मामला राष्ट्रपति द्वारा विशेष वकील के कार्यालय में नेतृत्व को बर्खास्त करने से संबंधित है।

## मणिपुर में तीन सौ से ज्यादा लोगों ने हथियार के साथ किया समर्पण

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील का स्थानीय लोगों पर दिखा है। राज्यपाल की हथियार सरेंडर करने की चेतावनी के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यभर में 307 अवैध हथियार लोगों ने सरेंडर कर दिए ।इसे राज्य में शांति बहाल होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गुरुवार को प्रथम मणिपुर राइफल्स (एमआर) ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मैतेई युवा समूह अरामबाई तेंगोल के युवा अपने अवैध हथियार लेकर पहुंचे और अधिकारियों के सामने हथियारों को सरेंडर किया। उनके साथ कई महिला समर्थक भी मौजूद रहीं। यहां कुल 246 हथियार सरेंडर किए गए, घाटी और पहाड़ी जिलों में कई स्थानों पर 61 और हथियार सरेंडर किए गए। ग्राउंड पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। यह सामूहिक हथियार सरेंडर का यह आयोजन राज्यपाल भल्ला की ओर से चेतावनी की सात-दिवसीय समय सीमा के अंतिम दिन किया गया है। इनमें से अधिकांश हथियार लोगों से लूटे गए थे।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलते पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह।

## बिहार में नये मंत्रियों को विभाग आवंटित

**संजय सरावगी को राजस्व एवं भूमि सुधार, राजू सिंह को पर्यटन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कैबिनेट में शामिल हुए सात नए मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश ने भाजपा कोटे से शामिल सातों विधायकों को विभाग अलॉट कर दिए हैं। संजय सरावगी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सुनील कुमार को वन एवं जलवायु परिवर्तन, राजू कुमार सिंह को पर्यटन विभाग, मोतीलाल प्रसाद को कला संस्कृति एवं युवा विभाग, जीवेश कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग, विजय मंडल को आपदा प्रबंधन विभाग, मंटू सिंह को सूचना प्रोद्योगिकी मिला है। बिहार सरकार में पहले से ही मुख्यमंत्री को लेकर 30 मंत्री थे। एक मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफा दे दिया और 7 नये मंत्रियों ने शपथ ली। भाजपा कोटे के सात में से चार मंत्री ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। नवनियुक्त मंत्री डॉ सुनील कुमार, संजय सरावगी, कृष्ण कुमार मंटू, जीवेश कुमार एवं राजू कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात उनके आवास एक अन्ने मार्ग पर की।

## वक्फ में बदलावों को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वक्फ संशोधन विधेयक में हाल ही में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा सुझाए गए बदलावों को मंजूरी प्रदान कर दी है। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद यह विधेयक संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग में चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया जाएगा। इसमें अधिकांश बदलावों को शामिल किया है, जिसकी सिफारिश भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी ने 19 फरवरी को की थी। बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च से शुरू होगा। जेपीसी पर रिपोर्ट 13 फरवरी को संसद के दोनों सदनों में पेश की गई। समिति की कार्यवाही के दौरान पेश किए गए 44 संशोधनों में से पैनल ने एनडीए सदस्यों द्वारा सुझाए गए 14 बदलावों को मत विभाजन के जरिए स्वीकार किया था।



मैहर में मां शारदा के दर्शन करने पहुंची विश्व की सबसे छोटी महिला ज्योति किशन। जिनकी हाइट 62.8 सेंटीमीटर है। पुलिसकर्मी ने लिया सेल्फी।

## गाजा में फिर युद्ध छिड़ने की आशंका

**तेल अवीव।** हमास और इजराइल के बीच संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली के बीच गाजा पट्टी के आसमान पर अशांति के बादल मंडराने लगे हैं। इजराइल के किसी भी परिस्थिति में फिलाडेल्फी गलियारे से बाहर नहीं जाने की घोषणा से गाजा पट्टी में फिर संघर्ष छिड़ने की आशंका तेज हो गई है ।हमास ने सशस्त्र शाखा के लिए नए कमांडरों की नियुक्ति की है। एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि इजराइल फिलहाल गाजा में फिलाडेल्फी कॉरिडोर को नहीं छोड़ेगा। यह कॉरिडोरमिस्र के साथ गाजा की दक्षिणी सीमा तक है। इसकी लंबाई 14 किलोमीटर है। स्थानीय निवासी इसे सलाह अल-दीन अक्ष कहते हैं। इजराइल के किसी भी परिस्थिति में फिलाडेल्फी गलियारे से बाहर नहीं जाने की घोषणा के बीच हमास ने भी सामरिक क्षमता को सुदृढ़ करना शुरू कर दिया है।

# बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से

## सोमवार को पेश होगा बजट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानमंडल का बजट सत्र 28 फरवरी यानी शुक्रवार से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा और उसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट भी पेश होगी। एक और दो मार्च को शनिवार-रविवार होने की वजह से सदन की कार्यवाही नहीं होगी। 3 मार्च को बिहार सरकार 2025-26 वित्तीय वर्ष का बजट पेश करेगी। बजट सत्र में दो दिन राजकीय विधेयक के लिए भी समय रखा गया है।

पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान केंद्रीय सभागार में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करेंगे। शोक प्रस्ताव के साथ पहले दिन की कार्यवाही समाप्त होगी। चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के बाद सरकार का जवाब होगा। 5 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा के बाद 6 मार्च को फिर बजट पर चर्चा होगी और फिर



सरकार का उत्तर होगा। 6 मार्च को ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक बजट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 7 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के अनुदान पर चर्चा होगी और मतदान होगा।

8 मार्च और 9 मार्च शनिवार-रविवार होने के कारण कार्यवाही नहीं होगी। 10 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। उसी दिन विनियोग विधेयक भी सरकार पेश करेगी। 11 मार्च से 13 मार्च तक वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के अनुदान मांग पर चर्चा और मतदान होगा। 14 मार्च से 16 मार्च तक बैठकें नहीं होगी। इसमें होली की भी छुट्टी शामिल है। 17 मार्च से 21 मार्च तक वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और सरकार का उत्तर आयेगा।

24 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और सरकार का उत्तर आयेगा। 25 मार्च को राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य होंगे। 26 मार्च को

**▸▸ चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के बाद सरकार देगी जवाब**

गैर सरकारी सदस्यों के संकल्प पर चर्चा होगी। 27 मार्च को राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। 28 मार्च को गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा होगी।

**सत्र में 19 दिनों का कार्य दिवस :** राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दो कार्य दिवस होंगे। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा के लिए दो कार्य दिवस होंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा और सरकार के उत्तर के लिए एक कार्य दिवस होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के विभिन्न विभागों के अनुदान पर चर्चा और विनियोग विधेयक पर 10 कार्य दिवस होंगे। गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा के लिए दो कार्य दिवस होंगे। राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य के लिए दो कार्य दिवस निर्धारित किया गया है।

## कोयला खान नीलामी के लिए मुंबई में रोड शो आज

**नयी दिल्ली।** कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसरों और कोयले के व्यावसायिक खनन के लिए प्रस्वावित नीलामी पर रखे जाने वाले कोयला-प्रखंडों की संभावित निवेशकों को जानकारी देने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने जा रहा है।

मुंबई के ताज महल पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव रूपिंदर बरार और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वहां रहेंगे। मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में कोयला खनन, तकनीकी प्रगति, सर्वोत्तम और दीर्घकालीन प्रथाओं में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारक, अग्रणी उद्यमी और निवेशक शामिल होंगे।